वर्ष 72 ▸ अंक 246 ▸ पृष्ठ 12+8=20
रीवा, बुधवार 04 जून, 2025
ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 09, विक्रम संवत् 2082
नगर ▸ मूल्य 5 रुपए
आज के अंक के साथ सत्यकथा

# दैनिक जागरण

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
www.dainikjagranmpcg.com

> ऊंचाई पर वे ही पहुंचते हैं, जो बदला लेने की नहीं, बदलाव लाने की सोच रखते हैं।
> – ओशो

## आज रीवा आयेंगे मुख्यमंत्री मोहन यादव



**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 4 जून को रीवा जिले के मनगवां विधानसभा क्षेत्र के गंगेव आएंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव रीवा के गंगेव में आयोजित महिला स्वसहायता समूह के सशक्तिकरण सम्मेलन में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ यादव सुबह 11.55 बजे भोपाल से वायुयान से प्रस्थान कर दोपहर 12.30 बजे डुमना एयरपोर्ट जबलपुर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री जबलपुर से हेलीकाप्टर द्वारा दोपहर 12.35 बजे प्रस्थान कर 1.30 बजे उमरिया जिले के पाली पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 3 बजे पाली से हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर दोपहर बाद 3.45 बजे हेलीपैड गंगेव पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री गंगेव स्टेडियम में आयोजित विशाल महिला स्वसहायता समूह सशक्तिकरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर कन्या पूजन और दीप प्रज्वलन कर महिला स्वसहायता समूहों के सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे।

### भोपाल में नेता प्रतिपक्ष ने की कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान की शुरुआत

# ट्रंप के फोन पर नरेन्द्र हो गए सरेंडरः राहुल गांधी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि देश में दो तरह की विचारधारा चल रही है। एक संविधान को मानने वाली कांग्रेस की विचारधारा और दूसरी आरएसएस की विचारधारा, जो संविधान को मानती ही नहीं और संविधान को खत्म करना चाहती है। मैं भाजपा और आरएसएस वालों को अच्छी तरह से जानता हूं, इन्हें थोड़ा सा धक्का मारो, तो ये डर जाते हैं। ऑपरेशन सिंदूर में ट्रंप के फोन पर नरेन्द्रर सरेंडर हो गए और जी हुजूर कर ट्रंप के इशारे का पालन किया।

राहुल गांधी मंगलवार को अपने भोपाल प्रवास के दौरान रविन्द्र भवन में संगठन सृजन अभियान की शुरुआत के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इतिहास इस बात का गवाह है कि आरएसएस के लोग हमेशा झुकते हैं। उधर से ट्रंप ने एक इशारा किया, फोन उठाया, कहा-मोदी जी क्या कर रहे हो और नरेन्द्र, सरेंडर हो गए। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि भारत ने वर्ष 1071 में अमेरिका की धमकी के बावजूद पाकिस्तान को तोड़ा था। कांग्रेस कार्यकर्ता सुपर पावर से लड़ते हैं, झुकते नहीं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि देश में दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों की आबादी करीब 90 फीसदी है, लेकिन इनकी भागीदारी नहीं है। ऐसे में आज दो तरह के हिन्दुस्तान बन रहे है, एक 90 प्रतिशत वालों का तो दूसरा कुछ चुने हुए लोगों का। ऐसे में हम सुपर पावर बनने की चाहे कितनी भी बातें क्यों न करें, कितने भी दावे क्यों ने किए जाएं, पर ये तभी संभव है, जब हिन्दुस्तान अपनी पूरी ताकत का उपयोग करेगा। राहुल गांधी ने कहा कि बिहार में अधिकारियों ने किसी दलित, आदिवासी, पिछड़े, सामान्य जाति या अल्पसंख्यक से सवाल पूछे बिना ही सर्वे कर लिया।उन्होंने कहा कि इस समय एक बहुत बड़ा वर्ग न कॉरपोरेट जगत में है, न प्रशासन में। दलितों-पिछड़ों के लिए जो लोग फैसले लेते हैं, वे इन वर्गों से ताल्लुक ही नहीं रखते, जिससे समाज का समग्र विकास नहीं हो पा रहा है।

(कृपापात्र नहीं बनेंगे पदाधिकारीः पेज-2 पर)

> देश की संसद में मैंने वादा किया था कि कुछ भी हो जाए, जातिगत जनगणना लोकसभा और राज्यसभा में पारित होगी और सरकार को इसके लिए बाध्य होना पड़ा। देश में जातिगत जनगणना के दो मॉडल हैं। एक तेलंगाना का मॉडल तो दूसरा बिहार का मॉडल। तेलंगाना में हमने लाखों लोगों से सवाल पूछा। हमारी इस प्रक्रिया में वहां के साढ़े तीन लाख से ज्यादा लोगों से मिलकर सवाल निकाले गए। वहां के अधिकारी हर घर पहुंचे और सर्वे से जुड़े सवाल पूछे। इससे हमें पता चला कि प्रदेश में कॉरपोरेट सेक्टर के बड़े पदों पर एक भी दलित, आदिवासी या पिछड़े वर्ग का व्यक्ति नहीं था।
> - **राहुल गांधी**, नेता प्रतिपक्ष



### अडानी-अंबानी चीन का माल बेच रहे

राहुल गांधी ने कहा कि देश का पूरा धन कुछ चुनिंदा लोगों के हाथों में सौंपा जा रहा है। सभी स्थानों पर बस दो-तीन लोग ही दिखते हैं। जैसे इनके अलावा देश में कोई और बिजनेस मैन है ही नहीं। अमेरिका में अडाणी पर केस चल रहा है, लेकिन हिन्दुस्तान में वे कुछ भी कर सकते हैं, क्योंकि वे नरेन्द्र मोदी के दोस्त हैं।

### लगड़ा घोड़ा किसी काम का नहीं

राहुल गांधी ने कहा कि तीन तरह के घोड़े होते हैं। रेस वाला, बारात वाला और लगड़ा घोड़ा। रेस वाला घोड़ा, दौड़कर आगे बढ़ जाता है। बारात वाला घोड़ा बारात तक ही चलता है और लगड़ा घोड़ा किसी काम का नहीं होता। हमें रेस का घोड़ा बनना है और दौड़कर आगे जाना है। उन्होंने ने कहा कि कांग्रेस का कार्यकर्ता लड़ने-मरने वाला है। लेकिन कुछ नेता अपने फ्रस्टेशन की वजह से ऐसे बयान दे रहे हैं, जिससे कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरता है। हमें ऐसे नेताओं की कोई जरूरत नहीं है। पार्टी में केवल वहीं लोग काम करेंगे, जो संगठन को मजबूत बनाएं।

### इंदौर में बनेगा आईआईटी हब, कैबिनेट ने लगाई मुहर

# अब कानून व्यवस्था के लिए अलग होंगे तहसीलदार

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश मंत्रिपरिषद ने मंगलवार को लेबर एक्ट संशोधन पर मुहर लगा दी है। इसी तरह सिंहस्थ 2028 से पहले इंदौर मेट्रो को उज्जैन तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया। कैबिनेट ने राजस्व विभाग के 500 पद विलोपित करने और 12 सौ नए पद सृजित करने का भी निर्णय लिया। इसके अलावा मंत्रिपरिषद ने इंदौर में आईआईटी हब बनाने का भी निर्णय लिया। इस बैठक में भी मंत्री विजय शाह भाग लेने नहीं पहुंचे।

पचमढ़ी स्थित राजभवन में आहुत हुई कैबिनेट की बैठक राजा भभूत सिंह के शौर्य और बलिदान को समर्पित की गई। बैठक में पचमढ़ी वन्य जीव अभयारण का नाम राजा भभूत सिंह के नाम पर करने का निर्णय लिया गया। बैठक के उपरांत नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि कैबिनेट ने श्रम एक्ट के संशोधन से जुड़े प्रस्ताव पर अपनी सहमति जताई है। छोटे और मध्यम स्तर के संस्थानों और उद्योगों पर अनुपालन के बोझ को कम करने के उद्देश्य से तीन श्रम कानूनों में संशोधन की अनुमति दी है। नियोजन के लिए निर्धारित 20 ठेका श्रमिक सीमा को बढ़ाकर 50 ठेका श्रमिक किया गया है। जहां महिलाएं सुरक्षित तरीके से रात में काम कर सकती हैं, वहां पर उन्हें काम करने का मौका मिल सकेगा। इसके लिए नियमों में संशोधन भी किए जाएंगे। विजयवर्गीय ■ शेष पृष्ठ 7 पर



मंत्रिमंडल की बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

### आदिवासी सम्मेलन कराएगी सरकार

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस माह जून में अनुसूचित जनजाति आधारित तीन सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। डिंडौरी के बजाग में 7 जून को बैगा सम्मेलन, बिरसा मुंडा जन्म दिवस पर शहडोल के ब्यौहारी में 9 जून को कोल सम्मेलन और 18 जून को शिवपुरी के कोलारस में सहारिया सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

### कृषि स्टार्टअप्स को दिया जाएगा बढ़ावा

विजयवर्गीय ने बताया कि कृषि तकनीक को बढ़ावा देने के लिए विज्ञान और प्रौद्यौगिक विभाग के प्रस्ताव को कैबिनेट ने मंजूर कर दिया। इसके लिए इंदौर आईआईटी में एग्रो आईआईटी हब बनाने का फैसला लिया गया है। इसके माध्यम से कृषि तकनीक में बढ़ावा देने के लिए काम किया जाएगा और इस क्षेत्र में युवा वर्ग इसके माध्यम से अपना स्टार्टअप शुरु कर सकेंगे। मंत्रि परिषद ने राज्य शासन की ओर से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग अंतर्गत मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम को सहभागीदार बनाए जाने का निर्णय लिया है। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी प्रशासकीय स्वीकृति के अनुरूप भारतीय प्रौद्यागिकी संस्थान, इन्दौर को परियोजना की स्थापना के लिए राज्यांश के रूप में वित्तीय वर्ष 2025-26 में राशि रुपए दो करोड़ की वित्तीय सहायता प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है।

### पांच जून को उज्जैन में वैलनेस समिट

विजयवर्गीय ने बताया कि बैठक से पहले सीएम ने मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ अनौपचारिक चर्चा के दौरान बताया कि 5 जून को उज्जैन में वैलनेस समिट का आयोजन किया जाएगा, जिसमें योग, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा, अध्यात्म और मानसिक स्वास्थ्य जैसे आयामों को केन्द्र में रखकर निवेश और सहयोग को प्रोत्साहित किया जाएगा। समिट में प्रमुख आध्यात्मिक संत, आयुष विशेषज्ञ, नीति निर्माता, वेलनेस टूरिज्म ऑपरेटर और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय निवेशक भाग लेंगे।

## आरसीबी 17 साल में पहली बार बनी आईपीएल चैंपियन

**जेएनएन अहमदाबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग के फाइनल मैच में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु और पंजाब किंग्स के बीच चुनौतीपूर्ण रहा। लेकिन आखिरकार आरसीबी पहली बार आईपीएल का खिताब जीतने में कामयाब रहा। वहीं विराट कोहली का आईपीएल खिताब जीतने का सपना भी पूरा हुआ है। पंजाब के लिए खिताब का इंतजार और ज्यादा हो गया है। दोनों ही टीम 17 साल से खिताब का इंतजार कर रहे थे। लेकिन आरसीबी का यह सपना पूरा हो चुका है। टॉस जीत कर पंजाब ने गेंदबाजी चुनी, वहीं बैंगलुरु ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 190 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में पंजाब ने आखिर तक जीतने की कोशिश की लेकिन 6 रन से हार का सामना करना पड़ा। पंजाब 20 ओवर में 184 रन ही बना सकी।

आरसीबी की जीत का सबसे बड़ा टर्निंग प्वाइंट पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर का विकेट था, जब वह 1 रन बनाकर शेफर्ड की गेंद पर आउट हो गए. दूसरा टर्निंग प्वाइंट तब हुआ जब इंगलिस 39 रन बनाकर आउट हुए, इंग्लिश ने 23 गेंद में 4 छक्के और 1 चौके लगाकर तेज बल्लेबाजी की।

## व्यापार नहीं, जीवन का अधिकार जरूरी

**चेन्नई, जेएनएन।** मद्रास हाईकोर्ट ने मंगलवार को ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग प्लेटफार्मों द्वारा दायर उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें तमिलनाडु सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों को चुनौती दी गई थी। इन प्लेटफार्मों के लिए तमिलनाडु सरकार ने आधार आधारित केवाईसी अनिवार्य कर दिया है। साथ ही रात में गेम खिलवाने पर भी रोक लगा दी है। 18 साल से कम उम्र के बच्चे गेम नहीं खेल सकेंगे। अदालत ने कहा कि ऐसे खेलों पर सख्त नियंत्रण होना चाहिए, क्योंकि इसके गंभीर दुष्परिणाम होते हैं। न्यायमूर्ति एसएम सुब्रमण्यम और न्यायमूर्ति राजशेखर की खंडपीठ ने कहा कि कोई भी ऑनलाइन गेम या ऑनलाइन मनोरंजन तभी तक चल सकता है, जब तक वह बड़े पैमाने पर लोगों के सार्वजनिक स्वास्थ्य को ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालते हैं ऑनलाइन गेम

ऑनलाइन गेम आरएमजी के कारण खिलाड़ी के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। इससे आर्थिक नुकसान भी होता है। यह जानकारी हाल ही में किए गए एक शोध में दी गई है। बच्चे को यह पता ही नहीं होता है कि वह अन्य मानव के साथ नहीं, बल्कि एक पूर्व-प्रोग्राम्ड कंप्यूटर के साथ गेम खेल रहा है। यह शोध सामने आने के बाद ही तमिलनाडु सरकार ने तमाम ऑनलाइन गेम्स के लिए दिशानिर्देश जारी कर दिए हैं।

### सीडीएस ने फिर की ऑपरेशन सिंदूर पर बात

## हम प्रोफेशनल फोर्सेस, नहीं होते नुकसान और झटकों से प्रभावित

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने पुणे विश्वविद्यालय में भविष्य के युद्ध और युद्धकला विषय पर अपने संबोधन में ऑपरेशन सिंदूर पर बात की। उन्होंने बताया कि यह ऑपरेशन दर्शाता है कि युद्ध केवल स्ट्राइक नहीं, बल्कि राजनीति का भी हिस्सा होता है।



ऑपरेशन सिंदूर में युद्ध और राजनीति एक साथ चल रहे थे। जनरल चौहान ने कहा, हम प्रोफेशनल फोर्सेस के रूप में नुकसान और झटकों से प्रभावित नहीं होते। हमें अपनी गलतियों को समझकर सुधारना चाहिए। युद्ध में नुकसान से ज्यादा नतीजा मायने रखता है। ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### आठ घंटे में चित हुआ पाकिस्तान

सीडीएस ने कहा कि भारत ने 48 घंटे की लड़ाई आठ घंटे में पूरी कर ली। इसी का नतीजा था कि पाकिस्तान ने बातचीत का प्रस्ताव पेश किया। सीडीएस ने पाकिस्तान को आतंकवाद पर लगाम लगाने की स्पष्ट चेतावनी दी और कहा, भारत आतंकवाद बर्दाश्त नहीं करेगा। भारत को किसी भी तरह की धमकी से अब डराया नहीं जा सकता।

## कोरोना के 65 नए मामले आए, पांच मरीजों की मौत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश में कोरोना वायरस के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। मंगलवार शाम को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी नए आंकड़ों के अनुसार, देश में पिछले 24 घंटों में 65 नए मामले सामने आए हैं, साथ पांच लोगों की मौत हो गई है। यही नहीं, मंगलवार को एक्टिव मामलों की संख्या बढ़कर 4026 हो गई, जबकि बीते दिन 3961 एक्टिव मामले थे।

इस समय देश में कोरोना से सबसे अधिक केरल प्रभावित है। उसके बाद महाराष्ट्र, गुजरात और दिल्ली का स्थान है। हालांकि, पिछले 24 घंटों में जिन मरीजों की मौत हुई है, उनमें से चार बुजुर्ग हैं, जिन्हें मधुमेह, उच्च रक्तचाप और निमोनिया जैसी बीमारियां पहले से थीं। पांच मृतकों में एक केरल, दो महाराष्ट्र, एक पश्चिम बंगाल और एक तमिलनाडु का है। साथ ही इस साल जनवरी से लेकर अब तक कोरोना से 37 लोगों की मौत हो चुकी है। उधर, केरल सरकार ने कारोना के लिए नई गाइडलाइन जारी कर दी है, जिसमें लोगों से सोशल डिस्टेंस बनाने का अनुरोध किया गया है।

### डीपफेक की दहशत | इंटरनेट पर तेज हुई डिजिटल नीति विमर्श की बहस

# न्यूजीलैंड की सांसद ने दिखवाई अपनी फर्जी न्यूड फोटो, दुनियाभर में उठी सख्त कानून की मांग

**वेलिंगटन, जेएनएन।** न्यूजीलैंड संसद की एक घटना ने मंगलवार को वैश्विक राजनीति और डिजिटल नीति विमर्श को एक नई दिशा दे दी है। न्यूजीलैंड की सांसद लॉरा मैक्लर ने संसद में खुद की एक एआई से बनी न्यूड तस्वीर दिखाकर गहरी चिंता जताई कि कैसे डीपफेक टेक्नोलॉजी अब महिलाओं के लिए अस्तित्व का संकट बन गई है। उन्होंने यह तस्वीर खुद एक वेबसाइट के जरिए बनाई, महज पांच मिनट में। लेकिन उनका मकसद था- चेताना और चुनौती देना।

लॉरा का बयान न केवल न्यूजीलैंड, बल्कि दुनिया भर में सोशल मीडिया और नीति-निर्माताओं के बीच बहस का विषय बन गया है।

एक्स, रैडिट और टिकटॉक पर #DeepfakeLawNow ट्रेंड करने लगा है लाखों लोगों ने लॉरा के साहस की तारीफ की और सरकारों से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

भारत में डीपफेक का शिकार होने वालों की संख्या बढ़ रही है। खासकर महिलाओं, पत्रकारों और राजनीतिक कार्यकर्ताओं के बीच। हाल में ही कई प्रसिद्ध अभिनेत्रियों और महिला नेताओं की फर्जी अश्लील क्लिप्स वायरल हुई थीं, जिनमें से अधिकांश एआई से बनी थीं। साइबर पुलिस और आईटी कानून अभी भी इस नई तकनीक के दायरे को पूरी तरह समझने और काबू में लाने में असमर्थ हैं। भारत का आईटी अधिनियम 2000 और आईटी नियम 2021 डिजिटल उत्पीड़न, पोर्नोग्राफी और निजता के उल्लंघन को रोकने के कुछ प्रयास करते हैं, लेकिन एआई-जेनरेटेड डीपफेक कंटेंट पर कोई स्पष्ट, सख्त और दंडात्मक प्रावधान नहीं है।



> **'अब वक्त है कानून बनाने का'**
> 'यह मेरी असली तस्वीर नहीं है, लेकिन कोई भी इसे सच मान सकता है। क्या हमें इस खतरे का इंतजार करना चाहिए जब ये फर्जी तस्वीरें हमारे जीवन, करियर और गरिमा को तबाह कर दें? यह सिर्फ मेरे लिए नहीं, हम सभी के लिए एक चेतावनी है। जो आज मेरे साथ हुआ, वो कल किसी भी आम महिला के साथ हो सकता है।
> - **लॉरा मैक्लर**, सांसद, न्यूजीलैंड




# सतना महापौर ने दीनदयाल रसोई का किया औचक निरीक्षण, दुरस्त मिली व्यवस्थाएं



**जागरण, सतना।** वार्ड क्रमांक 41 स्थित पुरानी विश्वास राव सब्ज़ी मंडी का औचक निरीक्षण कर मौजूदा व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान मंडी में साफ़सफ़ाई ट्रैफिक व्यवस्था जल निकासी व अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का अवलोकन किया गया। स्थानीय व्यापारियों एवं दुकानदारों से संवाद कर उनकी समस्याओं व सुझावों को प्राथमिकता से सुना। नगर निगम प्रशासन को ज़रूरी निर्देश दिए गए हैं ताकि मंडी क्षेत्र की व्यवस्था को और अधिक सुव्यवस्थित व जनोपयोगी बनाया जा सके। महापौर योगेश ताम्रकार ने पुरानी विश्वास राव सब्ज़ी मंडी के समीप स्थित दीनदयाल रसोई का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान रसोई की साफ़सफ़ाई एवं भोजन की गुणवत्ता की जाँच की। वहाँ भोजन कर रहे नागरिकों से संवाद कर फीडबैक प्राप्त किया। नगर निगम के इस जनकल्याणकारी प्रकल्प के माध्यम से मात्र 5 में स्वच्छ, पौष्टिक एवं भरपेट भोजन उपलब्ध कराकर, ज़रूरतमंद एवं असहाय नागरिकों को राहत प्रदान की जा रही है। प्रधानमंत्री के अंत्योदय के संकल्प को साकार करने की दिशा में यह एक प्रयास है।

# वूमेन फॉर ट्री अभियान के तहत रोपे जायेगें 21 हजार पौधे




**जागरण, सतना।** अमृत मित्र पहल अंतर्गत संचालित होने वाले वूमेन फॉर ट्री अभियान के लिए 2 जून को योगेश कुमार ताम्रकार महापौर नगर पालिक निगम सतना की अध्यक्षता में निगम के परिषद सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत शहर को हरा.भरा बनाए जाने के लिए वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया जाएगा। जिसके लिए निगम क्षेत्र में 15 अगस्त को 21 हजार पौधे लगाए जाने का लक्ष्य निश्चित किया गया एवं कार्ययोजना तैयार की गई। जून माह के अंत में कार्ययोजना के क्रियान्वयन के लिए एक वृहद बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिसमें उक्त 21 हजार पौधों को लगाने के स्थानों चयन करते हुए पौधों की सुरक्षा हेतु ट्री.गार्ड की व्यवस्था एवं इन पौधों के संवर्धन पर वृहद चर्चा की जाएगी एवं अग्रिम कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इस आयोजन में नगर निगम के अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी पालन हिंदू पर्व समन्वय समिति के अध्यक्ष मणिकांत माहेश्वरी वृक्ष मित्र प्राचार्य आलोक त्रिपाठी सतना सीमेन्ट के प्रतिनिधि विवेक अग्रवाल जीए मेयर.इन. काउंसिल सदस्यगण, पार्षदगण, सीएसपी देवेन्द्र सिंह चौहान मीडिया बन्धु, विभिन्न संस्थाओं के प्रमुख तथा बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी, प्रबुद्ध एवं आम नागरिकगण के साथ.साथ नगर पालिक निगम सतना के अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नगर निगम की जनसुनवाई में आये 61 आवेदन



**सतना।** मंगलवार को नगर निगम के सभागार में सम्पन्न हुई जनसुनवाई के दौरान कुल 61 आवेदन प्राप्त हुये जिसमें से सर्वाधिक आवेदन प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आये है। महापौर योगेश ताम्रकार की मौजूदगी में जनसुनवाई का आयोजन किया गया इस दौरान स्पीकर राजेश चतुर्वेदी के अलावा विभागीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। अतिक्रमण से संबंधित 07 , जलप्रदाय शाखा से संबंधित 06 , जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित 03 , सड़क प्रकाश व्यवस्था से संबंधित 05 , प्रधानमंत्री आवास योजना के 18 , राजस्व किराया शाखा से संबंधित 02 , साफसफाई संबंधित 01 , विकास कार्य से संबंधित 17 आवेदन एवं सम्पत्तिकर से संबंधित 02 आवेदन प्राप्त हुए। प्रस्तुत आवेदनों पर प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को उनके आवंटन आवेदनों में कमियों एवं आवेदनों की अद्यतन स्थिति की जानकारी से अवगत कराया गया। विकास कार्यों अतिक्रमण के लिए आवेदनों का स्थल निरीक्षण कर कार्यवाही के विधिवत प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए।

## ग्रामोदय में पौधरोपण कर मनाया गया राज्यपाल का जन्मदिन



**सतना।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगु भाई पटेल का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने शिक्षकों छात्रों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए राज्यपाल और कुलाधिपति मंगु भाई पटेल के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर प्रो मिश्रा ने उनके द्वारा प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में विशिष्ट योगदान की प्रशंसा की। ग्राम दर्शन परिसर में महामहिम राज्यपाल के नाम पर अशोक और आवले के वृक्ष लगाए गए। इस दौरान प्रो अमरजीत सिंह डॉ आञ्जनेय पाण्डेय डॉ कमलेश कुमार थापक डॉ उमेश कुमार शुक्ला इंजी सीपी बस्तानी सहित अनेक शिक्षकों अधिकारियोंए कर्मचारियों और छात्र छात्राए मौजूद रहे। मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# मैहर जिले की डीएलसीसी की त्रैमासिक बैठक संपन्न




**जागरण, सतना।** मैहर जिले की जिला स्तरीय बैंकर्स समिति की त्रैमासिक बैठक कलेक्टर रानी बाटड की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक से नवनीत तिवारी, नाबार्ड से जीडी गोपेश, अग्रणी जिला प्रबंधक गौतम शर्मा सहित मैहर के सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक एवं शासकीय विभागों से विभिन्न अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि विगत तिमाही बैठक में मैहर जिले का जमा ऋण अनुपात 68 प्रतिशत रहा। जिस पर कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया कि जमा ऋण अनुपात अगली तिमाही तक 70 प्रतिशत करने का प्रयास करें। बैंक ऑफ इंडिया, भारतीय स्टेट बैंक एवं यूको बैंक का जमा ऋण अनुपात कम रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। भारतीय रिजर्व बैंक के अधिकारी द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश का कुल जमा ऋण अनुपात 82 प्रतिशत है। अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा बताया गया कि रीवा संभाग में सबसे अधिक जमा ऋण अनुपात मैहर जिले का है एवं सबसे कम अनुपात सिंगरौली जिले का है। मैहर जिले में बैंक शाखाओं के जरूरत से कम होने पर कलेक्टर द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गई एवं सभी बैंकों एवं राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति को पत्र लिखने के लिए निर्देश दिये।

**वार्षिक ऋण योजना 2025-26 का विमोचन :** कलेक्टर रानी बाटड द्वारा मैहर जिले की वार्षिक ऋण योजना 2025-26 का विमोचन किया गया। अग्रणी जिला प्रबंधक गौतम शर्मा द्वारा जानकारी दी गई कि इस बार मैहर जिले के लक्ष्य ब्लॉकवार एवं शाखा वार वितरित किए गए है।

## जार्ज फर्नांडिस का जीवन संघर्षों से परिपूर्ण था: सुरेंद्र शर्मा

**सतना।** जदयू राष्ट्रीय समिति के पूर्व सदस्य अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने देश के प्रख्यात समाजवादी पूर्व रक्षामंत्री पद्मविभूषण स्व जार्ज फर्नांडिस की जयंती पर नमन करते हुए कहा कि उनका सम्पूर्ण जीवन शोषण और अन्याय के खिलाफएव सामाजिक समरसता, समता और बंधुत्व के लिए समर्पित थाए लोकतंत्र के प्रबल हिमायती जार्ज साहब को बेड़ियों में जकडना मंजूर था लेकिन झुकना नहीं उन्होंने देश के मजदूर आंदोलन को दुनिया के सामने रखा साथ ही 1974 के रेल आंदोलन ने दुनिया में इतिहास रचा और उनके लिए अनवरत संघर्षरत रहे वो एक महान राष्ट्रभक्त के रूप में देश के समग्र नवनिर्माण में जीवन समर्पित किया । श्री शर्मा के साथ ही वरिष्ठ नेता काशी पटनहा लक्ष्मण सिंह पटेल गोविंद द्विवेदी साजन वसानी प्रकाश निगम रामभुवन त्रिपाठी अमित जैन विनय अग्रवाल विजय जैन शिवाकांत शर्मा, चंद्रमणि मिश्रा भास्कर सिंह तिवारी नंदकिशोर यादव कृष्णकांत तिवारी मथुरा सिंह पटेल शिवशंकर अशोक सेनए अवधेश सोनी सहित अन्य नेताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## भाजपा कार्यालय में सुझाव पत्रों का हुआ संग्रह, जिला अध्यक्ष ने कहा हर सुझाव हमारे लिए महत्वपूर्ण



**सतना।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय सतना में रखी गई सुझाव पेटी से पार्टी कार्यकर्ताओं और नागरिकों द्वारा दिए गए सुझाव पत्रों का संग्रह किया गया। सभी सुझाव पत्रों को पूर्ण गोपनीयता के साथ पढ़ा गया और उनके आधार पर आगे की कार्ययोजना पर मंथन किया जा रहा है। भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय ने बताया कि प्राप्त सुझावों को यथासंभव और यथाशीघ्र क्रियान्वित किया जाएगाए जिसके सकारात्मक परिणाम शीघ्र ही जनता के सामने दिखाई देंगे। उन्होंने कहा प्रत्येक सुझाव हमारे लिए महत्वपूर्ण है। संगठन का उद्देश्य है कि वह जनभावनाओं और कार्यकर्ताओं की राय को प्राथमिकता देते हुए कार्य करे। श्रीपाण्डेय ने यह भी कहा कि संगठन में सभी की भागीदारी से ही सशक्त और समर्पित कार्य संस्कृति विकसित की जा सकती है। उन्होंने जनता और कार्यकर्ताओं से निरंतर सुझाव भेजने की अपील की और आश्वासन दिया कि हर विचार पर गंभीरता से विचार किया जाएगा।

# विट्स के छात्र अमन त्रिपाठी का कॉग्निजेंट में चयन



**जागरण, सतना।** विट्स महाविद्यालय का यह सतत् प्रयास रहा है कि छात्रों को उत्कृष्ट शिक्षा के साथ-साथ रोजगार उपयोगी ट्रेनिंग भी प्रदान की जाये जिससे कि छात्रों को बहुराष्ट्रीय कंपनियों में रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें। ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट हेड प्रो. प्रमोद पाण्डेय ने बताया कि छात्रों के प्लेसमेंट का सिलसिला निरंतर जारी है। 2023-2025 सत्र में 2000 से अधिक छात्रों का प्लेसमेंट टीसीएस, इंफोसिस, जेनेसिस, केयरसॉफ्ट, यूनीकाईहात्सू, अल्फावीमा, एचसीएल, जारो एजुकेशन, हाइक एजुकेशन, इंडियामार्ट, बजाज फिन्सर्व जैसी राष्ट्रीय एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियों में हुआ। इसी कड़ी में महाविद्यालय के बी टेक कम्प्यूटर साईंस फाईनल ईयर के छात्र अमन त्रिपाठी का चयन कॉग्निजेंट में प्रोग्रामर एनालिस्ट ट्रेनी पद के लिए 4 लाख के पैकेज पर हुआ। ज्ञात हो कि कॉग्निजेंट अमेरिका स्थित एक बहुराष्ट्रीय कंपनी है जो व्यापार तकनीक और परामर्श सेवाएं प्रदान करती है। कॉग्निजेंट का नाम फॉर्च्यून 2010 की लगातार आठ वर्षों से सबसे तेजी से बढ़ने वाली 100 कंपनियों की सूची में शामिल है। कम्प्यूटर साईंस इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष डॉ के पी त्रिपाठी ने बताया कि पूर्व में भी विट्स के छात्र कॉग्निजेंट, यूनीकाईहात्सू में चयनित होकर उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं जिनमें से कुछ छात्र आज जापान व अमेरिका में पदस्थ हैं। चयनित छात्र अमन त्रिपाठी ने बताया कि चयन प्रक्रिया में रीजनिंग, एप्टीट्यूड, लैंग्वेज स्किल्स, कोडिंग एवं टेक्निकल स्किल्स का मूल्यांकन किया गया।

## प्रियांशू त्रिपाठी ने जेईई एडवांस परीक्षा में 597वीं रैंक की हासिल



**सतना।** आदर्श उच्च मा वि रामपुर बघेलान के छात्र प्रियांशू त्रिपाठी ने जेईई एडवांस 2025की परीक्षा में सफलता अर्जित करते हुए ऑल इंडिया मे 597 वी रैंक हासिल कर नाम रोशन किया। जेईई मेंस में छात्र को 97.33 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए थे।इस सफलता के लिए विद्यालय के प्राचार्य रामचरित सिंह ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए छात्र प्रियांशु त्रिपाठी को शुभ कामनाएं दी। छात्र ने अपनी इस उपलब्धि पर माता पिता और गुरुजनों का आशीर्वाद मानते हुए आभार व्यक्त किया। जेईई एडवांस में 597 वी रैंक प्राप्त कर छात्र ने रामपुर बघेलान का नाम रोशन किया। छात्र को इस उपलब्धि पर रामपुर बघेलान विधायक विक्रम सिंह अशोक सिंह विधायक प्रतिनिधि, विद्याधर तिवारी विधायक प्रतिनिधि,कमलेश कचेर रामकुमार आदिवासी शैलेन्द्र निगम संदीप गुप्ता पुष्पराज कुशवाहा प्राचार्य कन्या दसरथ प्रसाद साकेत शिक्षक रामबली सिंह, विजय शर्मा शिक्षक विजय वर्मा राजाराम वर्मा प्रिंसी शुक्ला माया प्रजापति नीरज सिंह माया वर्मा प्रियंका कंचन सुग्रीव प्रजापति पंकज सिंह नैन्सी सिंह सुमित्रा कोल अंकिता सिंह,रामायण सिंह पूर्व पार्षद सुनीता सोनी आदि ने शुभकामनाये दी है ।

# वन कर्मचारी संघ के प्रान्तीय अध्यक्ष बने पंकज पाण्डेय



**सतना।** म.प्र. वन कर्मचारी संघ का निर्वाचन 31 मई को देवास में सम्पन्न हुआ जिसमें पंकज पाण्डेय रीवा ने जीत दर्ज की है। उन्हे प्रान्तीय अध्यक्ष घोषित किया गया। इसके पूर्व वे संभागीय अध्यक्ष रीवा का दायात्वि निभा रहे थे। अध्यक्ष निर्वाचित होने पर सतना जिला कर्मचारी बृजेन्द्र मिश्रा, सतेन्द्र शुक्ला, अनिल माझी, कामता मिश्रा, सत्यनारायण यादव , यादवेन्द्र द्विवेदी, प्रभाकर तिवारी, विष्णु गौतम, विष्णु तिवारी , गुड्डा पाण्डेय , ऋषिकेस पाण्डेय, यंगबहादुर साह , अनुराग सिंह, अरूण शुक्ला, विवेक तिवारी, मैथली पटेल , अंजनी पटेल, मोतीलाल पाण्डेय, शैलेन्द्र गोड़, सचिन शंकर सिंह, सुनील उर्मलिया, बैजनाथ वर्मा, विनय पाण्डेय, देवी दयाल बृजेश बागरी , जितेन्द्र द्विवेदी ने हर्ष व्यक्त किया है।

# श्रमायुक्त द्वारा किया गया प्रिज्म जॉनसन फैक्ट्री का निरीक्षण



**सतना।** श्रमायुक्त श्रीमती रजनी सिंह द्वारा मंगलवार को रामपुर बघेलान क्षेत्र अंतर्गत मनकहरी में स्थित प्रिज्म जॉनसन प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री का निरीक्षण किया। इस दौरान श्रमायुक्त ने फैक्ट्री प्रबंधन से पौधा रोपण एवं क्षेत्र की वाटर टेबल में सुधार के लिए प्रयास किये जाने के लिए आग्रह किया गया। निरीक्षण के समय संचालक नमिता तिवारी, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा इन्दौर अनुराग प्रताप सिंह, प्रभारी सहायक श्रमायुक्त कार्यालय सतना, कारखाना प्रबंधक प्रिज्म जॉनसन उपस्थित रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं घोषणा करती हूँ कि पूर्व मे मेरा नाम जो शैक्षणिक दस्तावेज में RUCHI CHANDANI था। जिसे मै शादी के बाद मैं अपना नया नाम KRITIKA VALECHA कर ली हूं कृपया अब से मुझे नये नाम KRITIKA VALECHA W/O SUDHIR VALECHAके नाम से जाना एवं पहचाना एवं संबोधित किया जाय एवं आगे के सभी दस्तावेजों में दर्ज किया जाय तथा मेरे निवास का पता .250 MITTAL ENCLAVE VISHRAM BABA, KATNI WARD NO. 44, KATNI PO. KATNI, DISTT KATNI (M.P.) है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मै घोषणा करती हूँ कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम PALAK GUPTA था जिसे मैं शादी के बाद मैं अपना नया नाम PALAK KESHARWANI W/O SHIVAM KESHARWANI कर लिया है कृपया अब से मुझे नये नाम PALAK KESHARWANI W/O SHIVAM KESHARWANI के नाम से जाना एवं पहचाना एवं संबोधित किया जाय एवं आगे के सभी दस्तावेजों में दर्ज किया जाय तथा मेरे निवास का पता. CHANAKYAPURI COLONY SEMARIYA CHOWK RAGHURAJNAGAR DISTRICT SATNA (M.P.) है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मै घोषणा करती हूँ कि पूर्व मे मेरा नाम जो शैक्षणिक दस्तावेज में KUMARI TANISHA AGRAHARI था। जिसे मै शादी के बाद मै अपना नया नाम TANISHA VALECHA कर ली हूं कृपया अब से मुझे नये नाम TANISHA VALECHA W/O ANSHUL KUMAR VALECHA के नाम से जाना एवं पहचाना एवं संबोधित किया जाय एवं आगे के सभी दस्तावेजों में दर्ज किया जाय तथा मेरे निवास का पता.250 MITTAL ENCLAVE VISHRAM BABA WARD NO. 44, MURWARA PO. KATNI, DISTT KATNI (M.P.) है।

# कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)

क्रमांक 14/PMAY-BLC/न.पा.नि./राजस्व/2025 — रीवा, दिनांक 28.05.2025

प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 दावा BLC घटक के 58 हितग्राहियों की द्वितीय सूची का प्रकाशन

**प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 दावा आपत्ति सूची (58)**

| SrNo | Application_No | Mission Component | Applicant_Name | Category | Applicant Father/ Husband Name | Gender | Religion | Ward_No | Construction_Site_Address |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | MP034240125181561312 | BLC | DUIJEE | SC | DASAI LAAL | Female | Hindu | 1 | 379K W N 1,NEAR SARKARI HIGH SCHOOL NIPANIYA REWA,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 2 | MP034240125214239028 | BLC | Nilam kol | ST | Jamuna Kol | Female | Hindu | 1 | ward n 01,near rawatpura get nipaniya rewa,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 3 | MP034240125183436098 | BLC | MO SHAMIM MANSOORI | OBC | MO SHAKOOR MANSOORI | Male | Muslim | 1 | ward 01, nipaniya,rawatpura get,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 4 | MP034241224131305642 | BLC | MOHD IQBAL | OBC | MUHAMMAD ISTAQ | Male | Muslim | 1 | ward no 1 nipaniya rewa,nipaniya,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 5 | MP034240225179768477 | BLC | BRIJ NANDAN PRASAD | OBC | RAAMJI PRASAD | Male | Hindu | 2 | 02/204,BANITALAB NIPANIYA,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 6 | MP034240125122033328 | BLC | Ramesh kumar Chaudhary | SC | sukh lal | Male | Hindu | 4 | 39/2/3,ward 04,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 7 | MP034240125124204913 | BLC | sita ram saket | SC | sukh lal | Male | Hindu | 4 | 39/2/2,ward 4,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 8 | MP034240125133563231 | BLC | Badal Saket | SC | sukh lal | Male | Hindu | 4 | 39/2/4,ward 4,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 9 | MP034240125196233278 | BLC | meera bai | General | ramvhuwan singh | Female | Hindu | 4 | 36/4,NEAR VTL FACTORY DOHI,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 10 | MP034240325189032365 | BLC | USHA DAHIYA | SC | BHURA PRASAD DAHIYA | Female | Hindu | 4 | WARD 2,SHIVPURVA NIPANIYA SNEH STATE KE PASS,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 11 | MP034240125139365019 | BLC | Sabina Khatun | OBC | MO MUSTAFIK ANSARI | Female | Muslim | 5 | hamidiya colony,ward 5 dekha huzur,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 12 | MP034240425105133200 | BLC | divakar mishra | General | yugul kishore mishra | Male | Hindu | 5 | jawahar ward no 05,dhekha rewa,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 13 | MP034240425161402692 | BLC | bhaskar mishra | General | yugul kishore mishra | Male | Hindu | 5 | dhekha jawahar ward no 05,dhekha rewa,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 14 | MP034240425202432587 | BLC | prabhakar mishra | General | yugul kishore mishra | Male | Hindu | 5 | jawahar ward no 05,dhekha rewa,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 15 | MP034240425205438367 | BLC | ratnakar mishra | General | yugul kishore mishra | Male | Hindu | 5 | jawahar ward no 05,dhekha rewa,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 16 | MP034240125151201221 | BLC | SUDHA NAMDEV | OBC | JAGDISH NAMDEV | Female | Hindu | 6 | WARD NO 06,HOUSE NO 277 HUZUR REWA,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 17 | MP034240125143962341 | BLC | KARAN KUMAR SONDHIYA | OBC | RAMSHARAN SONDHIYA | Male | Hindu | 7 | w n 07,near aganwadi housing board colony huzur rewa,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 18 | MP034241224136835818 | BLC | SHYAMA BAI YADAV | OBC | KISHAN LAL | Female | Hindu | 8 | 8,ANAND NAGAR,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 19 | MP034240125121463957 | BLC | ANAND KUMAR TIWARI | General | RAMPRAKASH | Male | Hindu | 9 | W N 9 H N 434,JANTA COLLEGE ROAD NEAR SCHOOL ANANTPUR REWA,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 20 | MP034240125163901370 | BLC | SUNITA SAKET | SC | BUDDHSEN SAKET | Female | Hindu | 9 | WARD NO 9,NIRALA NAGAR ANANTPUR REWA MP,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 21 | MP034240125188402961 | BLC | MOLIYA ADIVASHI | ST | RAJU ADIVASHI | Female | Hindu | 9 | W N 9,NIRALA NAGAR HUZUR REWA,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486002 |
| 22 | MP034240325195238446 | BLC | PREETI SINGH | General | JUGROPAN SINGH BAGHEL | Female | Hindu | 10 | APSU ROAD,ANANTPUR REWA,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486002 |
| 23 | MP034240125205636820 | BLC | BABUA SONDHIYA | OBC | RAMDAS SONDHIYA | Male | Hindu | 10 | WARD NO.10, SHIV NAGAR, ANANTPUR,REWA,REWA,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486002 |
| 24 | MP034240225185566588 | BLC | VIRENDRA KUMAR SEN | OBC | RAMPRAKASH SEN | Male | Hindu | 10 | WARD NO 10,TULSI NAGAR ANANTPUR,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486002 |
| 25 | MP034240225177707665 | BLC | ravi kumar gupta | General | RAJARAM GUPTA | Male | Hindu | 11 | WARD NO 15,RATAHARI,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 26 | MP034241224174406393 | BLC | Prem Kumar Shukla | General | LAKSHMI PRASAD SHUKLA | Male | Hindu | 13 | 66/2/22,Word 15 Ratihari,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 27 | MP034240325162769366 | BLC | ANUPAM DWIVEDI | General | NAND KISHOR DWIVEDI | Male | Hindu | 14 | 14/326 SAJNAY NAGAR,NAGAR NIGAM REWA,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 28 | MP034241224185408224 | BLC | Sanjay Kumar Pandey | General | RAJMANI MANI PANDEY | Male | Hindu | 14 | ward no 14/9,sanjay nagar saman rewa,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 29 | MP034241224161365836 | BLC | SAROJ TRIPATHI | General | RAMJI TRIPATHI | Female | Hindu | 15 | TMKAR PETROL PUMP KE PICHE RATHARA,JOSHI JI KE MAKAN KE PASS,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 30 | MP034240325163007191 | BLC | ravi soni | General | OMPRAKASH SONI | Male | Hindu | 15 | 15,SAMAN NAKA,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 31 | MP034240125111339586 | BLC | VIRENDRA RAJAK | SC | RAM DAS | Male | Hindu | 19 | WARD 19 NEAR CHHAPAKHANA GHOGHAR,GHOGHAR,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 32 | MP034240325182368497 | BLC | MUNNI DEVI SEN | OBC | MAKHAN LAL SEN | Female | Hindu | 19 | 19,NEAR GUPTA LODGE GHOGHAR HUZUR REWA,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 33 | MP034240125145204179 | BLC | RAMMU SAKET | SC | NATTHU SAKET | Female | Hindu | 22 | WARD 22,OLD GALLA MANDI REWA,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 34 | MP034240125177434836 | BLC | SURAJVATI SAKET | SC | kailash choudhari | Female | Hindu | 22 | WARD 22,GALLA MANDI REWA,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 35 | MP034240125146401166 | BLC | Chandravati Kushwaha | OBC | Ramprashad Kushwaha | Female | Hindu | 25 | house 775 Ward No 26 abedkar nagar near Shrawan,kumari scholl lalpa pokhari tola lohi rewa 486005,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 36 | MP034240425183207286 | BLC | Archna tiwari | General | GOPAL SHARAN TIWARI | Female | Hindu | 26 | WARD NO 43 CHIRAHULA WARD,4,BADRAON BASTI,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 37 | MP034241224152708099 | BLC | SIYAWATI KOL | ST | MAHAVEER KOL | Female | Hindu | 26 | W N 26,NEAR SHRAVAN KUMARI GET LALPA HUZUR REWA,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 38 | MP034241224208906395 | BLC | SUNEETA PANDEY | General | MOHAN LAL | Female | Hindu | 26 | WARD 26,POKHRI TOLA,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 39 | MP034240125118663923 | BLC | prakash bhujba | OBC | GHANSHYAM DAS BHUJWA | Male | Hindu | 27 | WARD NO 27 NEW PANI TANKI PTS CHOWK REWA MP,WARD NO 27 NEW PANI TANKI PTS CHOWK REWA MP,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 40 | MP034240125155963623 | BLC | RAJEEV SAKET | SC | RAMYGYA SAKET | Male | Hindu | 27 | 27/145,PTS CHOWK HUZUR,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 41 | MP034240225184838478 | BLC | ASHOK SAKET | SC | RAM YAGYA SAKET | Male | Hindu | 27 | WARD 27,ARUJN SINGH WARD PTS CHAURAHA REWA MP,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 42 | MP034240325170308562 | BLC | MANOJ SAKET | SC | RAM JAG SAKET | Male | Hindu | 27 | WARD NO 27,IN FRONT OF UG HOSTEL P T S CHOWK,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 43 | MP034240325164004748 | BLC | REETEE CHIKWA | General | SHIVRATAN CHIKWA | Female | Hindu | 27 | W 38,WATER FILTER KE PAS RANI TALAB REWA,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 44 | MP034240325195235023 | BLC | SADHANA PATAKAR | OBC | NAMAI LAL PATKAR | Female | Hindu | 29 | WARD NO 29 PADEN TOLA,HUZUR,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 45 | MP034241224118638696 | BLC | AMAR PRAKASH TRIPATHI | General | RAJENDRA KUMAR TRIPATHI | Male | Hindu | 30 | 203/1/1/1/2,WARD NO 43 BADARAV,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 46 | MP034240325173332034 | BLC | MOHD JAMEEL | OBC | MOHD JALEEL | Male | Muslim | 34 | WARD NO 34/183,TAKIYA,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 47 | MP034240125166903140 | BLC | SALMA BEGAM | OBC | vaseem Ahmad | Female | Muslim | 34 | 129/1/1,PUSHPRAJ NAGAR,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 48 | MP034240325175569527 | BLC | Ashok Kewat | SC | LALLU KEVAT | Male | Hindu | 36 | WARD NO 05 NEAR MASJID HAMIDIYA COLONY,DHEKAHA,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 49 | MP034240125177263290 | BLC | SHYAMLAL DOULTANI | General | kimat rai doultani | Male | Hindu | 38 | Ward No 38,Ashok Nagar,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 50 | MP034240425160767556 | BLC | MANISH GUPTA | General | GANESH PRASAD GUPTA | Male | Hindu | 41 | 517,WARD NO 41 BICHHIYA REWA MP,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 51 | MP034240125130401825 | BLC | altaf alaam | OBC | MUKHTAR KHAN | Male | Muslim | 42 | WARD 42,DARA SHAH BICHHIYA TAKIYA NEAR MAJAAR BICHHIYA,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 52 | MP034240125143663897 | BLC | mohammad shakeel khan | OBC | mohammad jibrail khan | Male | Muslim | 42 | ward 45,beriyal ke pass kuthuliya,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 53 | MP034240125142661286 | BLC | anjum nisha | OBC | Rafik khan | Female | Muslim | 42 | ward 42,hari om garden ke samne bichhiya,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 54 | MP034240325179239433 | BLC | BABULAL SAKET | SC | LALLU SAKET | Male | Hindu | 43 | WARD NO 43 CHIRAHULA KRISHNA NAGAR HUZUR,KRISHNA NAGAR,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 55 | MP034240125177131306 | BLC | INDRAKALI JAISWAL | OBC | SUKHLAL JAISWAL | Female | Hindu | 43 | WARD 43,CHIRHULA REWA MP,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 56 | MP034240125201262491 | BLC | SUSHILA | General | BHARAT SHARAN GUPTA | Female | Hindu | 43 | WARD NO 43,GOPAL NAGAR,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 57 | MP034240125178168798 | BLC | Mahendra Kumar Saket | SC | Chotelal Saket | Male | Hindu | 44 | Ward No 44,Mahajan Tola,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |
| 58 | MP034240125158768334 | BLC | sheru ansari | OBC | SAFI ULLA ANSHARI | Male | Muslim | 45 | ward 45,beriyal ke pass,Rewa, Municipal Corporation,Rewa,Madhya Pradesh,486001 |

Nodal Officer (PMAY)
Municipal Corporation
Rewa (M.P.)

# सीधी जागरण

दैनिक जागरण रीवा 04 जून 2025 www.dainikjagranmpcg.com

11 राज्य 31 संस्करण

सूर्य उदय - अस्त
06.47 अस्त : आज
05.13 उदय : कल

शहर का तापमान
35.0 0 अधिकतम
24.0 0 न्यूनतम




मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

# कलेक्टर के निर्देश पर अवैध रेत उत्खनन, परिवहन पर जारी है कार्यवाही



**जागरण कार्यवाही**

## सहकार ग्लोबल लिमिटेड पर अवैध रेत उत्खनन का दर्ज हुआ मामला

## रेत के अवैध परिवहन पर दो दर्जन से ज्यादा वाहनों पर हुई कार्रवाई





जागरण, सीधी

कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन में रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर कार्यवाई सतत जारी है। प्रभारी खनिज अधिकारी शिशिर यादव ने बताया कि कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशानुसार सीधी जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के विरूद्ध सतत कार्यवाही हेतु दिनांक 29 मई 2025 से राजस्व एवं खनिज के द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया जाकर मप्र खनिज अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण नियम 2022 के तहत अवैध परिवहन के 22 प्रकरण, अवैध भण्डारण का 1 प्रकरण दर्ज किया जाकर जप्त वाहनों को सीधी जिले के विभिन्न थाना/चौकियों में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है। 1 जून 2025 को ग्राम पोड़ी, तहसील-कुसमी, जिला सीधी में मेसर्स सहकार ग्लोबल लिमिटेड द्वारा सीधी जिले की सीमा अन्तर्गत लगभग 1000 घ.मी. खनिज रेत का अवैध उत्खनन पाए जाने पर एक पोकलेन मशीन को नियमानुसार जप्त कर सुरक्षार्थ थाना कुसमी परिसर में खड़ा कराया गया है व मेसर्स सहकार ग्लोबल लिमिटेड अन्धेरी वेस्ट मुम्बई के विरूद्ध अवैध उत्खनन का प्रकरण दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण के विरूद्ध कार्यवाही सतत् रूप से जारी रहेगी। जानकारी के अनुसार सिंगरौली जिले की रेत खदान के लिए ठेका प्राप्त सहकार ग्लोबल कम्पनी द्वारा सीधी जिले की सीमा में घुसकर अवैध उत्खनन किया जा रहा था। जबकि सीधी जिले की रेत खदान का मामला कोर्ट में लंबित होने के कारण वहां किसी भी प्रकार की खुदाई प्रतिबंधित है। इसके बावजूद कम्पनी ने सिंगरौली जिले की सीधी से लगी नदियों की सीमा क्षेत्र में रेत का अवैध उत्खनन का कारोबार लंबे समय से चोरी से किया जा रहा है। जिसकी शिकायतें लगातार हो रही थी किंतु स्थानीय नौकरशाही की सांठ-गांठ के कारण इस पर कोई कार्यवाही नहीं हो पा रही थी। रेत के काले कारोबार का मामला सीधी कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के संज्ञान में आने के बाद उनके द्वारा इसे काफी गंभीरता से लिया गया और संयुक्त टीम को कार्यवाही करने के लिए सख्त निर्देश दिया। जिसके बाद अपने चेंबरों में बैठे जिम्मेदार अधिकारी नदियों के किनारे चल रहे अवैध रेत खदानों पर पहुंचे और उनको सहकार ग्लोबल की चोरी पकड़ने में मदद मिली। सहकार ग्लोबल द्वारा लंबे समय से गोपद नदी के सीधी जिला की सीमा में रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा था। कार्यवाही की भनक मिल जाने के कारण खदान में मौजूद दो मशीने एवं लोडिंग के लिए खड़े वाहन भाग चुके थे और एक ही पोकलैण्ड मशीन की जप्ती कार्यवाही हो सकी।

## सिहावल क्षेत्र में भी अवैध रेत पर कार्यवाही

कलेक्टर के सख्त निर्देश के बाद सिहावल में भी रेत के अवैध उत्खनन एवं अवैध परिवहन पर जांच कार्यवाई शुरू हो चुकी है। राजस्व एवं पुलिस विभाग की टीम द्वारा रेत परिवहन में लगे वाहनों की सघन जांच पड़ताल की जा रही है। जांच के दौरान ओव्हरलोड मिले तीन हाइवा पर कार्यवाई करते हुये उन्हें जब्त कर पुलिस को सौंप दिया गया है। सिहावल क्षेत्र काफी अर्से से रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन को लेकर सुर्खियों में बना हुआ था। जिस पर अब कार्यवाई शुरू हुई है। जानकारों के अनुसार सिहावल क्षेत्र की सीमा के नजदीक से उत्तर प्रदेश जाने के लिए पहाड़ी मार्ग होने के कारण काफी अरसे से स्थानीय माफिया के संरक्षण में रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन चल रहा था। जिसको लेकर लगातार शिकायतें सामने आने के बाद भी स्थानीय स्तर से कोई कार्यवाही नहीं हो रही थी। कलेक्टर की सख्ती के बाद सिहावल खंड प्रशासन पूरी तरह से सड़क पर उतर चुका है जिसकी वजह से इन दिनों रेत के अवैध कारोबारियों की शामत आ गई है। खंड स्तरीय जिम्मेदार अधिकारी इन दिनों रेत के परिवहन में लगे वाहनों की जांच के साथ ही रेत के अवैध खदानों पर भी सतत नजर रखे हुए हैं।

## कलेक्टर ने दिए सख्त कार्यावाही के निर्देश



कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने रेत के अवैध उत्खनन, रेत के अवैध भण्डारण एवं रेत के अवैध परिवहन पर सीधी जिले में सतत कार्यवाई के निर्देश दिये हैं। रेत के मामले में संबंधित क्षेत्रो में संयुक्त टीम को कार्यवाई की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कुसमी एवं सिहावल क्षेत्र में कार्यवाई का असर देखा जा रहा है। वहीं जिले के पश्चिमी क्षेत्रों में अभी कार्यवाई का असर सामने नहीं आया है। जानकारों का कहना है कि कलेक्टर के सख्त निर्देश के बाद जो कार्यवाई अवैध रेत पर शुरू हुई है इसको अनवरत रूप से जारी रखा जाय। साथ ही इसका दायरा समूचे जिले में बढ़ाया जाए। सोन नदी के विभिन्न तटों के साथ ही गोपद नदी एवं बनास नदी के कई घाटों से स्थानीय रेत माफिया भी रेत के अवैध कारोबार में पूरी तरह से संलिप्त रहा है।

## पुष्पांजलि के फल वितरण कार्यक्रम मे दिखा उत्साह



**जागरण, सेमरिया।** सेमरिया अस्पताल मे लगातार आठ माह से अधिक समय से मरीजो को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ मिले इस बात की चिन्ता करते हुए पुष्पांजलि चैरिटेवल लगातार मरीजो को फल विस्किट बाट रहा है। इसी क्रम मे आज सोमवार को फल वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेमरिया अस्पताल की पदस्थ नर्स श्रीमती सुनीता ने कहा कि यह कार्य अति सराहनीय व अपने आप मे पुण्य का कार्य है। इस सेवा कार्य मे लगे सभी समाजसेवियो को बधाई देती हूँ तथा आप पास से पहुचे लोगो को भी बधाई दी तथा लोगो को निर्भय रह कर जीवन यापन की सलाह दी। कार्यक्रम मे अस्पताल के सभी स्टॉफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज कुमार शुक्ला शुक्ल व संस्था वालेन्टियर पवन तिवारी, भगवान प्रकाश सहित काफी संख्या मे मरीज उपस्थित रहे। फल वितरण कार्यक्रम मे काफी संख्या मे पहुचे लोगो मे काफी उत्साह देखने को मिला। तदाशय की जानकारी संस्था उपाध्यक्ष भगवान प्रकाश शुक्ला ने दी।

## श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ की धूम



**जागरण, मोहनिया।** चुरहट के समीप ग्राम गनौड़ में विगत 8 मई से श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की धूम मची हुई है। कथा व्यास कृपाशंकर जी महरा द्वारा छठवें अध्याय में पूतना उद्धार कृष्ण माखन चोरी और गोवर्धन पर्वत पूजन का विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया। मुख्य कथा स्त्रोता रामश्वरूप एवं श्रीमती रामवती पटेल द्वारा सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ कथा का श्रवण किया जा रहा है। कथा व्यास ने आगे कहा कि कृष्ण का अर्थ जो दुनिया को खींचकर अपने चरणों में कर लेते हैं। कथा में रुक्मणि विवाह का प्रशंग विस्तार से सुनाते हुए कहा कि हरि मिलिन्है वृंदावन में भूल भई। मेरे मन में भजन गाकर स्त्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा का श्रवण करने पहुंचे मुख्य स्त्रोताओं में प्रमोद कुमार तिवारी सविच, अश्वनी कुमार पाण्डेय सहायक सचिव, जगदीश पटेल, भागीरथ रजक, वृषमणि पयासी, भैयालाल पयासी, विजय लाल पयासी, सोम दत्त पटेल, पत्रकार प्रेमलाल साहू, गौरी पटेल, इंद्रजीत शुक्ला, रामशरण पटेल, कौशल प्रसाद रजक, रामपाल पाण्डेय, शिवचरित तिवरी, कृष्ण कुमार तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## शिक्षक की सेवानिवृत पर सम्मान समारोह का आयोजन




**जागरण, सेमरिया।** शासकीय गुरुकुल कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरिया के वरिष्ठ शिक्षक राजेन्द्र सिंह ने 31 मई 2025 को अपनी सेवाओं से सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर विद्यालय में 3 जून 2025 को सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएम राईज विद्यालय सेमरिया के प्राचार्य अनिल मिश्रा थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में हरीश मिश्रा, अनूप सचिन खरे, अखंड प्रताप सिंह, जबकि अध्यक्षता कर रहे रामनारायण पाण्डेय, आशुतोष मिश्रा, सुरेश पाण्डेय और विद्यालय के समस्त स्टाफ ने भाग लिया, जिनमें राघवेंद्र पाण्डेय, शिवनारायण पाण्डेय, रामनारायण त्रिपाठी, अशोक सिंह, पुष्पराज पाण्डेय, वीरेंद्र सिंह, शान बहादुर सिंह, माया सिंह, मंजू लता मिश्रा, राम सिंह, आशा अग्निहोत्री, हीरालाल त्रिपाठी, प्रमोद मिश्रा, रामकृपाल पाण्डेय, राजेश कुमार द्विवेदी, मिथिलेश मिश्रा, श्याम सुंदर शुक्ला, प्रवीण सिंह, अंजनी मिश्रा और राज कुमार सिंह भूपेंद्र सिंह, मधुलिका सिंह शामिल थे। इस अवसर पर गुरुकुल विद्यालय के प्रचार हनुमान प्रसाद मिश्र ने अपने उद्बोधन में राजेन्द्र सिंह के सेवाकाल के दौरान उनके योगदान और समर्पण की सराहना की गई। उपस्थित अतिथियों और स्टाफ सदस्यों ने राजेंद्र सिंह को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। सम्मान समारोह का आयोजन विद्यालय प्राचार्य हनुमान प्रसाद मिश्र द्वारा किया गया था। इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफऔर ग्रामीणों की उपस्थिति रही। राजेन्द्र सिंह के सम्मान समारोह ने उनके सेवाकाल के दौरान उनके योगदान को यादगार बना दिया।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 173 आवेदकों की समस्याएं



**जागरण, सीधी।** नागरिकों के समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इस बार आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 173 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, संयुक्त कलेक्टर एसपी मिश्रा, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी धनंजय मिश्रा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांन्फ्रें सिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

### जनसुनवाई में एसपी ने सुनी समस्याएं



जिले में आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान हेतु प्रत्येक मंगलवार को आयोजित की जाने वाली जनसुनवाई की श्रृंखला के अंतर्गत दिनांक 3 जून 2025 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सीधी के सभागार में जनसुनवाई का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस जनसुनवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमती गायत्री तिवारी, कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक कन्हैया सिंह बघेल, थाना प्रभारी जमोड़ी उप निरीक्षक दिव्य प्रकाश त्रिपाठी एवं महिला थाना से सउनि अशोक बंसल सहित अन्य अधिकारीगण भौतिक रूप से उपस्थित रहे। वहीं जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनसुनवाई से जोड़ा गया। जनसुनवाई में शहरी एवं ग्रामीण अंचलों से 120 से अधिक शिकायतकर्ता पहुंचे। प्रमुख शिकायतों में पारिवारिक विवाद, लड़ाई-झगड़ा एवं मारपीट, धोखाधड़ी तथा भूमि/जमीनी विवाद शामिल रहे। जनसुनवाई के दौरान महिलाओं की शिकायतों को प्राथमिकता दी गई। महिला शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सर्वप्रथम सुनी गईं और तत्पश्चात पुरुष शिकायतकर्ताओं की सुनवाई की गई।

## प्रस्तावित नियमों से सामान्य, पिछड़ा कर्मचारी सहमत नहीं



**जागरण, सीधी।** मध्यप्रदेश में सरकार एक बार फिर से रुकी हुई पदोन्नतियां प्रारंभ करने की कवायद कर रही है। मंत्री स्तरीय समिति के पश्चात आधिकारिक स्तर पर भी पदोन्नति के लिए तीसरी बार नए नियम बनाए जा रहे हैं। कर्मचारियों की सहमति हेतु आयोजित बैठक में प्रस्तुत ड्राफ्ट से सपाक्स सहमत नहीं है और इस पर घोर आपत्ति दर्ज कराई गई है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में प्रभावशील लोक सेवा पदोन्नति नियम 2002 उच्च न्यायालय द्वारा अपने नियम दिनांक 30 अप्रैल 2016 को असंवैधानिक पाये जाने पर अपास्त कर दिए जाने से निर्णय के विरुद्ध मप्र सरकार सर्वोच्च न्यायालय गई थी। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा उक्त अपील पर दिनांक 12 मई 2016 को यथास्थिति के अंतरिम आदेश दिए थे और तभी से प्रदेश में पदोन्नतियां बाधित हैं। सरकार उक्त अपील पर शीघ्र निर्णय की पहल न करते हुए नये पदोन्नति नियम 2025 का प्रारूप अधिसूचित करने की कार्यवाही करने जा रही है। ये नए नियम प्रारूप सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एम. नागराज प्रकरण तथा जरनैल सिंह प्रकरण में निर्दिष्ट सिद्धांतो के विपरीत हैं। इससे पूर्व 2022 में मंत्री समूह की बैठकों में इस संबंध में सामान्य, पिछड़ा व अल्पसंख्यक वर्ग अधिकारी कर्मचारी संस्था अपनी स्पष्ट आपत्तियाँ जता चुका है। नये नियम से सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग कर्मचारियों को फिर से नुकसान उठाना पड़ेगा। उक्त नियमों में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों की मूलधारणा की स्पष्ट अवमानना पुन: की जाकर पदोन्नति नियम 2002 को ही नए स्वरूप में लागू करने का प्रयास सरकार द्वारा किया जा रहा है, जो कतई स्वीकार्य नहीं है।

## नरवाई से जैविक खाद बनाना लाभदायक: कृषि वैज्ञानिक

**जागरण, सीधी।** जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र सीधी एवं कृषि अधिकारियों द्वारा किसानों को नरवाई नहीं जलाने तथा उससे जैविक खाद बनाने की सलाह दी गई। विकसित कृषि संकल्प अभियान में छठवें दिन पहले दल द्वारा रामपुर नैकिन विकासखंड में कपुरी, भरतपुर, बढ़गौना, दूसरे दल द्वारा सिहावल विकासखण्ड में सिहावल, महुआर, सेमरी तथा तीसरे दल द्वारा कुसमी विकासखंड में गुड़ुआधर, खोखरा एवं अमगांव में किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कृषि वैज्ञानिकों तथा कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के किसानों को गेंहू तथा अन्य फसलों को काटने के बाद बचे हुए अवशेष नरवाई नहीं जलाने की सलाह दी गई है। उन्होंने बताया कि नरवाई जलाने से एक ओर जहां खेतों में अग्नि दुर्घटना की आशंका रहती है। वहीं मिट्टी की उर्वरकता पर भी विपरीत असर पाता है। इसके साथ ही धुएँ से कार्बन डायआक्साइड की मात्रा वातावरण में जाती है जिससे वायु प्रदूषण होता है। मिट्टी की उर्वरा शक्ति लगभग 6 इंच की ऊपरी सतह पर ही होती है।

## घड़ियालों से गुलजार हुआ सीधी का सोन अभ्यारण

### 132 हुई बच्चों की संख्या, 44 साल पहले हुआ था शुरू



जागरण, सीधी

जिले के सोन घड़ियाल अभ्यारण में घड़ियालों का कुनबा बढ़ने की अच्छी खबर सामने आने से विभागीय अमले में भी काफी खुशी है। सोन घड़ियाल अभ्यारण जोगदह इन दिनों घड़ियालों के बच्चों से गुलजार है। 132 घड़ियालों के पैदा होने से विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों और जिले के लोगों में खुशी की लहर है। यह पहली बार हुआ है, जब इतनी संख्या में घड़ियालों के बच्चे हुए हैं। अब सोन घड़ियाल अभ्यारण अमला उनकी देखरेख एवं सुरक्षा-व्यवस्था में जुटा हुआ है। बताते चलें कि वर्ष 1981 में सीधी जिले के सोननदी के जोगदहा में सोन घड़ियाल अभ्यारण बनाया गया, जहां मगर व घड़ियालों को लाकर रखा गया। शुरुआती दौर के परिश्रम के बाद विभाग को सफलता मिलती रही, लेकिन बाद में घड़ियालों की संख्या बढ़ाना और उन्हें बचाना एक चुनौती सा हो गया। वर्ष 2021 में दो नर घड़ियालों की मौत हो गई। इसके बाद यहां नर घड़ियालो की संख्या ना के बराबर रही। बाद में चंबल से एक नर घड़ियाल सीधी लाया गया, इसके बाद पांच मादा घड़ियालों से 132 बच्चे पैदा हुए हैं। घड़ियाल विलुप्त होती प्रजाति है, जिसे बड़ी मुश्किल से बचाया जाता है। अनुपात में जन्म के बाद कुल संख्या में दो प्रतिशत ही घड़ियाल के बच्चे बच पाते हैं। जहां हेचरी की सुविधा है, वहां उनके बचने की संख्या ज्यादा होती है। चंबल क्षेत्र में यह सुविधा उपलब्ध है। अंडे से बाहर आने के बाद बच्चों को हैचरी में रखा जाता है और फिर उन्हें बड़े होने पर छोड़ दिया जाता है। सीधी जिले में बने सोन घड़ियाल अभ्यारण में

### 38 घड़ियाल, 74 मगर की है संख्या

सोन घड़ियाल अभ्यारण में घड़ियालों की संख्या 38 है तो वहीं, मगरमच्छ की संख्या 74 बताई गई है। स्कीमर की संख्या 41 है, इसके अलावा 49 प्रकार के पक्षी हैं, जिनकी संख्या 4015 होना बताया गया है। इसमें खास बात यह है कि घड़ियालों की संख्या 38 है, जो बच्चों को छोड़कर है। कारण यह कि अभी घड़ियालों के बच्चों में नर और मादा को पहचानना काफी कठिन होता है। कई माह बाद ही इन्हें नर व मादा के रूप में पहचाना जा सकता है। ऐसे में अभी तक जिन नर और मादा घड़ियालों की पहचान हुई है, उनकी संख्या 38 बताई गई है।

अभी तक हैचरी की सुविधा नहीं हो पाई है, जिसके चलते घड़ियालों के बच्चों को बचाना चुनौती रहता है। आगामी समय में यहां भी हेचरी की सुविधा उपलब्ध होगी और घड़ियालों से होने वाले बच्चों को बचाने के लिए पूरा प्रयास किया जाएगा।

## जमोड़ी में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**जागरण, सीधी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में मंगलवार दिनांक 3 जून 2025 को ग्राम जमोड़ी में मनीष कौशिक जिला विधिक सहायता अधिकारी के द्वारा (नालसा असंगठित क्षेत्र के कामगारों/श्रमिकों के लिए विधिक सेवाएं योजना) अंतर्गत विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में श्री कौशिक द्वारा गैर संगठित क्षेत्र के मजदूरों के सशक्तिकरण एवं श्रमिकों के कानूनी अधिकार, असंगठित क्षेत्र के श्रमिको को विधिक सेवाएं, नालसा नशा पीड़ितों को विधिक सेवाऐं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाए योजना, 2015, आदिवासियों को विधिक सेवाएं, नालसा गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विधिक साक्षरता शिविर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा श्रमिको के लिए संचालित योजनाओं तथा श्रमिकों हेतु शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई।


**कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक सीधी जिला सीधी (म.प्र.)**

क्रमांक/भण्डार/2025/2225 सीधी दिनांक 26/5/25

**विज्ञप्ति**

जिला चिकित्सालय सीधी के विभिन्न वार्डों एवं सेक्सनों को मेडिकल ऑक्सीजन गैस खाली सिलेण्डरों में रिफलिंग (बी टाईप छोटे साइज, डी टाईप जम्बो) कराने के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है इस हेतु इच्छुक निविदादाताओं से खुली निविदा दिनांक 12.06.2025 तक आमंत्रित की जाती है, निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु 1000.00 रूपये की डिमांड ड्राफ्ट सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला सीधी (म.प्र.) के नाम से जमा करनें पर दिनांक 11.06.2025 तक कार्यालयीन समय में इस कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

(डॉ. एस0बी0 खरे)
सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला सीधी (म.प्र.)



**RUKMINI RISING STAR HIGH SCHOOL SIDHI**

**Admission open for session 2025-26 NUR. TO 10TH**

| Sr. | Subject | No of vacancy |
|---|---|---|
| 1. | Math | 01 |
| 2. | Social science | 01 |
| 3. | English | 01 |
| 4. | Computer | 01 |
| 5. | Sanskrit | 01 |

**Address:- Infront of Ramagovind palace Collage Stadium Road North Karaundiya sidhi**

Mob. No.- 7024967935, 6264798158, 7898612068



**RAISBEAN CITY HIGH SCHOOL PADRA**

Medium:- Hindi/English



**ADMISSION OPEN 2025-26**

**TEACHERS REQUIRED**

| Sr. | Subject | Qualification | vacant seat |
|---|---|---|---|
| 1. | Mathematics | M.Sc., B.Ed. | 2 POST |
| 2. | English | M.A., B.Ed. | 2 POST |
| 3. | Social science | M.A., B.Ed. | 1 POST |
| 4. | Science | M.Sc., B.Ed. | 2 POST |
| 5. | Physical Education | BPED with sound English | 1 POST |
| 6. | Music and Dance teacher | ___ | 1 POST |
| 7. | Computer Teacher | CPCT & PGDCA | 1 POST |

Our Special Features
* Trained and Qualified staff.
* Big play Ground.
* Computer Lab.
* Music art and yoga, Dance Class
* Big Library.
* Full Emphasis on Spoken Class
* Teaching through digital smart board Audio vedio and play way method of teaching.
* Well Maintained and safe Transport Facility.

Walk in interview - 15/06/2025, Time 11am to 1 pm

Add- Nh. 39 Rewa Singrauli By Pass Road padra Sidhi (M.P.)
E-mail:- rchspadra@gmail.com
Contact No.:- 9752847634, 6267295254, 6261514926

Fully secured and CCTV Sureillance campus



**शिक्षा महाविद्यालय सीधी (म.प्र.)**

सम्बद्ध-अ.प्र. सिंह विश्वविद्यालय रीवा (म.प्र.)

प्रवेश प्रारंभ

**संचालित पाठ्यक्रम**

| | | |
|---|---|---|
| B.A. (Computer) – 12वीं पास (कला समूह) | B.Sc (Computer) – 12वीं पास (विज्ञान विषय) | BA.Bed (All Sub. 4 Year) – 12वीं पास (सभी समूह के विषय) |
| B.A. (Plain) – 12वीं पास (कला समूह) | B.Sc (CBZ) – 12वीं पास (विज्ञान विषय) | B.Ed (2 Year) – स्नातक पास (सभी समूह) |
| B.Com (Computer) – 12वीं पास (वाणिज्य विषय) | B.Sc (PCM) – 12वीं पास (विज्ञान विषय) | DELED (2 Year) – 12वीं पास (सभी समूह के विषय) |
| B.Com (Plain) – 12वीं पास (वाणिज्य विषय) | B.Sc (Bio. Tech.) – 12वीं पास (विज्ञान विषय) | L.L.B. (3 Year) – स्नातक पास (सभी समूह) |

शिक्षा महाविद्यालय, पनवार सेंगरान, सीधी म.प्र.

सम्पर्क सूत्र :- 6261003429, 9981861520

# कक्षा 10वीं-12वीं की द्वितीय परीक्षा आवेदन की फिर तिथि बढ़ी

## अब 8 जून तक होगा आवेदन, पहले 31 मई तक का था समय

जागरण, रीवा



माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी की द्वितीय परीक्षा के आवेदन की तिथि 21 मई तक थी जिसे बढ़ाकर 31 मई कर दिया गया था लेकिन इसे फिर से बढ़ा दिया गया है, अब 8 जून तक का समय छात्रों को दे दिया गया है। सत्र 2024-25 की हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। जारी निर्देशों के मुताबिक मुख्य परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र अंक सुधार के लिए अथवा अनुत्तीर्ण छात्र उत्तीर्ण विषयों के अंक सुधार के लिए 25 मई तक आवेदन कर सकते हैं। इस तिथि के पश्चात कोई भी छात्र अपने उत्तीर्ण विषयों में अंक सुधार के लिए आवेदन नहीं कर सकेगा। हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी मुख्य परीक्षा में केवल अनुत्तीर्ण विषयों के लिए 8 जून की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। बता दें कि हाई स्कूल की पुनः परीक्षा 17 जून से 26 जून तक एवं हायर सेकेंडरी की पुनः परीक्षा 17 जून से 5 जुलाई तक होगी।

# दानदाताओं से प्राप्त हुए पचास हजार रुपये के बर्तन सेट

## बर्तन बैंक का हुआ शुभारम्भ

रीवा। कल्पना कल्याण समिति के तत्वाधान में नगर पालिक निगम रीवा एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मार्गदर्शन व सहयोग से दुकान नं. 17 प्रथम तल महामृत्युंजय मार्केट में दानदाताओं से प्राप्त लगभग 50,000 रुपये की राशि से 200 स्टील बर्तन सेट (थाली, कटोरी, गिलास एवं चम्मच) की स्थापना की गई। पं. सुरेन्द्र आचार्य एवं सपना नामदेव द्वारा माँ लक्ष्मी एवं गणेश की पूजा अर्चना मंत्रो उच्चारण के साथ पूजा कराई गई तथा बर्तन बैंक का विधिवत लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सूफिया सहफूज खान पार्षद वार्ड 41 ने अपने वार्ड में स्थापित बर्तन बैंक की सफलता के लिये अपनी शुभकामनायें दीं। साथ ही उपस्थित एस.पी.झा क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने कहा कि प्लास्टिक बर्तन के कण पूरे जीव जन्तू एवं मानव जगत के लिये अभिशाप बन चुका है। इसके विकल्प के रूप में कल्पना कल्याण समिति द्वारा स्टील बर्तन बैंक की स्थापना एक नवाचार एवं सराहनीय कदम है। इससे स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षित होगे तथा लोग



इस ओर आकर्षित होगे। इसके पूर्व ककस अध्यक्ष बी.पी.सिंह ने बर्तन बैंक के मूल सिद्धान्त को प्रतिपादित करते हुये बताया कि बर्तन बैंक प्लास्टिक डिस्पोजल के स्थान पर स्टील बर्तन निःशुल्क सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के लिये उपलब्ध कराने का सांकेतिक प्रयास एवं जन जागरुकता लाना है। 500 रु. सर्विस शुल्क की रसीद कटवा कर कोई भी व्यक्ति बर्तन बैंक से निःशुल्क बर्तन प्राप्त कर सकेगा तथा ले जाने एवं पहुंचाने की जिम्मेदारी उपभोक्ता की स्वयं रहेगी।

## प्रयाग को जेईई एडवांस्ड में 112 वीं रैंक हासिल

जागरण, रीवा। शहर के निवासी प्रयाग पिता विनित तिवारी ने जेईई एडवांस्ड (आईआईटी) 2025 में ऑल इण्डिया में 112 वीं रैंक हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि पर उनके पिता विनित तिवारी, माता कीर्ति तिवारी, बुआ रेणु शुक्ला सहित समस्त तिवारी परिवार, मित्रजनों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

**In The Court Of V Civil Judge Class-I, District Court, Rewa**
Presiding Officer: वरूण कुमार शर्मा
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000016/2025)
सरस्वती मिश्रा.................. आवेदक
VS
इण्डियन बैंक............... अनावेदक
Process Id:-/2025
पेशी दिनांक – 08/07/2025
प्रेषिती–
1. हर आम व खास पता–रीवा
2. आम जनता
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सरस्वती मिश्रा पता ने मृतक राजेन्द्र प्रसाद तिवारी तनय शिवधारी राम तिवारी निवासी ग्राम सथिनी रघुनाथ गंज, मनगवां रीवा (म.प्र.) की राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 08 जुलाई 2025 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 08 जुलाई 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।
यह आज तारीख 14 मई 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
यदि किसी कारणवस उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
मुद्रा
(वरूण कुमार शर्मा)
पंचम व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ खण्ड, जिला रीवा (म.प्र.)
RN-82270

## राज्य एथलेटिक्स स्पोटर्स अकादमी में प्रवेष हेतु चयनस्पर्धा 2 जुलाई को

सतना। प्रभारी खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2025-26 में मध्यप्रदेश राज्य एथलेटिक्स अकादमी एवं वाटर स्पोटर्स अकादमी की रोइंग विधा में प्रवेश के लिए बालक-बालिका खिलाडियों की चयनस्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। खेल एथलेटिक्स का आयोजन 2 जुलाई को प्रातः 6.30 बजे से दादा सुखेन्द्र सिंह स्पोर्ट्स काम्पलेक्स जवाहर नगर सतना में प्रतिभा चयन कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

## केवी-1 में नेशनल खेलकूद में चयनित बच्चों की समर कोचिंग शुरू

रीवा। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 में नेशनल खेलकूद में चयनित बच्चों का समर कोचिंग कैंप चल रहा है।

## पेवर्स रोड एवं नाली निर्माण का किया भूमिपूजन



जागरण सतना। सोमवार को वार्ड क्रमांक 31 अंतर्गत श्री साई कॉलोनी प्रजापति मोहल्ला में पेवर्स रोड निर्माण कार्य लागत राशि 15.56 लाख एवं बूटी बाई स्कूल के पीछे नाली निर्माण कार्य लागत राशि 9 लाख का भूमि पूजन विधिवत रूप से महापौर योगेश ताम्रकार के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। भूमि.पूजन के साथ इन दोनों बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों का निर्माण शुभारंभ किया गया। यह दोनों निर्माण कार्य शीघ्र ही पूर्ण होकर स्थानीय निवासियों को आवागमन एवं जल निकासी की बेहतर सुविधा प्रदान करेंगे। इस पहल से क्षेत्र की एक बड़ी आवश्यकता का समाधान होगा। उक्त बातें महापौर ने भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान कही।

**कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे :** नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी निर्माण विभाग अध्यक्ष गोपी गेलानी , वार्ड पार्षद श्रीमती रजनी रामकुमार तिवारी , के के गर्ग , रामायण प्रसाद पांडे , विनोद सिंह , ज्ञानेंद्र मिश्रा , अभिलाष निगम , जितिन प्रसाद यादव , रामचंद्र कश्मीरी , सुरेश एवं नगर निगम के आरपी सिंह मौजूद रहे।

## प्रदूषण बोर्ड ने आयोजित किया पौधरोपण कार्यक्रम

### विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह के तहत हो रहे विभिन्न आयोजन



जागरण, रीवा। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में इस वर्ष की थीम 'एन्डिंग प्लास्टिक पॉल्यूशन ग्लोबली' विषय पर क्षेत्रीय कार्यालय मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा वार्ड क्रमांक 13 नेहरू नगर में दिनेश पार्क में वृहद पौधारोपण का आयोजन पार्षद नम्रता संजय सिंह की उपस्थिति में किया गया। जिसके अन्तर्गत नुक्कड़ नाटक से आमजन को प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करने एवं उससे होने वाली हानियों के बारे में बताया वार्ड के डॉ.अतुल शुक्ला, संजय सिंह एवं अन्य सम्मानीय नागरिक व क्षेत्रीय कार्यालय के बैज्ञानिक डॉ. संजय मिश्रा, डॉ. शुभी माथुर, रामनारायण चतुर्वेदी, आरबी यादव, आरपी पटेल, अनिल चतुर्वेदी, नवीन दुबे, दिनेश शुक्ला, दिनेश मिश्रा, महिमा पाण्डेय, शषांक सिंह, वीरेन्द्र सेन, रमेश कुमार तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अगली कड़ी में कोठी कम्पाउण्ड के समक्ष नुक्कड़ नाटक के माध्यम से राजेश शुक्ला एवं उनकी टीम ने पॉलीथिन के दुष्परिणामों एवं जल संरक्षण एवं संवर्धन के महत्व को हास्यपुट के साथ प्रदर्शित किया। पॉलीथिन के उपयोग को पूर्णतः बंद कर कपड़े के थैले व स्टील के बर्तनों के उपयोग करने के लिये आह्वान किया।

## डॉ. सर्वेश पाण्डेय का असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर हुआ चयन

रीवा। ग्राम डोल निवासी डॉ. सर्वेश पाण्डेय पिता मुनीन्द्र प्रसाद पाण्डेय का चयन लोक सेवा आयोग के माध्यम से सहायक प्राध्यापक के पद पर हुआ है । उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता गुरुजनों और भाई रूपेश पाण्डेय को दिया है । उनकी इस उपलब्धि पर पिता मुनीन्द्र प्रसाद पाण्डेय भाई रूपेश पाण्डेय और परिवार के सदस्यों के साथ ही इष्ट-मित्रों ने हर्ष प्रकट किया है।

## नीरव दीक्षित बने जेडी शिक्षा

रीवा। स्कूल शिक्षा विभाग के उप सचिव ने संयुक्त संचालक लोक शिक्षण रीवा संभाग के पद पर नीरव दीक्षित को प्रभारी संयुक्त संचालक के पद पर पदस्थापना संबंधी आदेश जारी किए हैं। गौरतलब है कि संभागीय कमिश्नर ने उक्त पद पर 31 दिसंबर को के.पी तिवारी को प्रभार दिया था, जिसके बाद उन्हे मुक्त कर उक्त प्रभार श्री दीक्षित को दिया गया है। हालांकि जेडी का प्रभार पाने वाले नीरव दीक्षित पूर्व में सतना जिले के जिला शिक्षा अधिकारी पद पर भी पदस्थ थे, जहां स्कूलों की मरम्मत के लिए आई राशि में करोड़ों रुपए की राशि में भ्रष्टाचार की शिकायत पर उन्हें हटा दिया गया था।

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

**कार्यालय वनमंडलाधिकारी, वनमण्डल सा॰ रीवा (म.प्र.)**
जयन्ती कुंज, झिरिया, रीवा
E-Mail- dfot.rwa@mp.gov.in , Phone- 07662- 251335

क्रमांक/भण्डार/ 4627
प्रति,
रीवा दिनांक 26.05.2025

**ई-निविदा सूचना**

वनमण्डल रीवा अंर्तगत वर्ष 2025-26 में विभिन्न योजनाओं के तहत वानिकी कार्यों में पौधे अंर्तगत क्षेत्र सुरक्षा, रोपित पौधों की सुरक्षा हेतु फेंसिंग सामग्री की आपूर्ति ई-निविदा एम०पी० टेण्डर पोर्टल में www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है:-

| | | |
|---|---|---|
| Tender Sale Start Date - | 27.05.2025 | Time 11.00 AM |
| Bid Submission Start Date - | 27.05.2025 | Time 11:30 AM |
| Bid Submission Closing Date- | 10.06.2025 | Time 03.00 PM |
| Bid Opening Date - | 11.06.2025 | Time 04:30 PM |

1. इच्छुक व्यापारीगण/संस्था ई-निविदा संबंधी संपूर्ण जानकारी www.mptenders.gov.in वेबसाइट पर प्राप्त करें। निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र प्राप्त हो सकेगा।
2. निविदा प्रपत्र शुल्क एवं एवं ई.एम.डी. की राशि ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त की जायेगी। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
3. उक्त निविदा हेतु निर्धारित फार्म एवं विस्तृत शर्तों की जानकारी www.mptenders.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

(लोकेश निरापुरे भा.व.से.)
वनमण्डलाधिकारी
वनमण्डल (सा.) रीवा
जी–13761/25

**एम.पी. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पो. लि.**
SCSC
मुख्यालय, भोपाल
क्र./परिवहन/निविदा /243975/2024-25/NIT NO/772
भोपाल, दिनांक 03/06/2025

**परिवहन कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

01. कार्पोरेशन द्वारा निविदा अवधि वर्ष 2023-25 के परिवहन कार्यों हेतु ऑनलाइन GEM पोर्टल पर Handling,Transport and Other Mining Services के अन्तर्गत रजिस्टर्ड निविदाकारों से शेष रहे जिलों/रैकपाइन्ट/सेक्टर्स हेतु निम्नानुसार निविदायें आमंत्रित की जाती हैं :-
 01. HLRT (खाद्यान्न) रैकपाइन्ट (तेरवीं निविदा)
 02. LRT (सामान्य) रैकपाइन्ट (ग्यारवीं निविदा)
 03. LRT रबी एवं खरीफ उपार्जन (इक्कीसवीं निविदा)
निविदा दस्तावेज वेबसाइट **https://gem.gov.in** पर अवलोकन हेतु उपलब्ध है। निविदा दस्तावेज एवं निविदा प्रक्रिया ऑनलाइन भरने हेतु संबंधित तकनीकी सहयोग व स्पष्टीकरण हेतु टोल फ्री नम्बर (Inbound): 1800-419-3436 1800-102-3436 ( 9:00 am - 10:00 pm Mon to Sat ) पर सम्पर्क कर सकते हैं। **एवं**
02. कार्पोरेशन द्वारा निविदा अवधि वर्ष 2023-25 के परिवहन कार्यों हेतु ऑनलाइन म.प्र. शासन के MPTENDERS पोर्टल पर शेष रहे जिलों/रैकपाइन्ट हेतु निम्नानुसार निविदायें आमंत्रित की जाती हैं:-
 1. HLRT (बारदाना) रैकपाईन्ट (आठवीं निविदा)
निविदा दस्तावेज वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर अवलोकन हेतु उपलब्ध है। सहयोग एवं स्पष्टीकरण हेतु टोल फ्री नम्बर 0120-4001002 पर सम्पर्क कर सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/120439/2025
**महाप्रबंधक(परिवहन)**

**कार्यालय नगर परिषद त्योंथर जिला रीवा (म.प्र.)**
E-mail ID-cmoteonthar@mpurban.gov.in
क्रमांक/451/ई–टेण्डरिंग/न.परि./2025
त्योंथर दिनांक– 03.06.2025

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि | अनुमानित राशि | निविदा अमानत राशि (EMD) | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_428417_1 | उच्चकुशल, कुशल, अर्द्धकुशल, एवं अकुशल (कम्प्यूटर ऑपरेटर, ड्राईवर, सफाई श्रमिक, लाईनमैन इत्यादि) मेनपॉवर की सेवाएं प्रदान करना | 01 वर्ष | 18 लाख | 13500 हजार | 2 हजार |

नोट :– निविदा से संबंधित समस्त जानकारी पोर्टल पर अपलोड है एवं और अधिक जानकारी के लिए कार्यालय मे स्थापना शाखा से सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है। निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन www.mptenders.gov.in बेबसाईट पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। निविदा 03/06/25 सायं 5.30 से 03/07/25 सायं 5.30 तक देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद त्योंथर,
जिला रीवा (म.प्र.)

**कार्यालय, कलेक्टर (जनजातीय कार्य ) शहडोल,म0प्र0**
http://mptender.gov.in दूरभाष:– 07652–240320 Email- twelfareshd@mp.nic.in
कमांक/ज0जा0का0/निर्माण/2025–26/3185
शहडोल, दिनांक 30-05-2025

**ई–निविदा विज्ञप्ति द्वितीय आमंत्रण**

म0प्र0 के राज्यपाल की ओर से ऑनलाइन निविदायें प्रतिशत दर पर लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से भवन निर्माण हेतु लोक निर्माण विभाग(भवन) म0प्र0 भोपाल द्वारा जारी 25 मार्च 2022 लोक निर्माण विभाग (रोड एवं ब्रिज) से प्रभावशील लोक निर्माण विभाग के प्रचलित एस.ओ.आर. पर (निविदा दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित) निम्नांकित कार्यो हेतु द्वितीय ऑनलाईन निविदायें निम्न विवरण अनुसार आमत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत शर्ते, निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारियां http://mptender.gov.in पर देखी जा सकती है।

1. आनलाईन निविदा प्रपत्र विकय की प्रारंभिक तिथि : 28.05.2025
2. आन लाईन निविदा प्रपत्र विकय की अंतिम तिथि : 10.06.2025
3. ऑन लाइन निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि : 10.06.2025
4. ऑन लाइन निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि : 12.06.2025

| क्र. | NIT No. | Online NIT No. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेके की अनुमानित राशि लाखों में | अमानत राशि | कार्य पूर्ण करने अवधि | उचित पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 6 | 7 |
| 1 | 3159/ 28.05.2025 | 2025_TAD-427321-1 | एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सोहागपुर, कन्या शिक्षा परिसर बुढार एवं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय शहडोल में एप्रोच सी0सी0 रोड निर्माण | 12500 | 151.54 | 151540.00 | 09 माह (वर्षा ऋतु सहित) | लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार |
| 2 | 3160/ 28.05.2025 | 2025_TAD-427325-1 | **शहडोल जिले के विकास खण्ड ब्यौहारी** में विभिन्न लघुमूल निर्माण कार्य अनुसूचित जाति, जनजाति/छात्रावास/आश्रमों में शौचालय निर्माण, अतिरिक्त कक्ष, बाउण्ड्रीबाल निर्माण, पेयजल व्यवस्था (पाइप लाइन फिटिंग/नलकूप खनन/ का कार्य), विद्युती फिटिंग, कोटा स्टोन फ्लोरिंग/टाईल्स लगाने का कार्य, पुताई, पेंटिग, वार्षिक अनुरक्षण कार्य सुदृढीकरण दरवाजे–खिड़की, छत/ फर्श, निर्माण कार्य/सीमेन्ट कांक्रीट सड़क एवं पक्की नाली निर्माण कार्य एवं अन्य लघुमूल निर्माण कार्य तथा अनुसूचित जाति/जनजाति बस्ती विकास/डी0एम0एफ0 एवं अन्य मद अंतर्गत स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्य) हेतु वार्षिक दर अनुबध। | 10000 | 60.00 लाख | 60000 | 12माह (4 माह कार्य आदेश से प्रत्येक कार्य के लिए वर्षा ऋतु सहित) | लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार |
| 3 | 3160/ 28.05.2025 | 2025_TAD-427327-1 | **शहडोल जिले के विकास खण्ड बुढार** में विभिन्न लघुमूल निर्माण कार्य अनुसूचित जाति, जनजाति/छात्रावास/आश्रमों एवं शालाओं उ0 मा0 वि0/हाई स्कूल में शौचालय निर्माण, अतिरिक्त कक्ष, बाउण्ड्रीबाल निर्माण, पेयजल व्यवस्था (पाइप लाइन फिटिंग/नलकूप खनन/ का कार्य), विद्युती फिटिंग, कोटा स्टोन फ्लोरिंग/टाईल्स लगाने का कार्य, पुताई, पेंटिंग, वार्षिक अनुरक्षण कार्य सुदृढीकरण दरवाजे–खिड़की, छत/ फर्श, निर्माण कार्य/सीमेन्ट कांक्रीट सड़क एवं पक्की नाली निर्माण कार्य एवं अन्य लघुमूल निर्माण कार्य तथा अनुसूचित जाति/जनजाति बस्ती विकास/डी0एम0एफ0 एवं अन्य मद अंतर्गत स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्य) हेतु वार्षिक दर अनुबंध। | 10000 | 80.00 लाख | 80000 | 12माह (4 माह कार्य आदेश से प्रत्येक कार्य के लिए वर्षा ऋतु सहित) | लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार |

आनलाईन अभिलेख जमा करना अनिवार्य होगा । निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाइट http://mptender.gov.in पर ही दर्ज किये जायेगें पृथक से समाचार पत्रों पर प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

सहायक आयुक्त,
जनजातीय कार्य शहडोल
म0प्र0
जी–13779/25

## आवश्यकता है

सैनिक स्कूल रीवा में कार्य करने हेतु सिक्यूरिटी गार्डस/सुपरवाइजर/कम्प्यूटर आपरेटर/स्वीपर
योग्यता :- 10वीं पास
ड्यूटी :- 8 घंटे (EPF एवं ESIC अलग से) तुरंत संपर्क करें।
कृपया सभी दस्तावेज के साथ संपर्क करें।
टारगेट सिक्यूरिटी सर्विस वार्ड नं. 15, सरदार पटेल काम्पलेक्स, बाणसागर रोड समान तिराहा न्यू बस स्टैंड रीवा (म.प्र.)
मो.नं. 7000811252
9755257936 RN. GM sir/6/6

## दुकान एवं हाल किराये से देना है

हाल- 7500, 2000 एवं विभिन्न सइज के दुकान 12X25, 10X25 एवं विभिन्न साईज की।
पता:- समान तिराहा नया बस स्टैड रीवा
मो. 9424982753
9200290020
RN 82519/4/6

## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क -
8962086944

## जनता और विभाग के बीच स्थापित किया मजबूत समन्वय : सुधीर अग्रवाल



### एसडीओपी प्रतिभा शर्मा को दी गई विदाई

जागरण सतना। अमरपाटन अनुभाग में पदस्थ एसडीओपी प्रतिभा शर्मा का हाल ही में मनगवा स्थानांतरण हो गया है। इस अवसर पर एसपी कार्यालय मैहर में एक भावनात्मक विदाई समारोह का आयोजन किया गयाए जहां पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी। समारोह में एसपी सुधीर अग्रवाल ने प्रतिभा शर्मा के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने न सिर्फ कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखा बल्कि जनता और विभाग के बीच मजबूत समन्वय स्थापित किया। उनकी कार्यशैली में कर्मठता निष्ठा और संवेदनशीलता स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती रही है। उनके नेतृत्व में अमरपाटन क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य सफ्लतापूर्वक संपन्न हुए। इस अवसर पर एडिशनल एसपी डॉ चंचल नागर, सूबेदार नृपेन्द्र सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने प्रतिभा शर्मा के उज्वल भविष्य की कामना की और मनगवां में उनके नए दायित्वों हेतु शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

**कार्यालय अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति**
**संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**
टैगोर छात्रावास, क्रमांक-T2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002

**ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2025-26 (C-17)**

(मध्यप्रदेश में स्थित शासकीय/स्वशासी/अनुदान प्राप्त/स्ववित्तीय/निजी क्षेत्र के पोलीटेक्निक संस्थान)
डिप्लोमा (Diploma) पाठ्यक्रम
तथा
एकलव्य/ डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर योजनान्तर्गत डिप्लोमा (Diploma) पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में अर्हकारी परीक्षा के आधार पर प्रवेश हेतु

| द्वितीय चरण (सामान्य पूल एवं TFW की सीटों के लिए एक साथ संयुक्त रूप से आयोजित) | |
|---|---|
| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन निरस्त | 04.06.2025 से 17.06.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| रजिस्ट्रेशन में सुधार (**Edit Registration**) (सत्यापित उम्मीदवारों के लिये रजिस्ट्रेशन में सुधार की सुविधा, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि के पश्चात केवल एक बार उपलब्ध रहेगी) | 18.06.2025 से 19.06.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| संस्थाओं के प्राथमिकता क्रम का ऑनलाइन ऑनलाइन चयन कर लॉक करना (प्राथमिकता क्रम (**Choice filling**) में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी) | 10.06.2025 से 21.06.2025 रात्रि 11:45 बजे तक |
| कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता। | 22.06.2025 |
| आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति (आंवटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश) | 26.06.2025 से 30.06.2025 सायं 5:00 बजे तक |
| **संस्था स्तर की कांउसलिंग (CLC) (काउंसलिंग के केन्द्रीयकृत चरण उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये)** | |
| **ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन** | **प्रवेश के अवसर का दिनांक/समय** |
| 18.06.2025 से 13.08.2025 रात्रि 11:45 बजे तक | दिनांक 02.07.2025 से दिनांक 13.08.2025 तक, **(प्रथम प्रवेश का अवसर,** दिनांक 02.07.2025, बुधवार) (सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार प्रात: 10:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक) |
| **उपरोक्त काउंसलिंग उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये** | |
| 14.08.2025 रात्रि 11:30 बजे तक | 14.08.2025 प्रात: 10:30 बजे से रात्रि 11:45 बजे तक |

- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
- संस्था स्तर की काउंसलिंग में **इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये** निर्धारित तिथि पर संस्था में **प्रात: 10:30 से दोपहर 1:00 बजे तक** उपस्थित हुए अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार कर, तदुपरान्त मेरिट के अनुसार प्रवेश किये जायेंगे।

**प्रवेश निरस्त :**
❖ काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकता क्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आवंटन जारी होने तक तथा संस्था स्तर की कांउसलिंग (CLC) में, प्रवेश का अवसर प्राप्त करने की दिनांक को, प्रवेश निरस्तीकरण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।
- **संपर्क : 0755-6720205, 2660441 ईमेल : dte.helpcenter@mp.gov.in**

संचालक
तकनीकी शिक्षा, म.प्र.
म.प्र. माध्यम/120454/2025

# मंडला में 4.84 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक (ब्राउन शुगर) सहित आरोपी गिरफ्तार



**जागरण, मंडला ।** थाना कोतवाली को सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति, जिसका नाम रोहित है, अनिकट क्षेत्र के पास अवैध मादक पदार्थ स्मैक (ब्राउन शुगर) के साथ संदिग्ध अवस्था में खड़ा है। प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी कोतवाली शफीक़ ख़ान द्वारा तत्काल पुलिस टीम को बताए गए स्थान पर रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा पूरी सतर्कता से घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को मौके पर पकड़ा गया। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान रोहित उर्फ राजा सारथी, पिता रमेश सारथी, उम्र 28 वर्ष, निवासी राजेन्द्र प्रसाद वार्ड, मंडला के रूप में हुई। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 4.84 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक (ब्राउन शुगर) बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 15,000 से 20,000 के बीच आंकी गई है।आरोपी का कृत्य NDPS Act की धारा 8/21 के अंतर्गत दंडनीय पाए जाने पर आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली मंडला में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी रोहित उर्फ राजा सारथी के विरुद्ध पूर्व में भी हृष्ठक्क एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध हैं। आरोपी द्वारा यह स्मैक कहां से प्राप्त की गई थी तथा ब्राउन शुगर का स्रोत क्या था, इस संबंध में भी विस्तृत जांच जारी है।

ज्ञात हो कि मंडला पुलिस द्वारा नशे के खात्मे हेतु ऑपरेशन क्लीन स्वीप चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत नारकोटिक हेल्पलाइन नंबर 7587644166 भी संचालित किया जा रहा है। इस हेल्पलाइन पर कोई भी व्यक्ति अपने आस-पास या मादक पदार्थों के व्यापार में संलिप्त किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी गोपनीय रूप से साझा कर सकता है।

**विशेष भूमिका:** उक्त कार्रवाई एसडीओपी मंडला के निर्देशन थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शफीक खान के नेतृत्व में उप निरी. सकरू सिंह धुर्वे, प्रआर.पूरन इडपाचे, आरक्षक अमित गरयार, रमेश सिंगरोरे, रामचंद्र कुर्वेती, सुरेन्द्र चौधरी, म.आर.इशिका चौधरी शामिल रहे।

## साईकिल से जिला योजना भवन आए कलेक्टर सोमेश मिश्रा



**मंडला।** इस अवसर पर आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा अपने कार्यालय से साईकिल चलाकर पहुँचे। साईकिल से जनसुनवाई में आने के संबंध में उन्होंने कहा कि लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने एवं फिट रहने के लिए योग, व्यायाम अथवा साईकिल चलाने जैसी गतिविधियों का संदेश देने के लिए विश्व साईकिल दिवस पर साईकिल का उपयोग किया गया है। मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कोविड-19 के बाद लोगों को अपनी रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए।

## 95 लीटर कच्ची शराब और 11 क्विंटल लाहन जब्त



**मंडला ।** जिला आबकारी अधिकारी रामजी पांडेय के मार्गदर्शन में मण्डला जिले में मदिरा के अवैध संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध की गई कार्यवाही में वृत मण्डला में ग्राम अंजनिया में मांद किनारे मदिरा निर्माण करने वाले अड्डों पर दबिश की कार्यवाही की गई। कच्ची मदिरा 95 लीटर एवं 110 डिब्बों में भरा लाहन, जिसकी मात्रा 1100 किलोग्राम। जप्त महुआ लाहन को घटनास्थल पर नष्ट किया गया। जप्त मदिरा एवं लहान की कुल अनुमानित कीमत 1,24,250 रुपये है। आबकारी बल को देख आरोपी भाग खड़े हुए। जिनके विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरिक्षक सर्वेश नागवंशी, शैली सैयाम, भानू पुसाम, हरेसिंह उइके, आरक्षक विजय कमलेश, रघुनाथ उइके, सत्यपाल मरावी, राजेन्द्र खंडेलकर, महेश पटेल, शंकुतला सैयाम, नेतराम ककोटिया, प्रिया नायडू उपस्थित रहे।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 80 लोगों की समस्याएं




**मंडला ।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने योजना भवन सभाकक्ष में जनसुनवाई के दौरान जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से आए 80 आवेदकों की समस्या सुनी। कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदनकर्ता को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवेदन का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, जेपी यादव, डिप्टी कलेक्टर क्षमा सराफ, एसडीएम सोनल सिडाम सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। संपन्न हुई जनसुनवाई में अतिक्रमण, पेंशन, दिव्यांग सहायता, प्रधानमंत्री आवास योजना, सीमांकन, पेयजल, बिजली बिल सहित अलग-अलग विषयों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए।

# प्रदेश के समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों में 1 से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश



**जागरण, डिंडोरी ।** संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रदेश के समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों में 1 जून से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया है। इस दौरान 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पूर्ण रूप से अवकाश मिलेगा, ताकि वे गर्मी के मौसम में सुरक्षित रहें। 6 माह से 3 वर्ष तक के बच्चों और गर्भवती व धात्री महिलाओं के लिए पोषण आहार (रेडी टू ईट फूड) वितरण का कार्य मंगलवार को यथावत जारी रहेगा। इस हेतु लाभार्थियों को केंद्रों में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। पोषण आहार (रेडी टू ईट फूड) में चावल आधारित सूखा खिचड़ी मिक्स, गेहूं आधारित मिश्रण, मूंग दाल मिश्रण, मक्का मूंग चना दाल मिक्स आदि शामिल हैं। आंगनबाड़ी सहायिकाओं को इन खाद्य पदार्थों का नियमित वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री श्याम सिंगौर के निर्देशन में स्व-सहायता समूहों को 2 जून तक आरटीई निर्माण एवं वितरण का कार्य पूर्ण करने को कहा गया है।आरटीई निर्माण और वितरण की भौतिक सत्यापन की जिम्मेदारी परियोजना अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को सौंपी गई है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि लाभार्थियों को पोषण आहार समय पर एवं सही मात्रा में प्राप्त हो।अवकाश की अवधि का उपयोग आंगनबाड़ी केंद्रों के वार्षिक संधारण और सफाई कार्य के लिए किया जा रहा है। सभी केंद्रों में साफ-सफाई के साथ आवश्यक मरम्मत कार्य भी किए जा रहे हैं। साथ ही ऐसे आंगनबाड़ी केंद्र, जो जर्जर भवनों में संचालित हो रहे हैं अथवा जहां बिजली, पानी और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, उन्हें चिन्हित कर संबंधित अधिकारियों को सूचित करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं, जिससे इन केंद्रों को सुविधायुक्त भवनों में स्थानांतरित किया जा सके।महिला एवं बाल विकास विभाग ने सभी लाभार्थियों से अपील की है कि वे दिए गए निर्देशों का पालन करें और निर्धारित तिथियों में केंद्रों पर उपस्थित होकर पोषण आहार प्राप्त करें। यह कदम बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण स्तर को बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई में 200 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**छतरपुर ।** मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर विशा माधवानी, कौशल सिंह, एसडीएम अखिल राठौर एवं विभागीय जिलाधिकारी उपस्थित रहे। व्हीसी के माध्यम से जिले के अनुभागों के एसडीएम एवं तहसीलदार जुड़े रहे। जनसुनवाई में प्राप्त 200 शिकायती आवेदनों का परीक्षण करते हुये सीईओ जिला पंचायत ने संबंधित विभाग को आवेदन निराकरण करने के लिए निर्देशित किया एवं समस्याओं को सुना। जनसुनवाई में शिक्षा, राजस्व, पुलिस, नगरीय निकाय, ग्रामीण विकास, विद्युत मण्डल, स्वास्थ्य, खाद्य, आदिम जाति, श्रम, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न शिकायती आवेदन प्राप्त हुए। सीईओ श्रीमती परिहार ने जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि प्राप्त आवेदनों का प्रमुखता के साथ निराकरण करें।

## लंबित प्रकरणों के निराकरण करें और कैम्प लगाकर सम्बंधित के जाति प्रमाण पत्र बनाएं : कलेक्टर

**छतरपुर ।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट कक्ष में अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत राहत प्रकरणों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में एएसपी विदिता सिंह, जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग डॉ. प्रियंका राय सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री जैसवाल ने अधिनियम अंतर्गत पीड़ितों और आश्रितों को मिलने वाली सहायता के प्रकरणों की समीक्षा की।

## 17 युवाओं का दल माँ तुझे प्रणाम योजना में भ्रमण करने रवाना



**जागरण, डिंडोरी ।** मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार माँ तुझे प्रणाम योजनान्तर्गत प्रदेश के चयनित युवाओं को प्रदेश के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, भौगोलिक स्थानों से परिचित कराने के लिये कार्य योजना बनाई गई है।जिला खेल और युवाकल्याण अधिकारी मोहम्मद अहमद खान ने बताया किइस वर्ष मध्यप्रदेश शासन द्वारा माँ तुझे प्रणाम योजनान्तर्गत प्रदेश के धार्मिक स्थल, नेशनल पार्क, प्राकृतिक व ऐतिहासिक धरोहरों से युवाओं को रूबरू करायेंगे। जिले से 17 युवाओं का दल 03 जून 2025 को धार्मिक स्थल ओमकारेश्वर, महेश्वर एवं माण्डव के भ्रमण के लिये नारायण सिंह मरावी युवा समन्वयक अमरपुर के साथ शहडोल संभाग के लिए रवाना हुए। युवाओं के दल में वि.खं. डिण्डौरी से रविराजपूत, चिन्मय जैन, अभय सिंह ठाकुर, मोहम्मद साहिबे आलम खान, वि.खं. शहपुरा से शब्द साहू, नीलेश साहू, आयुष्मानराय, पीयूष कुमार झारिया, वि.खं. अमरपुर से दामोदर यादव, वि.खं. समनापुर से विवेक कुमार पटेल, कुलदीप कुमार मार्को, वि.खं. करंजिया से हरिदास मरावी, सूरजनेताम, करन कुमार महेश्वरी, वि.खं. बजाग से सुरेन्द्र कुमार तेकाम, अवरेन्द्र मरावी, कुलेश कुमार मरावी, वि.खं. मेंहदवानी से सजल कुमार मरकाम सम्मिलित है। चयनित युवाओं के दल को रवाना करते समय चेतराम अहिरवार प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी, रोशन बाबू झारिया सहा. ग्रेड-03, श्रीमती संतोषी यादव युवा समन्वयक डिण्डौरी, श्रीमती सुनीता धुर्वे युवा समन्वयक समनापुर उपस्थित रहे। सभी युवाओं को भ्रमण यात्रा के लिये शुभकामनाएं प्रेषित की।चेतराम अहिरवार ने सभी युवाओं से कहा कि वह भ्रमण के दौरान अनुशासन का पालन करें व भ्रमण के दौरान सर्तक रहें।

## जनसुनवाई में प्राप्त हुए 78 आवेदन, कलेक्टर ने त्वरित निराकरण के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश



**डिंडोरी ।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने आज मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनी। आवेदकों द्वारा विभिन्न समस्याओं से संबंधित 78 आवेदन प्रस्तुत किये गए जिनका त्वरित निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का निराकरण नहीं हो पाया उनके लिए आवेदकों को समय सीमा दी गई। आज जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौर, डिप्टी कलेक्टर श्री वैधनाथ वासनिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जिले के विभिन्न ग्रामीणों ने आज जनसुनवाई में आवेदन पत्र प्रस्तुत किए। ग्राम बिठिया माल निवासी श्रीमती संतोषी बाई ने बताया कि उन्हें डिलीवरी के उपरांत अभी तक जननी सुरक्षा और मातृ वंदना योजना की सहायता राशि की मांग की है। जिस पर कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने संबंधित विभाग को कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया है। आवेदक श्री घनश्याम ने नाली/नहर निर्माण के अधूरे कार्य की बात रखी है। उनका कहना है कि नाली अधूरी छोड़ दिए जाने के कारण बारिश में घर में पानी घुसने की आशंका बनी हुई है। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने उक्त आवेदन पर जांच कर निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया है। इसी प्रकार श्री नानादास ने अपनी पत्नी किरण बाई की मृत्यु के बाद संबल योजना अंतर्गत स्वीकृत 2 लाख की सहायता राशि दिलाए जाने की मांग की है। ग्राम पंचायत कंचनपुर माल के सरपंच और ग्रामीणों ने खेल मैदान की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा हटाए जाने की मांग किए हैं। उन्होंने बताया कि वर्षों से वहां खेल मैदान का निर्माण प्रस्तावित हजिस पर कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने संबंधित तहसीलदार को अतिक्रमण के लिए निर्देश दिए हैं।

# बड़ामलहरा में सैमल लकड़ी का अवैध परिवहन करते ट्रक पकड़ा

**जागरण, छतरपुर ।** वन परिक्षेत्राधिकारी राजेंद्र पस्तोर ने मुखबिर की सूचना पर मंगलवार की सुबह बंधा तिगड्डा से अवैध रूप से सेमल लकड़ी से भरा ट्रक जप्त कर वन अधिनियमों के तहत कार्यवाही की गयी। बड़ामलहरा रेंज में 2 सप्ताह में दूसरी बड़ी कार्यवाही होने पर माफियाओं में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार मुखबिर द्वारा सूचना मिलने पर वन परिक्षेत्र अधिकारी बड़ामलहरा राजेंद्र प्रसाद पस्तोर द्वारा सीसीएफ एवं डीएफओ के निर्देशन एवं एसडीओ के मार्गदर्शन में वन अमले के साथ सुबह बंधा तिगड्डा पर यूपी 75एटी 7027 को रोककर दस्तावेजों की जानकारी ली। वाहन चालक द्वारा परिवहन संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत नही करने पर अमले द्वारा वन अधिनियमों के तहत वैधानिक कार्यवाही करते हुए ट्रक को जप्त कर लिया है। ज्ञात हो कि वीती 15 मई को घुवारा सर्किल के भगवा वीट के रमपुरा-भगवा मार्ग पर सेमल (शयामर) प्रजाति लकड़ी को जप्त किया किया गया था। मंगलवार की सुबह हुई कार्यवाही में वन परिक्षेत्रअधिकारी राजेंद्र पस्तोर, आशीष अरजरिया वन रक्षक, अमित तिवारी, रविंद्र सेंगर, भगीरथ रैकवार, पवन तिवारी, हफ़ीज वेग कार्य वाहक वनपाल , वाहन चालक रघुवीर सिंह विक्रम सिंह मौजूद रहे।

## झोलाछाप डॉक्टर बिना किसी सक्षम डिग्री के कर रहा मरीजों का इलाज

**छतरपुर।** जटाशंकर पैलेस के पास बर्फ फैक्ट्री के आगे झोलाछाप डॉक्टर करता है मरीजों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ बिना किसी सक्क्षम डीग्री के एमबीबीएस डॉक्टर बन कर,कर रहा इलाज,गोली इंजेक्शन से लेकर आपरेशन तक कि है सुविधा जिला मुख्यालय पर होने के बावजूद भी प्रशासन नहीं कर पा रहा कोई कार्यवाही खुलेआम चल रहा गोरखधंधा, डिग्री पूछने पर मुन्ना लाल विश्वकर्मा ने कहा कि सीएमएचओ ले गये है डिग्री ,सवाल यह उठता है कि जब फर्जी क्लीनिक पर सीएमएचओ पहुंचे तो क्लीनिक क्यों नहीं की गई । सील एसडीएम अखिल राठौर ने कहा कि अभी में मीटिंग में हुं टीम बना कर करता हूं कार्यवाही,अब देखना होगा कि प्रशासन इस झोलाछाप डॉक्टर पर क्या कार्यवाही करता है ।

# खेतों में पड़ी मिली सर कटी लाश

## इलाके में फैली सनसनी, पुलिस जांच में जुटी




**जागरण, छतरपुर।** बिजावर अनुभाग के किशनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत झरकुंआ में एक खेत में महुआ के पेड़ के नीचे सिर कटी लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। अज्ञात पुरुष का यह शव, जिसकी उम्र लगभग 40 वर्ष अनुमानित है, तीन-चार दिन पुराना बताया जा रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिजावर भेजा है और शिनाख्त के साथ मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक झरकुंआ गांव के एक खेत में महुआ के पेड़ के नीचे मिले इस शव का सिर धड़ से अलग था। मृतक के सिर पर काले बाल, चेहरे पर मूंछें थीं, और दाहिने हाथ की कलाई पर कलावा बंधा हुआ था। उसने पूर्ण बांह की शर्ट पहनी थी, जिसके नीचे काली और पीली रंग की टी-शर्ट थी, जिसमें केजेएस सीमेंट लिखा हुआ था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिजावर के डॉक्टरों के अनुसार, शव तीन-चार दिन पुराना हो सकता है, क्योंकि शरीर सड़ा-गला था और उस पर जंगली जानवरों के निशान भी पाए गए। किशनगढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि शव की शिनाख्त के लिए आसपास के क्षेत्रों में गुमशुदा लोगों की जानकारी एकत्र की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मौत का सटीक कारण स्पष्ट होगा। पुलिस ने प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है और क्षेत्र में लोगों से पूछताछ की जा रही है।

# जिले के समस्त जिम सेंटर, कोचिंग सेंटर एवं खेलकूद संस्थानों का छतरपुर पुलिस द्वारा किया निरीक्षण

## आवश्यक व्यवस्थाओं की जांच, लिया गया फीडबैक

**जागरण, छतरपुर ।** छतरपुर पुलिस द्वारा जिले के शहरी एवं ग्रामीण थाना क्षेत्रों में संचालित समस्त जिम सेंटर, कोचिंग संस्थान एवं खेलकूद गतिविधियों से जुड़े संस्थानों का सघन निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक रूप से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि संबंधित संस्थाएं शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं मानकों के अनुरूप संचालित हो रही हैं या नहीं। विशेष रूप से पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था का अवलोकन किया जा रहा है, जिससे यातायात व्यवस्था में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

इसके अतिरिक्त संस्थान परिसर में महिला एवं पुरुष भागीदारों के लिए पृथक एवं समुचित सुविधाओं की उपलब्धता की भी जांच की जा रही है। महिला हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं पर्याप्त है सुरक्षित महसूस कर रही हैं, फीडबैक भी लिया जा रहा है। सूचना एवं शिकायत हेतु थाना चौकी प्रभारी बीट प्रभारी पुलिस हेल्पलाइन नंबर इत्यादि साझा किए जा रहे हैं। निरीक्षण के समय संस्थानों के रजिस्ट्रेशन दस्तावेज, उपस्थिति रजिस्टर, संस्थान के खुलने एवं बंद होने का समय, कोच/प्रशिक्षकों की जानकारी एवं प्रशिक्षार्थियों का विवरण आदि की भी जांच की गई।

## आदिवासियों की संभाग स्तरीय बैठक संपन्न

**रीवा।** मप्र आदिवासी विकास परिषद प्रांतीय कार्यालय भोपाल के निर्देशानुसार रीवा, मऊगंज, सतना, सीधी, सिंगरौली में सक्रिय सदस्य बनाने के लिए रविवार को प्रदेश उपाध्यक्ष आदिवासी विकास परिषद आरएस रावत की अध्यक्षता में उनके निज निवास वार्ड 5 ढेकहा में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें 15 दिवस के अंदर ढाई हजार सदस्य बनाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। बैठक में दशरथ प्रसाद कोल रीवा, मोहनलाल कोल मऊगंज, रामनारायण कोल सतना, महेश कुमार रावत सीधी व मुन्नीलाल रावत सिंगरौली से उपस्थित हुए व अपने-अपने क्षेत्रों में सदस्य बनाने दस्तावेज प्राप्त किए।

## मारूती नगर के निर्माण कार्य का महापौर ने किया निरीक्षण

**सतना।** महापौर योगेश ताम्रकार ने शहर के वार्ड क्रमांक 10 स्थित मारुती नगर मुख्य मार्ग पर चल रहे विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होने सख्त लहजे में कहा कि कार्य की गुणवत्ता, गति एवं जनसुविधा को ध्यान में रखते कार्य कराये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये है। उन्होने कहा कि जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। नागरिकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरना ही हमारा सतत प्रयास है।

## धीरज इलेवन ने जीता वैभव आर्या नाइट क्रिकेट कप



**रीवा।** गवर्मेंट स्कूल खेल मैदान में 10 मई से खेले जा रहे स्व. वैभव आर्या नाइट सर्किल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन कांग्रेस प्रदेश महासचिव गुरमीत सिंह मंग व चिकित्सक डॉक्टर राकेश पटेल के मुख्य आतिथ्य तथा शहर कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष अनिल मिश्रा एडवोकेट की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। समापन अवसर पर टूर्नामेंट का फाइनल महामुकाबला धीरज इलेवन बनाम रीवा ट्रेलर के बीच खेला गया, जिसमें धीरज इलेवन ने अंतिम ओवर के अंतिम गेंद पर निर्धारित रन लक्ष्य को पूर्ण कर टूर्नामेंट में विजेता का खिताब जीत लिया। 12-12 ओवर के इस टूर्नामेंट में जिले भर से 32 टीमों ने भाग लिया। समापन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि श्री मंगू ने विजेता टीम को 50,000 नकद और उप विजेता टीम को 25,000 नकद एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में श्री मंगू ने कहा कि खेल हमारे समाज को जोड़ने और युवाओं को ऊर्जा देने का माध्यम हैं। इस प्रकार के आयोजन युवाओं को एक मंच देते हैं जहाँ वे अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं। ऐसे आयोजनों से खेलों के प्रति उत्साह बढ़ता है और समाज में एक सकारात्मक संदेश जाता है। डॉ. राकेश पटेल ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और आयोजकों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। प्रतियोगिता का आयोजन पार्षद मनीष नामदेव रिंकू भैया, वीरू बंसल, धीरज यादव, गायनी गुरु, सनी वर्मा ,अमित पांडे, नीरज यादव, रावेंद्र समुद्रे, विजय ,सर्वेश पांडे, राहुल द्विवेदी, संदीप सुंदरानी, अमरदीप विश्वकर्मा, स्वामी दादा व अन्य के सहयोग से संपन्न हुआ।

## प्रथम प्रयास में राजेंद्र शर्मा सहायक प्राध्यापक ( भूगोल ) के पद पर चयनित



**लवकुशनगर ।** कहते हैं कि अगर छात्र अपने लक्ष्य के प्रति ईमानदारी,कड़ी मेहनत,लगन के साथ पढ़ाई करता है तो निश्चित ही एक न एक दिन सफलता उसके कदम अवश्य चूमती है, और इसी कसौटी पर खरे उतरे लवकुश नगर के राजेंद्र शर्मा जिन्होंने मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के द्वारा कराई गई परीक्षा में सहायक प्राध्यापक के पद पर भूगोल विषय से प्रथम प्रयास में ही परीक्षा उत्तीर्ण कर ली। जब इस बारे में राजेंद्र शर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वह करीब तीन साल से घर से दूर रहकर इंदौर में रहकर पढ़ाई शुरू कि जहां उन्होंने नेट जे.आर.एफ की परीक्षा 2021 में उत्तीर्ण कर ली, लेकिन कहते है कि मेहनती लोग एक जगह कहा रुकते है, इसके बाद राजेंद्र ने मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग 2022 के परीक्षा के लिए तैयारी शुरु की जिसमें उन्होंने प्रथम प्रयास में ही सफलता प्राप्त की। जैसे ही उनके उत्तीर्ण होने की खबर उनके परिवारजनों को प्राप्त हुई पूरे परिवार एवं नगर में खुशी की लहर दौड़ गई।वही राजेंद्र शर्मा अभी महज 29 साल के है पिता स्वर्गीय रामकिशोर शर्मा ( भगत जी ) माता सुषमा शर्मा के श्रवण कुमार पुत्र है, जिन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता बम्बरबैनी, माता पिता, गुरुजनों को दिया है, वही राजेंद्र का सपना भारतीय प्रशासनिक सेवा को पाना है।


Bharti AXA Life Insurance

मध्यप्रदेश राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग,
76, अरेरा हिल्स, भोपाल
(दूरभाष एवं फैक्स 0755 – 2553722)

सूचना-पत्र क्रमांक 1369
दिनांक – 02/05/2025
अपील क्रमांक – एफए/23/1585

भारती अक्सा लाईफ इंश्योरेंस कंपनी — अपीलार्थी
विरुद्ध
मुकेश जाटव — प्रतिअपीलार्थी

प्रति,

मुकेश जाटव
पुत्र सालिगराम
पता- गली नं. 02, तुस्सीपुरा
मुरैना जिला मुरैना (म.प्र.)

उपरोक्त अपीलार्थी भारती अक्सा लाईफ इंश्योरेंस कंपनी ने जिला उपभोक्ता आयोग मुरैना के प्रकरण क्रमांक 616/2022 में पारित आदेश दिनांक 17/07/2023 के विरुद्ध इस आयोग के समक्ष एक अपील धारा 41 उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2018 के अंतर्गत प्रस्तुत की है!

अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वयं अथवा अधिकृत प्रतिनिधि अथवा अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 23/07/2025 को 10.30 बजे इस आयोग के समक्ष उपस्थित रहे।

आपको यह भी सूचित किया जाता है कि आप नियत दिनांक को उपस्थित नहीं रहते है तो प्रकरण में सुनवाई एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यह प्रकरण ग्राह्यता पर सुनवाई/स्थान पर/आवेदन/स्थान की पुष्टीकरण/अंतिम तर्क/सुनवाई के लिये नियत है।

(रजिस्ट्रार)
(स्वाद)
शोभित जैन
म. प्र. राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग भोपाल

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## सशस्त्र बलों के इतिहास में जुड़ा नया अध्याय

**पहली बार सत्रह महिला कैडेट्स तीन सौ से अधिक पुरुषों के साथ एनडीए से ग्रेजुएट हुई हैं। ये सभी अब थलसेना, नौसेना और वायुसेना जॉइन करेंगी और अपनी सेवाएं देंगी।**

हाल ही में भारतीय सशस्त्र बलों के इतिहास में नया अध्याय लिखा गया, जब सत्रह महिला कैडेट्स के पहले बैच ने एनडीए यानी राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से स्नातक की पढ़ाई पूरी कर ली। पुणे की नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए) से पहली बार 17 महिला कैडेट्स ने तीन साल की कठिन ट्रेनिंग के बाद पासआउट होकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। ये सभी अब थलसेना, नौसेना और वायुसेना जॉइन करेंगी और अपनी सेवाएं देंगी। इनमें से कुछ युवतियां सैन्य परिवारों से हैं। इनमें से रितु दुहन बटालियन कैडेट कैप्टेन बनने वाली पहली महिला हैं। यह न केवल एनडीए की गौरवशाली परंपरा का उदाहरण है, बल्कि पहली बार इस परेड में महिला कैडेट्स की मौजूदगी लैंगिक समानता की दिशा में एक बड़ा कदम भी है।
निरीक्षण अधिकारी जनरल वीके सिंह ने, जो पूर्व सेना प्रमुख और अब मिजोरम के राज्यपाल हैं, परेड को संबोधित करते हुए कहा कि इतिहास में पहली बार इस ग्राउंड से लड़कियों का बैच भी पास हो रहा है। यह इन युवतियों के तीन साल के चुनौतीपूर्ण प्रशिक्षण का अंत था। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 2021 में महिलाओं को संघ लोकसेवा आयोग के माध्यम से रक्षा अकादमी में आवेदन करने की अनुमति देने के बाद का यह ऐतिहासिक परिणाम है। दरअसल आजादी के सात दशक के बाद भी महिलाओं को टेरिटोरियल आर्मी में अधिकारी पदों पर भर्ती का प्रावधान नहीं था। उसी विसंगति पर दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गयी थी। मामला सर्वोच्च न्यायालय पहुंचा, जहां से अनुमति मिलने के बाद 2022 में पहली बार महिला उम्मीदवारों का बैच एनडीए में शामिल हुआ, जो अब ग्रेजुएट हुई हैं। भारत की बेटियां अब उस सेना का हिस्सा बन चुकी हैं जो दुश्मनों की नींद उड़ा देंगी। ये वही बेटियां हैं जिन्होंने अपनी मेहनत, हिम्मत और जज्बे से इतिहास रच दिया है। आने वाले समय में, एनडीए मार्ग के माध्यम से शामिल की गई महिला अधिकारियों को सर्वोत्तम प्रतिभा प्रदान की जाएगी, जिन्हें सीधे ही सुनिश्चित स्थायी कमीशन के साथ शामिल किया जाएगा। यह ओटीए चेन्नई के माध्यम से शामिल महिला अधिकारियों के साथ, सेना में अधिकारी कैडर के लिए एक और प्रमुख फीडर होगा।
तीनों सेवाओं में से, भारतीय सेना में सबसे कठिन और चुनौतीपूर्ण सेवा शर्तें हैं। इसलिए, यदि महिलाएं सेना की सबसे कठिन सेवा शर्तों को पूरा करने में सफल रही हैं, तो अन्य वर्दीधारी सरकारी सेवाओं में महिलाओं के पदचिह्न को बढ़ाया जा सकता है।
एनडीए से महिला कैडेटों का पास आउट होना भारत के विकास में महिलाओं को समान हितधारक बनाने के लिए एक और प्रमाण है। सशस्त्र सेनाओं की महिला कैडर पारंपरिक सीमा को तोड़ रही हैं और पेशेवर सैनिक होने की नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। आने वाले समय में, सशस्त्र सेनाओं में नारी शक्ति राष्ट्रीय सुरक्षा प्रणाली में एक गेम चेंजर हो सकती है।

# जर्मनी को पछाड़ने के लिए चुनौतियों को दूर करना जरूरी

अर्थव्यवस्था

अजय बग्गा




**भारत ने अपनी जीडीपी को बढ़ाने में लंबी छलांग लगाई है। लगभग 4,187 अरब डॉलर की जीडीपी के साथ भारत अब सिर्फ अमेरिका, चीन और जर्मनी से पीछे है। अगले चरण में जर्मनी को पीछे छोड़ने के लिए भारत के पास सभी अनुकूल परिस्थितियां हैं, लेकिन इसके लिए कुछ मूलभूत चुनौतियों को दूर करने पर ध्यान केंद्रित करना होगा।**

विकास के समान चरणों में अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी की भारत से तुलना की जाए, तो आज भारत एक अद्वितीय स्थिति में दिखता है। इस साल भारत ने नॉमिनल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के हिसाब से जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। लगभग 4,187 अरब डॉलर की जीडीपी के साथ भारत अब सिर्फ अमेरिका, चीन और जर्मनी से पीछे है। यह उपलब्धि केवल संख्यात्मक उन्नति भर नहीं है, बल्कि भारत के विकसित हो रहे आर्थिक परिदृश्य और एक शीर्ष अर्थव्यवस्था, सबसे बड़ी आबादी वाले देश तथा वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ) के स्वाभाविक नेता के रूप में विश्व पटल पर इसके बढ़ते प्रभाव का प्रमाण है। हालांकि, भारत के पास अपने विकास की कहानी को समर्थन देने के लिए मजबूत अनुकूल परिस्थितियां हैं, फिर भी आर्थिक विस्तार को बरकरार रखने के लिए उसे कई तरह के सुधारों की जरूरत है। भारत ने अपनी जीडीपी को बढ़ाने में लंबी छलांग लगाई है।
भारतीय अर्थव्यवस्था 2014 में दसवें नंबर पर थी और वर्तमान के बेहद चुनौतीपूर्ण हालात में, जब वैश्विक व्यापार युद्ध और भू-राजनीतिक जोखिम दुनिया भर में मंदी के कारण बन रहे हैं, तब भी वह दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी हुई है। इतिहास पर नजर डालें, तो भारत की 4,187 अरब डॉलर की मौजूदा जीडीपी विकास के समान चरणों में अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं से तुलना करने पर इसे एक अद्वितीय स्थान पर रखती है। वर्ष 1985 में अमेरिका की जीडीपी 4,300 अरब डॉलर थी, जो दर्शाती है कि भारत चार दशक बाद तुलनात्मक आर्थिक स्तर पर पहुंच गया है। चीन से तुलना करें, तो वर्ष 2007 में चीन की जीडीपी करीब 4,300 अरब डॉलर थी, जो बीते अठारह वर्षों में चीन की तीव्र प्रगति को दर्शाती है, जिससे उसकी मौजूदा जीडीपी 18,000 अरब डॉलर पहुंच गई है। वर्ष 1993 में जापान की अर्थव्यवस्था का मूल्य लगभग 4,300 अरब डॉलर था, जो इस बात की चेतावनी देता है कि कैसे आर्थिक ठहराव और 1980 के दशक के रियल एस्टेट व शेयर बाजार के बुलबुले के फटने से लगभग चार दशकों तक वहां ठहराव की स्थिति बनी रही। वर्ष 2021 में जर्मनी की जीडीपी लगभग 4,400 अरब डॉलर थी। इसलिए जीडीपी के इस स्तर तक पहुंचने के संदर्भ में भारतीय अर्थव्यवस्था अमेरिका से करीब चालीस वर्ष, चीन से अठारह वर्ष, जापान से 32 वर्ष और जर्मनी से चार वर्ष पीछे है। लिहाजा भारत के लिए वैश्विक आर्थिक सोपान में आगे बढ़ने की अपार संभावनाएं हैं।
भारत का जीडीपी के आधार पर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरना इसकी घरेलू अर्थव्यवस्था और पूंजी बाजारों के लिए अथाह निहितार्थ रखता है। प्रमुख आर्थिक शक्ति के रूप में भारत अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को आकर्षित कर रहा है, जिससे प्रौद्योगिकी, ढांचागत सुविधाओं, फिनटेक, स्वास्थ्य तकनीक और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों को बढ़ावा मिल रहा है। भारत की आर्थिक वृद्धि का लाभ पूंजी के प्रवाह में बढ़ोतरी के रूप में परिलक्षित होगा, क्योंकि विदेशी निवेशक विकास की चुनौती से जूझ रहे विश्व में भारत की वृद्धि से फायदा उठाना चाहेंगे। भारत की बेहतर आर्थिक स्थिति से क्रेडिट रेटिंग पर सकारात्मक असर पड़ने की उम्मीद बंधती है, जिससे उधार लेने की लागत कम होगी और बुनियादी ढांचे के विकास में मदद मिलेगी। भारतीय शेयर बाजार में निवेशकों की रुचि बढ़ने से बाजार पूंजीकरण और अधिक तरलता प्राप्त होगी। आर्थिक स्थितियों को देखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए ब्याज दरों में और कटौती कर सकता है। तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए भारत को विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक सुधार करने होंगे। फिलहाल जी-20 देशों में भारत की श्रम उत्पादकता सबसे कम है। इस समस्या के समाधान के लिए कार्यबल की दक्षता बढ़ाने हेतु कौशल विकास, शिक्षा और तकनीक में निवेश की जरूरत है।
'आत्मनिर्भर भारत' और 'पीएलआई योजना' जैसी पहलों के बावजूद नौकरशाही की बाधाएं और पुराने नियमों जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं। विनिर्माण क्षेत्र को पुनर्जीवित करने के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रियाओं में सुधार और विनियमन आवश्यक हैं। नीति निर्माताओं को हर चीज का निर्माण करने की कोशिश करने के बजाय रणनीतिक रूप से उन क्षेत्रों की पहचान करने की जरूरत है, जिनमें भारत तुलनात्मक रूप से बेहतर है। परिवहन, ऊर्जा और डिजिटल कनेक्टिविटी सहित बुनियादी ढांचों का आधुनिकीकरण आर्थिक गतिविधियों को समर्थन देने और निवेश आकर्षित करने के लिए महत्वपूर्ण है। निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए अप्रत्यक्ष और प्रत्यक्ष कर व्यवस्था में महत्वपूर्ण सुधार करने होंगे। वित्तीय संस्थानों की दक्षता और पारदर्शिता बढ़ाने से भी सतत आर्थिक विकास के अनुकूल माहौल बनेगा। इसके अलावा, तीसरे स्थान पर पहुंचने के लिए भारत को श्रम उत्पादकता बढ़ाने, विनिर्माण क्षेत्र का पुनरुद्धार करने, बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण करने, कर सुधारों को लागू करने और वित्तीय क्षेत्र को मजबूती देने पर ज्यादा ध्यान देना होगा।
इन सुधारों के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता के साथ भारत एक अग्रणी वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में अपनी क्षमता का एहसास करा सकता है। जैसे-जैसे भारत इस राह पर आगे बढ़ रहा है, आय और क्षेत्रीय असमानताओं जैसी चुनौतियों का समाधान करना जरूरी है, ताकि आर्थिक विकास के लाभों को व्यापक रूप से साझा किया जा सके। समावेशी विकास रणनीतियां दीर्घकालिक आर्थिक विकास को बनाए रखने और निकट भविष्य में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए महत्वपूर्ण होंगी। हालांकि, भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है, फिर भी भारत और जापान के बीच जीवन स्तर, सामाजिक, आर्थिक और भौतिक अवसंरचना में बहुत बड़ा अंतर है। आईएमएफ के डाटा से पता चलता है कि भारत की वर्तमान प्रति व्यक्ति जीडीपी 2,880 डॉलर है, जो जापान के 33,960 डॉलर का एक अंश है। जीडीपी का लाभ पूरी आबादी में समान रूप से वितरित करने और प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने की चुनौती है। दूरदर्शी सरकारी नीतियों के साथ-साथ भारत के युवा, शिक्षित और कम लागत वाले कार्यबल के जनसांख्यिकीय लाभ भारत के तुलनात्मक लाभों को आगे बढ़ा सकते हैं, जिससे आगामी तीन वर्षों में जर्मनी को पीछे छोड़कर तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनने में मदद मिलेगी।

# टीवी पर भाषा की मर्यादा की सीमा तय हो

भाषा संस्कृति

हरगोविंद विश्वकर्मा




**भारतीय लोकतंत्र में संवाद और सहिष्णुता की परंपरा रही है, लेकिन हाल के वर्षों में टीवी डिबेट्स में मर्यादा का पतन हो रहा है। टीआरपी के लिए चैनल्स विवाद को बढ़ावा दे रहे हैं, जो लोकतंत्र की आत्मा को कलंकित कर रहा है। हमें संवाद की मर्यादा बनाए रखने की जरूरत है।**

भारतीय लोकतंत्र केवल एक राजनीतिक प्रणाली नहीं, बल्कि संवाद, सहिष्णुता और सांस्कृतिक मर्यादा का जीवंत प्रतीक माना जाता है। यहां विरोध और मतभेद को भी सम्मान और विवेक के साथ व्यक्त करने की गौरवशाली परंपरा रही है। लेकिन पिछले कुछ साल से भारतीय राजनीति में शिष्टाचार और मर्यादा का बड़ी तेजी से पतन हो रहा है। खासकर जब से तथाकथित राष्ट्रीय चैनलों ने टीआरपी के लिए बहस के नाम पर दो पक्ष के लोगों को आपस में भिड़ाना शुरू किया है, तब से यह वैचारिक पतन अपनी पराकाष्ठा की ओर बढ़ रहा है। आजकल टीवी चैनलों पर, लाखों-करोड़ो दर्शकों के समक्ष, देश की प्रमुख राजनीतिक पार्टियों के प्रवक्ता एक दूसरे के लिए जब अपशब्दों और अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हैं, तो यह घटना मात्र व्यक्तिगत गिरावट नहीं रह जाती, बल्कि यह लोकतंत्र की गिरती संवाद संस्कृति का चिंताजनक संकेत बन जाती है।
दरअसल, हाल ही में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ल ने टीवी बहस के दौरान कांग्रेस प्रवक्ता के प्रति कथित रूप से अत्यंत अपमानजनक टिप्पणी की। इस अमर्यादित टिप्पणी ने नारी सम्मान और सांस्कृतिक मूल्यों को ठेस पहुंचाई। टिप्पणी में जिस प्रकार मां जैसे पवित्र संबंध को निशाना बनाया गया, उसने केवल व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरे समाज और उसकी सांस्कृतिक चेतना को आहत किया है। राजनीतिक प्रवक्ता किसी भी पार्टी की वैचारिक रीढ़ के साथ साथ पार्टी का फेस माने जाते हैं। ऐसे में इन प्रक्ताओं की जिम्मेदारी बहुत बढ़ जाती है। जब वे टीवी पर बोलते हैं, तो उनका हर शब्द लाखों लोगों तक पहुंचता है और पार्टी की छवि को दर्शाता है। ऐसे में, एक प्रवक्ता का सार्वजनिक मंच पर असभ्य भाषा का उपयोग करना पार्टी की वैचारिक परिपक्वता पर भी प्रश्नचिन्ह लगाता है। टीवी डिबेट सूचना, विश्लेषण और तर्क का मंच बिल्कुल भी नहीं रह गए। इन दिनों उत्तेजना, उकसावे और चरित्र हनन का अखाड़ा बन चुके हैं। मीडिया चैनलों को भी आत्मनिरीक्षण करने की जरूरत है कि वे किस प्रकार की बहसों को बढ़ावा दे रहे हैं। 2023 में किए गए एक मीडिया सर्वे के अनुसार, 71 प्रतिशत दर्शकों का मानना है कि आजकल टीवी डिबेट्स गंभीर बहस के बजाय हंगामा आधारित मनोरंजन बन चुके हैं। चैनल्स टीआरपी के लिए बहस को एक तमाशे में बदल रहे हैं। वे उन प्रवक्ताओं को ही बुलाते हैं जो गाली-गलौज में पारंगत होते हैं? ऐसे विवादास्पद प्रवक्ताओं को बार-बार मंच प्रदान करना पत्रकारिता की नैतिकता पर भी सवाल उठाती है। भारतीय न्याय संहिता यानी बीएनएस की धारा 356, धारा 357 सार्वजनिक तौर पर अभद्र भाषा या अश्लील कृत्य को दंडनीय बनाती है, जिसमें तीन महीने तक की सजा या जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। कुछ धाराएं विशेष रूप से महिलाओं की मर्यादा को ठेस पहुंचाने वाले शब्दों को अपराध की श्रेणी में लाती हैं।
इस घटना यह भी स्पष्ट होता है कि राजनीति में महिलाओं के प्रति सम्मान कितना खोखला हो चुका है। ख़ासकर जब किसी राष्ट्रीय पार्टी का प्रवक्ता सार्वजनिक मंच से किसी की मां के लिए अमर्यादित भाषा का प्रयोग करता है, तो यह राजनीतिक अविवेक को दर्शाता है।
अब तक भाजपा ने प्रेम शुक्ल के बयान पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है, न ही कोई माफी मांगी गई है। यह चिंताजनक है क्योंकि इससे यह संदेश जाता है कि पार्टी इस प्रकार की भाषा को प्रोत्साहित या अनदेखा कर रही है।

**क्या कोई एक्शन लिया जाएगा?**

भारत निर्वाचन आयोग के पास मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट के अंतर्गत यह अधिकार है कि चुनावी माहौल में मर्यादा भंग करने वाले बयानों पर कार्रवाई करे। प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया भी मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर हो रहे भाषा के दुरुपयोग पर हस्तक्षेप कर सकती है। परंतु इन संस्थाओं की निष्क्रियता इस पूरे विमर्श को और अधिक विषाक्त बनाती है।
दरअसल, जब राष्ट्रीय चैनलों पर इस प्रकार की भाषा सुनाई जाती है, तो यह बच्चों और युवाओं को गलत संदेश देता है कि सत्ता या दबदबे के लिए कुछ भी बोलना जायज है। यह केवल भाषाई अपराध नहीं, बल्कि समाज में अभिव्यक्ति की असंवेदनशीलता और संवादहीनता को जन्म देता है। भाजपा प्रवक्ता प्रेम शुक्ल की कथित टिप्पणी केवल एक बयान नहीं है, यह एक आईना है जिसमें आज के राजनीतिक विमर्श की डरावनी गहराई देखी जा सकती है। हमें इस पर गंभीर चिंतन करना चाहिए कि क्या यही वही लोकतंत्र है जिसकी हमने कल्पना की थी? क्या इस स्तर की भाषा को बर्दाश्त किया जाना चाहिए? यदि नहीं, तो इसके खिलाफ आवाज उठानी होगी। लोकतंत्र की सफलता केवल चुनाव जीतने में नहीं, बल्कि संवाद, और सार्वजनिक मर्यादा बनाए रखने में है। यह केवल राजनीतिक दलों को नहीं, हमें भी समझना होगा।

प्रसंगवश


## भ्रामक सूचनाओं की बाढ़ बना युद्ध का नया मोर्चा

**सीडीएस का बयान कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना का 15 फीसदी वक्त फर्जी खबरों का मुकाबला करने में बर्बाद हुआ, दर्शाता है कि अब युद्ध केवल सैन्य तैयारी से ही नहीं लड़े जा रहे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धारणा की लड़ाई के अलावा जब भ्रामक सूचनाओं की बाढ़ आती है, तब उन्हें विफल करने की तैयारी भी जरूरी बन जाती है।**

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान का यह कहना कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना का पंद्रह फीसदी समय फर्जी खबरों और गलत सूचनाओं का मुकाबला करने में बर्बाद हुआ, केवल एक आंकड़ा भर नहीं है, बल्कि राष्ट्र की सामूहिक चेतना को झकझोरने वाली सच्चाई है। उनका यह बयान आधुनिक युद्ध की बदलती प्रकृति को तो दिखाता ही है, इसके साथ यह भी दर्शाता है कि सूचना युद्ध अब सैन्य रणनीति का कितना अभिन्न अंग बन चुका है। इससे यह भी पता चलता है कि हमें ऑपरेशन सिंदूर के दौरान और उसके बाद भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नैरेटिव की लड़ाई, तो दूसरी ओर मीडिया युद्ध क्यों करना पड़ा। दरअसल, आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया और त्वरित संचार ने गलत सूचनाओं को फैलाने की गति को अभूतपूर्व बना दिया है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित झूठी खबरों ने लोगों की धारणा को प्रभावित करने की साजिश रची, जिसका सामना भारत ने तथ्य-आधारित और संयमित संचार की रणनीति से किया, लेकिन इसकी कीमत भी चुकानी पड़ी। पाकिस्तान के दुष्प्रचार तंत्र द्वारा फैलाई गई भ्रामक सूचनाओं को ही कई देश काफी समय तक सच मानते रहे। वरना ऐसी नौबत ही क्यों आती कि कोलंबिया को पाकिस्तान के साथ सहानुभूति दर्शाने वाले बयान को वापस लेने के लिए राजी होना पड़ा, जब शशि थरूर के नेतृत्व वाले भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने सच्चाई को सामने रखा। इससे यह भी पता चलता है कि प्रतिनिधिमंडलों को विभिन्न देशों में भेजकर अपना पक्ष रखने का निर्णय कितना जरूरी था और ये दल अंतरराष्ट्रीय समुदाय तक अपनी बात पहुंचाने में सफल भी रहे हैं। बात सिर्फ कोलंबिया या चुनिंदा देशों की नहीं है, ऐसे बहुतेरे देश होंगे, जो पाकिस्तान के झूठे बयानों की असलियत से अब भी अंजान होंगे। यह स्थिति हमें एक गंभीर सबक देती है कि अब युद्ध सिर्फ हथियारों से नहीं, बल्कि सूचनाओं के मोर्चे पर भी लड़े जा रहे हैं। चूंकि गलत सूचनाओं का प्रभाव केवल सैन्य अभियानों तक सीमित नहीं रहता; यह जनता के मनोबल, अंतरराष्ट्रीय धारणा और राष्ट्रीय सुरक्षा को भी प्रभावित करता है, जनरल चौहान ने उचित ही सूचना युद्ध के लिए एक समर्पित शाखा की जरूरत पर बल दिया है। यह इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि जब सूचनाओं की बाढ़ आती है, तो उन्हें विफल करना भी तैयारी की बात बन जाती है। ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की सैन्य ताकत और स्वदेशी रक्षा प्रणालियों की क्षमता को तो प्रदर्शित किया ही, साथ ही सूचना युद्ध और साइबर खतरों की गंभीर चुनौतियों को भी उजागर किया। जनरल चौहान का बयान दरअसल हमें इस नए युद्ध क्षेत्र में अपनी तैयारी को और पुख्ता करने के प्रति आगाह करता है।




## ॥गीता॥



**श्लोक : न चोरहार्यं न च राजहार्यंन भ्रातृभाज्यं न च भारकारी।
व्यये कृते वर्धते एव नित्यं विद्याधनं सर्वधन प्रधानम॥**

**भावार्थ :** विद्यारुपी धन को कोई चुरा नहीं सकता, राजा ले नहीं सकता, भाईयों में उसका भाग नहीं होता, उसका भार नहीं लगता, (और) खर्च करने से बढ़ता है। सचमुच, विद्यारुप धन सर्वश्रेष्ठ है।

जीवन दर्शन

## दूसरों का विश्लेषण करने की आदत आंतरिक अशांति का कारण




सबसे आसान काम दूसरों की कमियां निकालना है। लेकिन मनोवैज्ञानिक कहते हैं कि हरदम दूसरों का विश्लेषण करने की आदत आंतरिक अशांति का सबसे बड़ा कारण है। मैं सुपरमार्केट में सामान का भुगतान कर रही थी, कि मेरी तीन साल की बेटी कहीं चली गई। क्रेडिट कार्ड ढूंढने के चक्कर में मेरा ध्यान उससे हट गया था। बीस मिनट तक मैं उसे खोजती रही। कुछ लोगों ने मेरी मदद की, तो कुछ पूछने लगे कि मैंने यह कैसे होने दिया? अंततः वह मिल गई। वह घर पहुंच गई थी। उस वक्त हर कोई मेरी कमी बता रहा था, तब मैंने कसम खाई कि अब आगे से कभी किसी की आलोचना नहीं करूंगी। हम अक्सर दूसरों की कमियां ढूंढते रहते हैं और यह नहीं सोचते कि हमने क्या किया है? शोध बताते हैं कि जब लोग नया चेहरा देखते हैं, तो सेकंड के दसवें हिस्से में ही दिमाग तय कर लेता है कि वह आकर्षक और विश्वसनीय है या नहीं। न्यूरो मनोवैज्ञानिक सनम हफीज कहती हैं, 'दूसरे लोगों की लगातार कमियां निकालने से आपकी सहानुभूति कम हो सकती है। नए दृष्टिकोण के प्रति आपकी ग्रहणशीलता कम हो जाती है और आप प्रतिक्रिया करने की ओर अधिक प्रवृत्त हो सकते हैं।' शोध यह भी बताते हैं कि आप किसी की जितनी ज्यादा कमियां निकालेंगे, आपको उतना ही ज्यादा बदतर महसूस होगा। मैंने विशेषज्ञों से पूछा कि किसी की ज्यादा आलोचना करने से खुद को कैसे बचाएं? डॉ. हफीज कहती हैं, 'इसके लिए आपको सतर्क रहना होगा, खासकर तब, जब आप किसी के रूप-रंग और व्यवहार को लेकर नकारात्मक धारणा बना रहे होते हैं। ऐसे में खुद को रोकने की कोशिश करें। साथ ही खुद से पूछें कि क्यों बेवजह हम इसके गुण-दोषों में अपना समय बर्बाद कर रहे हैं?' मनोचिकित्सक एरिका श्वार्टजबर्ग कहती हैं कि निंदा से बचने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि अगली बार जब आप किसी की आलोचना करें या कमियां निकालें, तो सबसे पहले खुद का आकलन करें। यह भी सोचें कि कोई आपका साथी समय पर काम खत्म नहीं कर पा रहा है, तो संभव है कि उसकी अपनी व्यक्तिगत समस्याएं हों। विशेषज्ञ कहते हैं कि हम अपने आसपास के लोगों की बेकार में ही कमियां ढूंढते रहते हैं, जबकि उनसे हमारा कोई लेना-देना नहीं होता।

## संक्षिप्त खबरें

### स्लीपर सेल के बयान पर घिरे पीसी शर्मा

भोपाल। पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा के एक बयान पर भाजपा ने तंज कसा है। उनके नेताओं का कहना है कि कांग्रेस को अपने उन कार्यकर्ताओं पर भरोसा नहीं है,जो विषम परिस्थितियों में भी उनके साथ खड़े रहते है।





गौरतलब है कि पूर्व मंत्री शर्मा ने सोमवार को अपने एक बयान में कहा कि एमपी कांग्रेस में भी कुछ स्लीपर सेल हैं । राहुल गांधी के दौरे पर में स्लीपर सेल को आईडेंटिफाई करना का मौका होगा। क्योंकि ऐसे लोग कांग्रेस में रहकर भाजपा को इनफार्मेशन दे रहे हैं और कांग्रेस का ही नुकसान कर रहे हैं, अब यह सब उजागर होंगे और यह होना भी जरूरी है। पीसी शर्मा के बयान पर भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने निशाना साधा है। उन्होंने कहा कांग्रेस अपने ही लोगों को गद्दार कह रही है, क्योंकि अब तक विपरीत परिस्थिति में खड़े रहने वाले कांग्रेसियों पर भी उनके नेताओं को विश्वास नहीं रहा है। मध्यप्रदेश में कोई भी गांधी आए फर्क नहीं पड़ेगा, क्योंकि जब तक दिग्विजय सिंह है, तब तक कुछ नहीं हो सकता, जबलपुर की सभा का भी सत्यानाश दिग्विजय सिंह ने नीचे बैठकर कर दिया. कांग्रेस कभी नहीं बदलेगी।

### शिविर में बच्चों को दिए धार्मिक संस्कार

जागरण, भोपाल। जैन समाज ने गर्मियों की छुट्टी के दौरान बच्चों को सद्मार्ग से जोड़ने के लिए राजधानी के अनेक जैन मंदिरों में धार्मिक संस्कार शिविर आयोजित किए। शिविर में हजारों बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और धार्मिक संस्कार प्राप्त किए। शिविर के प्रवक्ता दीपेश जैन ने बताया कि 22 से 31 मई तक राजधानी के 21 जैन मंदिरों में श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर जयपुर की ओर से आचार्य विद्यासागर जी महाराज से दीक्षित निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव सुधासागर जी महाराज के आशीर्वाद से देश के विभिन्न राज्यों मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, गुजरात आदि से 30 विद्वान, 2 विदुषियों द्वारा श्रमण संस्कृति संस्कार धार्मिक शिक्षण शिविर लगाए गए। इसका संयोजन भोपाल शहर प्रभारी वास्तुविद जयदीप शास्त्री ने किया। उन्होंने बताया कि इन शिविरों में बच्चों को अभिषेक,पूजन, धार्मिक संस्कार, नैतिक शिक्षा, अहिंसा, व्यसन मुक्त सात्विक जीवन चर्या, समाज और देश के प्रति कर्तव्य आदि के संस्कार दिए। शिविरों में सभी मंदिरों की समिति, पंचायत ट्रस्ट कमेटी चौक, मंगलवारा ट्रस्ट कमेटी, अशोका गार्डन ट्रस्ट कमेटी, राष्ट्रीय जिनशासन एकता संघ भोपाल का आयोजन में विशेष सहयोग रहा।

### गूगल रूट लिया, कार पेड़ से टकराई, 1 की मौत

जागरण, उज्जैन। महाकाल दर्शन कर उज्जैन से दिल्ली लौट रहे पांच दोस्त हादसे का शिकार हो गए। इनकी कार तेज गति में पेड़ से जा टकराई। हादसे में एक युवक की मौत हुई है। चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। कार सवारों ने गूगल मैप पर दिल्ली की लोकेशन डाली थी। इसके बाद बड़े हाईवे छोड़कर गूगल के बताए रूट पर आगे बढ़ रहे थे। रास्ते में घट्टिया थाना क्षेत्र के मालीखेड़ी के पास हादसा हो गया। कार की गति इतनी तेज थी कि टक्कर के बाद उसके परखच्चे उड़ गए। दिल्ली निवासी पांच युवक अर्टिगा कार से उज्जैन आए थे। सोमवार सुबह इन्होंने भस्म आरती में भाग लिया। काल भैरव दर्शन के बाद रवाना हो गए। वापसी में गूगल मैप की सहायता ली गई, लेकिन लोकेशन ने उन्हें कोटा हाईवे छोड़कर मालीखेड़ी गांव की ओर मोड़ने का संकेत दिया, जैसे ही कार मालीखेड़ी गांव के पास एक मोड़ पर पहुंची, तेज रफ्तार के कारण पहले वह पुलिस बेरिकेडिंग से टकराई और फिर अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा भिड़ी।

# शहर के पांच तालाबों का पानी ई-कैटेगिरी का, पीना तो दूर इससे फर्श और वाहन तक नहीं धो सकते

**बैठक के दौरान नगर निगम कर्मियों ने दी संभाग आयुक्त को गलत जानकारी, इन तालाबों में मिल रहा शहर का सीवेज**

जागरण संवाददाता, भोपाल। शहर के पांच तालाब ऐसे हैं, जिनका पानी अत्यंत प्रदूषित हो चुका है। इन तालाबों का पानी ई-कैटेगिरी का हो चुका है। यानि इनका उपयोग वाहन और फर्श धोने के लिए भी नहीं किया जा सकता है। दरअसल सोमवार को संभाग आयुक्त सभागार में जलगंगा संवर्द्धन अभियान के तहत संभाग आयुक्त संजीव सिंह को जानकारी दी गई कि भोपाल के 12 जलस्रोतों में से किसी में भी उद्योगों के प्रदूषक नहीं मिलते, लेकिन इस दौरान अधिकारी संभाग आयुक्त को यह बताना भूल गए कि भले ही इन तालाबों में उद्योगों के प्रदूषक न मिल रहे हों लेकिन इनका पानी इतना प्रदूषित है कि इसका उपयोग दैनिक जीवन के काम काज हेतु नहीं किया जा सकता। बता दें कि पुराने भोपाल के मोतिया तालाब, सिद्दीक हसन और मुंशी हुसैन खां और छोटे तालाब व शाहपुरा तालाब में लगातार मिल रहे नालों के चलते इन तालाबों का पानी ई-कैटेगिरी का हो गया है। जबकि पुराने भोपाल के ही लैंडिया तालाब की स्थिति भी खराब है। दरअसल सिद्दीक हसन और मुंशी हुसैन खां तालाब में 12 अस्पतालों द्वारा मेडिकल वेस्ट छोड़ा जा रहा था, जिससे इनका पानी खराब हो गया है। मोतिया तालाब में नाले से ईदगाह हिल्स का सीवेज मिल रहा था। छोटे तालाब में भी श्यामला हिल्स का नाला मिलता है, जिससे इसकी जैव विविधता खत्म हो रही है।



### ई-कैटेगिरी के मिला था पानी

2020 में लॉकडाउन के दौरान मप्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल के तत्कालीन संचालक विजय अहिरवार ने सिद्दीक हसन और मुंशी हुसैन खां तालाब के पानी सैंपल लिए थे। उन्होंने पाया था कि दोनों तालाबों की सेहत खराब हो चुकी है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया था कि सिद्दीक हसन तालाब में अस्पतालों द्वारा सीधे मेडिकल वेस्ट छोड़ा जा रहा है। इससे मुंशी हुसैन खां तालाब पर भी असर पर पड़ रहा था। इस कारण अस्पतालों पर पर्यावरण क्षतिपूर्ति का दंड लगाकर इन मेडिकल वेस्ट के ट्रीटमेंट के लिए ईटीपी लगाने के निर्देश दिए गए थे। निरीक्षण के दौरान तालाब के ऊपर बने 15 में से 12 तालाबों पर जुर्माना लगाकर ईटीपी लगाने के निर्देश दिए थे। वहीं तालाब के पास स्थित घरों के सीवेज को भी तालाब में छोड़ने के बजाय घरों के शौचालय को सीवेज लाइन के साथ जोड़ने के निर्देश जारी किए थे।

### 5 जून से शहर के बाग बगीचों में लगेंगे पौधे

शहर में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 5 जून से शहर के बाग बगीचों और ग्रीन बेल्ट एरिया में पौधरोपण किया जाएगा। संभाग आयुक्त संजीव सिंह ने बैठक के दौरान भोपाल शहर में बड़े पैमाने पर पौधरोपण करने के निर्देश हैं। उन्होंने भोपाल के सभी बाग-बगीचों की मैपिंग और जियो टैगिंग कराने, बगीचे का नाम, एरिया, नगर निगम के जोन एवं वार्ड का नाम, सिंचाई के लिए पानी का स्रोत, देखभाल करने वाले अधिकारी /कर्मचारी का नाम एवं मोबाइल नंबर जानकारियों को इकट्ठा करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही नगर निगम सीमा के बाहर के नगरीय क्षेत्र में भी कार्य योजना बनाकर वृक्षारोपण कराने के निर्देश दिए हैं। बैठक में नगर निगम आयुक्त हरेंद्र नारायण ने संभाग आयुक्त को बताया कि शहर में भोपाल नगर निगम के 157 पार्क के अलावा, स्मार्ट सिटी, सीपीए और वन विभाग के बाग बगीचे हैं, जिनमें पौधरोपण किया जाएगा। शहर के कलियासोत और खानू गांव सहित पांच इलाकों का चयन किया गया है जहां वृक्षारोपण करने की तैयारी की जा रही है।

## पंचायत मंत्री ने बैठक में दिए निर्देश

# तय मापदण्ड की अनदेखी हुई, तो होगी कार्रवाई



विशेष संवाददाता, भोपाल। मध्यप्रदेश में तय मापदण्ड के आधार पर होने वाले निर्माण कार्यों को लेकर विभाग सख्ती बरतेगा। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि भवन निर्माण के दौरान यह सुनिश्चित किया जाए कि निर्मित भवनों से निकलने वाला दूषित पानी नदियों और जलसंरचनाओं में नहीं मिलना चाहिए। सोमवार को विकास भवन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत कार्यों की समीक्षा के दौरान विभागीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने उक्त आदेश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि पंचायत विभाग के अंतर्गत जिला पंचायत तथा जनपद पंचायतों हेतु बनने वाले भवन भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर बनाएं जाएं। इन भवनों में ग्रे-वाटर ट्रीटमेंट, रूफ वाटर हार्वेस्टिंग, सोलर ऊर्जा से विद्युत आपूर्ति जैसी आधुनिक सुविधाओं का अनिवार्य रूप से समावेश करें। कार्यालय भवनों को नागरिकों के लिए सुविधाजनक बनाएं। पटेल ने नवीन जिला पंचायत कार्यालय भवन एवं नर्मदा परिक्रमा पथ में विश्राम गृह की प्रस्तावित डिजाइन का प्रस्तुतीकरण देखा। उन्होंने कहा यह भवन कार्यालयीन अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों के लिए उपयोगी आवश्यकताओं के अनुरूप हों। मंत्री पटेल ने इस दौरान पेसा एक्ट के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जनजाति समुदायों के हित में पेसा एक्ट का प्रभावी क्रियान्वयन हमारी प्राथमिकता है, इसके लिए ठोस कदम उठाएं जाएं। उन्होंने जनपद पंचायत सीईओ और पेसा को ऑर्डिनेटर की संयुक्त ट्रेनिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने छोटी नदियों के उद्गमस्थलों के संरक्षण और नर्मदा किनारे की भूमियों पर पौध रोपण के लिए तार फेंसिंग कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## मास्टर माइंड फरहान समेत चार आरोपियों को रिमांड पर लिया

क्राइम रिपोर्टर, भोपाल। कॉलेज छात्राओं से रेप, ब्लैकमेलिंग के पांच आरोपियों को सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने मामले के मास्टर माइंड फरहान खान, नबील, अली और साद को 4 जून तक के लिए पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस इनके बैंक खातों में आए लाखों रुपए को लेकर पूछताछ करेगी। दानिश का रिमांड नहीं मिला। फरहान की तरफ से सीनियर क्रिमिनल लॉयर जगदीश गुप्ता ने पक्ष रखा। गुप्ता ने बताया कि फरहान ने अपने बयानों में कोर्ट को बताया कि पुलिस उसके आंख में पट्टी बांधकर सूनसान जगह लेकर गई। इसके बाद उसके पैर में गोली मार दी गई। कोर्ट ने पुलिस से इसको लेकर प्रतिवेदन मांगा है। मामले की जांच कर रही एसआईटी ने आरोपियों के खातों की बैंक से जानकारी जुटाई। पता चला कि फरहान के दो खातों में 50 लाख से अधिक का ट्रांजेक्शन हुआ है। इतना ही नहीं फरहान ने मामले में गिरफ्तार अन्य आरोपियों के खाते में पैसे डाले हैं। अन्य आरोपियों की तरफ से फरहान के खातों में पैसे भेजे गए हैं। पुलिस इसी पैसे को लेकर आरोपियों से पूछताछ करेगी। मामले में फरहान को दरिंदगी करने के लिए कमरा उपलब्ध कराने वाले आरोपी अबरार को एसआईटी अब तक गिरफ्तार नहीं कर सकी है। उसका पुलिस को सुराग तक नहीं लग रहा। इंजीनियरिंग स्टूडेंट रहा अबरार बेहद शातिर है। पुलिस से बचने के लिए वह अपने परिजन से भी संपर्क नहीं कर रहा है।

**नगर निगम को तैयार करनी होगी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की सूची**

# हटाने होंगे नाले-नालियों पर किए गए निर्माण

जागरण संवाददाता, भोपाल। भोपाल के सभी एसडीएम को अगले एक सप्ताह में शहरी सीमा में मौजूद सभी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की सूची तैयार करनी होगी। इसके लिए नगर निगम अमले की मदद लेना होगी, ताकि समय पर राहत प्रबंधन की कार्य योजना तैयार की जा सके। सोमवार को आयोजित समय सीमा पत्रों की बैठक में एडीएम अंकुर मेश्राम ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि शहरी क्षेत्रों के साथ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की भी सूची तैयार कर ली जाए, ताकि आपात स्थिति में बेहतर तरीके से काम किया जा सके। बैठक के दौरान एडीएम प्रकाश नायक, जिले के सभी एसडीएम और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे। इस दौरान एडीएम ने सीएम हेल्पलाइन में फोर्स क्लोज कर बंद की गई शिकायतों को फिर से खोलकर उनका संतोषजनक तरीके से निपटारा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का निराकरण गुणवत्ता के साथ हो, ताकि किसी भी तरह की शिकायत का मौका न मिले। साथ ही सभी एसडीएम और विभागीय अधिकारी इस हफ्ते व्यक्तिगत रूप से लंबित शिकायतों की निगरानी करें और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं।

### करने होंगे यह काम

- प्राकृतिक जलाशयों, जल निकासी मार्गों, नदी-नालों पर बने अतिक्रमणों की सूची तैयार कर उन्हें हटाया जाएगा।
- तालाबों और बांधों का लगातार निरीक्षण किया जाएगा। ताकि बांध तालाब की दीवार में दरार आने पर समय पर जानकारी मिल सके।
- जर्जर भवनों की सूची बनाकर अधिकारियों के साथ साझा करनी होगी, जो भवन ज्यादा जर्जर हैं और उनमें लोग रह रहे हैं, तो उन्हें खाली कराया जाएगा।
- आपातकालीन सेवाओं जैसे सड़क, संचार और पुलों के रखरखाव की भी जानकारी देनी होगी।
- राहत शिविरों और स्थलों का पहले से चिन्हांकन कर अधिकारियों को जानकारी देनी होगी।
- वार्ड-वार आपदा प्रबंधन समितियों का गठन करना होगा। आपातकाल के समय समय पर सूचनाएं मिलें। इसके भी प्रबंध करने होंगे।
- शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में बनाए गए कंट्रोल रूम के साथ नियमित समन्वय बनाए रखना होगा।


# भोपाल में अब तक शुरू नहीं हुई कोरोना की जांच, इंदौर में चार मरीज और मिले

**गाइडलाइन के इंतजार में जेपी और हमीदिया अस्पताल, ओपीडी में 15 प्रतिशत मरीजों में दिख रहे लक्षण**

कार्यालय संवाददाता, भोपाल। देश में कोरोना का नया वेरिएंट जेएन.1 तेजी से फैल रहा है। कोविड डेशबोर्ड के मुताबिक सोमवार तक देश में संक्रमितों की संख्या 3961 हो चुकी है। इसमें मप्र के मरीजों की संख्या 23 है। बावजूद इसके एमपी की राजधानी भोपाल में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से कोई हलचल नहीं है। न तो शहर के सरकारी अस्पताल में आरटीपीसीआर जांच हो रही है और न लोगों को वायरल के प्रति जागरुक किया जा रहा है। सिर्फ एक एम्स अस्पताल में जांच हो रही है, जो कि केंद्र सरकार का अस्पताल है। राज्य सरकार के किसी भी अस्पताल में कोविड जांच को अब तक शुरू नहीं किया गया है।

**मौसम बदलने से बढ़ रहे मरीज** संक्रमण बढ़ने के पीछे अभी तक कोई ठोस कारण तो नहीं है। लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि बीते एक सप्ताह से मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। इसमें तापमान ऊपर नीचे हो रहा है। इससे मौसमी बुखार फैला है, इस कारण अस्पतालों में आने वाले मरीजों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। हमीदिया अस्पताल में जहां दो हजार मरीज पहुंच रहे थे, वहीं इनकी संख्या तीन हजार तक जा पहुंची है। इन्हीं मरीजों में आए कुछ में कोरोना के लक्षण मिल रहे हैं।

### कोरोना रूप बदल कर आता रहेगा : डॉ. दवे



कोरोना वायरस के नए वेरिएंट को लेकर गांधी मेडिकल कॉलेज के टीबी एवं चेस्ट रोग विशेषज्ञ डॉ. लोकेन्द्र दवे का कहना है कि कोरोना संक्रमण समय समय पर रूप बदलकर आता रहेगा। दुनिया के कई देश अभी भी संक्रमण के भयंकर रूप से लड़ रहे हैं। हमारे शहर में लोगों को यह याद रखना चाहिए सावधानी ही बचाव है। मैं देख रहा हूं कि लोग अस्पताल में भी मास्क नहीं लगा रहे, न सोशल डिस्टेंस का पालन कर रहे। यह खतरनाक है।

### ट्रेवल हिस्ट्री को लेकर भी लापरवाही

प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में 20 से ज्यादा कोरोना मरीज मिल चुके हैं। पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र में मरीजों की संख्या बहुत अधिक है। कोविड कंट्रोल गाइडलाइन में पहले भी लोगों की ट्रेवल हिस्ट्री को मॉनिटर किया गया है। लेकिन इस बार अभी तक शासन की ओर से कोई दिशा निर्देश जारी नहीं किए गए हैं। गर्मियों के सीजन में लोग अन्य राज्यों की यात्रा कर लौट रहे हैं, लेकिन किसी की जांच नहीं की जा रही।

### लोग हुए बेपरवाह सरकार भी भूली

कोरोना संक्रमण को लेकर प्रदेश की जनता अब पूरी तरह से बेपरवाह हो चुकी है। न तो बाजारों में लोग मास्क लगाकर घूम रहे हैं और न सेनेटाइजर का इस्तेमाल किया जा रहा है। वहीं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन तो लोग एक दम से भूल ही गए हैं। इतना ही नहीं लोगों को संक्रमण से बचाने के लिए सरकार ने जितने प्रयास शुरू किए थे वह सब बंद कर दिए हैं। न तो बाजारों में पुलिस द्वारा सख्ती की जा रही है, और न मास्क चैकिंग के नाम पर कोई कार्रवाई हो रही है। इतना ही नहीं जनजागरुकता के कार्यक्रम भी पूरी तरह बंद हैं।


# हाईकोर्ट का आदेश फिर भी नहीं मिल रही एएनएम को नौकरी

कार्यालय संवाददाता, भोपाल। स्वास्थ्य संचालनालय के सामने सोमवार को दर्जनों महिलाएं बैठी थीं। यह महिलाएं स्वास्थ्य विभाग एएनएम के पद पर सेवाएं दे रही थीं। कुछ वर्ष पहले विभाग ने इन्हें नौकरी से निकाल दिया था, न्याय के लिए महिलाएं हाईकोर्ट चली गई। करीब एक महीना पहले हाईकोर्ट ने एएनएम के पक्ष में फैसला सुना दिया। कोर्ट का आदेश होने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग अभी तक करीब सौ से अधिक एएनएम महिलाओं को नौकरी नहीं दे सका है। विभाग की कार्यशैली से नाराज महिलाएं प्रदेश के कोने कोने से भोपाल पहुंची और अपनी मांग शासन के समक्ष रखी। महिलाओं ने एक स्वर में बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने ग्रुप-5 में वेकेंसी निकाली थी। जिसमें कुछ ऐसी शर्तें जोड़ी गईं थी, जिसे पूरा करना एएनएम कार्यकर्ता के लिए मुश्किल था। हमने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। जहां से हमें न्याय मिला है। लेकिन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी आज भी हमें न्याय देने को तैयार नहीं हैं।

**संचालनालय के सामने धरने पर बैठीं महिलाएं**



# डीसी सागर बनें स्पेशल डीजी, 30 जून को होंगे रिटायर्ड



विशेष संवाददाता, भोपाल। भारतीय पुलिस सेवा केअधिकारी डीसी.सागर विशेष पुलिस महानिदेशक के पद पर पदोन्नत किए गए है। सागर इसी माह की 30 तारीख को सेवानिवृत्त होंगे। इस तरह वो महज एक माह के लिए ही स्पेशल डीजी के तौर पर अपनी सेवाएं दे पाएंगे। गौरतलब है कि विशेष डीजी होमगार्ड अरविन्द कुमार 31 मई को रिटायर्ड हो गए। जिससे रिक्त पद पर डी.सागर को पदोन्नित कर दिया गया। सागर वर्तमान शिकायत और मानवाधिकार शाखा का दायित्व निभा रहे थे। पदोन्नति के उपरांत वो इसी पद पर बतौर स्पेशल डीजी अपनी सेवाएं देंगे।

**दतिया कलेक्टर सेवानिवृत,नई पोस्टिंग नहीं:** दतिया कलेक्टर रहे संदीप माकिन 31 मई को सेवानिवृत्त हो गए। अब तक राज्य शासन ने दतिया के लिए किसी अधिकारी को बतौर कलेक्टर पदस्थ नहीं किया है,अलबत्ता जिला पंचायत दतिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अक्षय कुमार तेम्रवाल को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष

**अब कानून व्यवस्था ...**

ने बताया कि राजस्व विभाग को लेकर कई अहम फैसले कैबिनेट ने लिए है। इसमें प्रमुख राजस्व आयुक्त एवं आयुक्त भू-अभिलेख कार्यालयों को अब एक किया गया है और इसका एकीकृत नाम कार्यालय आयुक्त भू-संसाधन प्रबंधन होगा। नए पदों के सृजन में आईटी पदों को ज्यादा महत्व दिया जाएगा। इसी तरह अब तहसीलदार के काम भी आपस में बांटे जाएंगे। यानी कि जो तहसीलदार न्यायालय का काम देखते है,उन्हें लॉ-इन-ऑर्डर की जिम्मेदारी नहीं दी जाएगी। कानून व्यवस्था के लिए अलग से तहसीलदार पदस्थ होंगे।

**व्यापार नहीं, जीवन का ...**

प्रभावित नहीं करता। इस तरह का कोई भी ऑनलाइन मनोरंजन, खेल, व्यापार विनियमन के अधीन होना चाहिए, जो मानव स्वास्थ्य के लिए बाधा बन रहा हो। अदालत ने याचिकाकर्ताओं की इस दलील को खारिज कर दिया कि व्यापार करना उनका अधिकार है। कोर्ट ने कहा- अनुच्छेद 19 (1)(जी) में निहित व्यापार करने का अधिकार एक महत्वपूर्ण मौलिक अधिकार है, लेकिन उसका उपयोग अनुच्छेद 21 के तहत मिले लोगों के जीवन के अधिकार को बाधित करने के लिए नहीं किया जा सकता। यह याचिका प्ले गेम्स, हेड डिजिटल वर्क्स, जंगली गेम्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड सहित अन्य ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफार्मों द्वारा दायर की गई थी। याचिका में कहा गया था कि तमिलनाडु सरकार का कदम सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के प्रतिकूल है।

**हम प्रोफेशनल फोर्सेस...**

ऑपरेशन सिंदूर एक ऐसी युद्ध नीति का उदाहरण था जिसमें काइनेटिक और नॉन-काइनेटिक दोनों तरह के युद्ध कौशल इस्तेमाल हुए। इस युद्ध के दौरान जो ट्रेंड उभरे हैं, उनसे आगे के युद्ध की रूपरेखा तय होगी। पहला- सैंसर टेक्नोलॉजी इस युद्ध के दौरान काफी अहम रही, हमारे पास न्यूरल और मानव निर्मित दोनों तरह के सेंसर हैं। दूसरा- ब्रह्मोस जैसी हाइपरसोनिक मिसाइलों और स्टील्थ टेक्नोलॉजी का इस युद्ध में काफी अहम योगदान रहा, जहां ड्रोन भी नहीं, ये सब मिलकर ऐसे खतरे पैदा कर रहे हैं, जिनका पता नहीं लगाया जा सकता। तीसरा- मानव रहित सिस्टम। मानव रहित टैंक वगैरह काफी अहम साबित हुए या आगे के युद्ध में हो सकते हैं, जिससे मानवीय जोखिम कम होता है।

**आयोजन** | विश्वास सारंग के माता-पिता की स्मृति में हुआ कार्यक्रम, शिवराज सिंह सहित कई नेता शामिल

# जन सेवा के कार्य सरकार के लिए सर्वोपरि: सीएम

विशेष संवाददाता, भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश सरकार के लिए जन सेवा के कार्य और जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन सर्वोपरि है। प्रदेश सरकार ने इस ओर कई प्रयास किए है और यह वर्ष अनेक सेवा प्रकल्पों के कारण जाना जाएगा। सीएम सोमवार को भोपाल के सुभाष नगर खेल मैदान में वरिष्ठ नेता स्वर्गीय कैलाश नारायण सारंग की जयंती और श्रीमती प्रसून सारंग की स्मृति में हुए कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में सेवा का विशेष महत्व है और यह सनातन संस्कृति की पहचान भी है। स्वर्गीय कैलाश नारायण सारंग ने भी जीवन में सेवा कार्यों को अपनाया। भारत में कुटुंब परंपरा है और मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने बुजुर्गों की सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय पहल की है। उनके द्वारा माता-पिता की स्मृति में यह आयोजन सराहनीय है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए माता-पिता के साथ बिताया समय यादगार होता है। प्रत्येक व्यक्ति का जन्म लेना और मृत्यु को प्राप्त होना तय है, लेकिन जन्म और मृत्यु के मध्य यात्रा कितनी सार्थक रही यह महत्वपूर्ण है। सीएम ने कहा कि कर्म के आधार पर जीवन बनता है। मध्य प्रदेश सरकार ने सतपुड़ा अंचल के राजा भभूत सिंह के सम्मान में पचमढ़ी में कैबिनेट की बैठक का आयोजन किया है। राजा भभूत सिंह ने संघर्ष करते हुए जनजातीय समाज को संगठित किया और कुशल नेतृत्व देकर बाहरी ताकतों के विरुद्ध निरंतर लड़ाई लड़ी। नई पीढ़ी को ऐसे गौरवशाली व्यक्तित्व के बारे में जानकारी देना आवश्यक है, ताकि युवा पीढ़ी विरासत पर गर्व करे और लोगों के जीवन को बदलने के अभियान में सहभागी बने।



### स्व.सारंग सैकड़ों कार्यकर्ताओं के पालक थे: शिवराज

केंद्रीय किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि माता-पिता भगवान से भी पहले आते हैं। मंत्री सारंग को अपने माता-पिता की स्मृति को मातृ-पितृ भक्ति दिवस के रूप में मनाने के संकल्प को साधुवाद देता हूं। स्व. कैलाश सारंग केवल विश्वास सारंग के पिता नहीं, बल्कि हमारे जैसे करोड़ों कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शक और पालक थे।

### सेवा का उदाहरण : शर्मा

प्रदेश अध्यक्ष वी.डी. शर्मा ने कहा कि स्व. कैलाश नारायण सारंग के जयंती को मातृ-पितृ भक्ति दिवस के रूप में मनाने वाले मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने दूसरों के लिये प्रेरणा का काम किया। स्व. सारंग ने जो भूमिका संगठन के अंदर निभाई है, वो हमारे जैसे भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

### समाज का हर बुजुर्ग माता-पिता के समान : सारंग

मंत्री सारंग ने कहा कि समाज का हर बुजुर्ग हमारे माता-पिता के समान है। उनकी सेवा करना हमारा सनातन धर्म हमें सिखाता है। भगवान श्री गणेश, प्रभु श्री राम एवं श्रवण कुमार का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि माता-पिता की भक्ति देवों की भक्ति के समान है। उनका पूजन करने से सभी देवों के पूजन का पुण्य प्राप्त हो जाता है।

### 31 बेटियों का हुआ विवाह

कार्यक्रम में 31 बेटियों का विधि विधान से विवाह सम्पन्न करवाया गया। लगभग 1100 वरिष्ठजनों का सम्मान कर उपहार दिये गये। अतिथियों ने वरिष्ठजन की आरती की और सामूहिक चित्र निकलवाया।

### हर वर्ग की रही सहभागिता

जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में हर वर्ग एवं हर समाज के लोगों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। सोशल मीडिया पर हैशटेग सारंग-मातृ-पितृ-भक्ति-दिवस के साथ युवाओं ने अपने माता-पिता को सम्मानित कर उनके फोटो-वीडियो फेसबुक, ट्विटर सहित विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड किये। देशभर में नं. 1 पर ट्रेंड हुआ।

## संघ नेता पर एफआईआर भड़काऊ भाषण का आरोप

**मंगलुरु (कर्नाटक)।** आरएसएस के वरिष्ठ नेता कल्लाडका प्रभाकर भट के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज की गई है। उन पर दक्षिण कन्नड़ में भड़काऊ भाषण देना का आरोप है। पुलिस की एफआईआर में आरोप है कि प्रभाकर ने 12 मई को दक्षिण कन्नड़ में एक भाषण दिया था। यह भाषण हिंदुत्वादी कार्यकर्ता सुहास शेट्टी की शोकसभा में दिया गया था। 1 मई को मंगलुरु में सुहास शेट्टी की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। 12 मई को कवलपदुर के माडवा कन्वेंशन हॉल में शोकसभा की गई थी। शोकसभा में संघ नेता भट ने 500 लोगों को संबोधित किया था। इस दौरान कथित रूप से भड़काऊ भाषण दिया, जिससे सामाजिक सद्भाव बिगड़ने का खतरा है।

## अन्ना यूनिवर्सिटी में रेप के दोषी को उम्रकैद

**चेन्नई।** तमिलनाडु के चेन्नई स्थित अन्ना यूनिवर्सिटी में हाई प्रोफाइल यौन शोषण मामले के दोषी ज्ञानसेकरन को सोमवार को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। महिला कोर्ट की जज एम राजलक्ष्मी ने कहा कि दोषी को बिना किसी छूट के कम से कम 30 साल जेल में रहना होगा। दोषी पर 90 हजार रुपए जुर्माना भी लगा है। ज्ञानसेकरन को 28 मई को दोषी ठहराया था। उसके खिलाफ यौन उत्पीड़न, रेप, धमकी और अपहरण सहित सभी 11 आरोप सही साबित हुए थे। मामले में कम से कम 29 गवाहों ने गवाही दी और पुलिस ने 100 पन्नों का चार्जशीट दाखिल किया था।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद दोनों देशों के बीच तनाव, पाकिस्तान ने मॉस्को भेजा हाई लेवल डेलिगेशन

# भारत से बढ़ते टेंशन के बीच रूस को साधने में जुटा है पाकिस्तान

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत ने 6 से 10 मई तक दुश्मन मुल्क पाकिस्तान में ताबड़तोड़ हमले कर कई सैन्य और आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। दोनों देशों के बीच 10 मई को सीजफायर पर सहमति बनी, इसके बाद दोनों देश अपने-अपने डेलिगेशन को कई देशों में भेजकर अपना पक्ष रख रहे हैं। भारत पाकिस्तान को आतंक के मुद्दे पर बेनकाब करने में जुटा है। दुनियाभर के मुल्कों में भारतीय डेलिगेशन ने जाकर पाक की पोल खोल दी है। अब पाकिस्तान ने भी भारत की देखा-देखी करनी शुरू कर दी है। पाकिस्तान ने सोमवार से 4 जून तक के लिए डेलिगेशन को रूस की राजधानी मॉस्को भेजा है। इस्लामाबाद की ओर से डेलिगेशन के बारे में विस्तृत जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी गई। मिनिस्ट्री ऑफ फॉरेन अफेयर्स ऑफ पाकिस्तान ने ट्विट किया कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के निर्देश पर 2 से 4 जून 2025 तक एक डेलिगेशन मॉस्को की यात्रा करेगा। प्रधानमंत्री के विशेष सहायक सैयद तारिक फातमी इस डेलिगेशन का नेतृत्व करेंगे, इस यात्रा का उद्देश्य हाल में ही भारतीय आक्रामकता



का पाकिस्तानी सुरक्षबलों द्वारा संतुलित जवाब और जिम्मेदार नीति को वैश्विक मंचों पर प्रस्तुत करना है, इस दौरान डेलिगेशन रूसी अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। मीडिया और थिंक टैंक संस्थाओं से बातचीत करेंगे।

### भारत-रूस: दशकों से दोस्त

भारत-रूस की दोस्ती ऐतिहासिक और दशकों से चली आ रही है। दोनों ही देश चाहे दुनिया में कितनी भी अस्थिरता आई हो एक-दूसरे के साथ खड़े नजर आते हैं। हालांकि, रूस-यूक्रेन संघर्ष की वजह से इस रिश्ते में कई नई परतें जुड़ गई हैं। दुनियाभर के मुल्कों ने 2022 में रूस पर कई प्रतिबंध लगाए, जिसके बाद भारत ने रूस से कच्चा तेल छूट पर खरीदना तेज कर दिया। 2025 से भारत रूस से रुपया-रूबल व्यापार व्यवस्था के जरिए तेल खरीद रहा है।

### तुर्किये में रूस-यूक्रेन के नेताओं के बीच हुई शांति वार्ता

**नई दिल्ली।** रूस और यूक्रेन के बीच सीजफायर को लेकर चर्चा तेज हो चुकी है। हालांकि, दोनों देशों की ओर एक-दूसरे के खिलाफ ड्रोन हमले जारी हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पूरी कोशिश में जुटे हैं कि किसी भी तरह दोनों देशों के बीच शांति स्थापित हो सके। इसी बीच रूस और यूक्रेन के प्रतिनिधिमंडल दो सप्ताह में अपनी दूसरी प्रत्यक्ष शांति वार्ता के लिए सोमवार को तुर्किए में एकत्रित हुए। हालांकि, इस मीटिंग से कुछ खास प्रगति की उम्मीद नजर नहीं आ रही। यूक्रेन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता हेओरही ताइखयी ने यूक्रेनी दूतावास के व्हाट्सएप ग्रुप पर पोस्ट किए गए एक संदेश में कहा, रक्षा मंत्री रुस्तम उमेरोव के नेतृत्व में यूक्रेन का प्रतिनिधिमंडल बैठक के लिए इस्तांबुल में है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सहयोगी व्लादिमीर मेंजिस्की के नेतृत्व में रूसी प्रतिनिधिमंडल रविवार शाम को यहां पहुंचे। रूसी सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी।

## महात्मा गांधी के सिद्धांत आज अधिक प्रासंगिक: रविशंकर

**लंदन।** भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में एक सर्वदलीय डेलिगेशन ने रविवार को लंदन के टैविस्टॉक स्क्वायर में महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। प्रसाद ने कहा, गांधी के अहिंसा, सत्य और सद्भावना के सिद्धांत आज और भी अधिक प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा, पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद के इस युग में उनका संदेश भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, शांति महत्वपूर्ण है, आतंकवाद नहीं। इसलिए आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। पत्रकारों से बात करते हुए प्रसाद ने कहा, लंदन के हृदय में महात्मा गांधी की महान प्रतिमा के समक्ष यह हमारे लिए गर्व की बात है। हम उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने तथा उन्हें श्रद्धांजलि देने आए हैं। शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा, उन्होंने बीआर अंबेडकर और महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी।

**भारतीय डेलिगेशन ने लंदन में अर्पित की श्रद्धांजलि**

### मदरसा शिक्षा प्रणाली में किए कई बदलाव

# यूपी के मदरसों में अब अंग्रेजी और गणित होंगे अनिवार्य

**लखनऊ, जेएनएन।** उप्र में मदरसा शिक्षा प्रणाली में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। उप्र सरकार ने मदरसा एजुकेशन को लेकर हाईलेवल कमेटी बनाई है और सरकार ने मदरसा पाठ्यक्रम के पुनर्गठन का आदेश दिया है। सरकार ने मदरसों से जुड़े कई नियमों में बदलाव किया है। मदरसा के पाठ्यक्रम में भी बड़ा बदलाव किया जा रहा हे। अब तक मदरसा शिक्षा प्रणाली में अंग्रेजी, गणित, विज्ञान जैसे विषय ऑप्शनल थे, जिन्हें अब अनिवार्य किया जा रहा है। सरकार ने मदरसा शिक्षा में सुधार और सुचारू संचालन के लिए उच्च स्तरीय कमेटी गठित की है। इस कमेटी का अध्यक्ष अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के डायरेक्टर को बनाया गया है। इस कमेटी में अल्पसंख्यक कल्याण और वक्फ विभाग, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, वित्त और न्याय विभाग के विशेष सचिव सदस्य होंगे। यह कमेटी हर एक महीने में रिपोर्ट देगी।



### ये बदलाव भी प्रस्तावित

मान्यता प्राप्त मदरसों में विज्ञान, कंप्यूटर लैब्स अनिवार्य किए जाएं। 1 से 3 तक एनसीईआरटी, 4 से 8 तक एससीईआरटी सिलेबस लागू हो। कक्षा 12 में खेती, वाणिज्य और खेल-क्रीड़ा शिक्षा शामिल की जाए। मदरसों को बुनियादी ढांचे की न्यूनतम शर्तें पूरी करनी होंगी।

**मदरसा शिक्षा कमेटी के काम:** कक्षा 9 से 12 तक के कोर्स का पुनर्निर्धारण, छात्रों की संख्या अनुरूप शिक्षक, नए शिक्षकों की भर्ती पर विस्तृत रिपोर्ट, कार्यरत शिक्षकों को विषयवार खास प्रशिक्षण और ब्रिज कोर्स करवाना।

## 16 नक्सलियों ने डाले हथियार, 25 लाख था इनाम

**सुकमा, जेएनएन।** छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। नक्सलवाद का गढ़ कहे जाने वाले सुकमा में 16 नक्सलियों ने सरेंडर कर दिया है। इनमें 2 हार्डकोर नक्सली भी हैं। 6 नक्सलियों पर पुलिस ने 25 लाख का इनाम घोषित किया था। एक महिला और पुरुष माओवादी पर भी 8-8 लाख रुपए का इनाम रखा गया था। सुकमा में पुलिस के सामने सरेंडर करने वाले 16 माओवादियों में कई खूंखार नक्सली भी हैं, जो इलाके में कई बार बड़ी वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। बता दें कि सभी नक्सलियों ने आत्म समर्पण नीति और नियद नेल्ला नार योजना के तहत सरेंडर करने का फैसला लिया।

# अमेरिका में इजराइली समर्थकों पर हमला, पेट्रोल बम फेंका

### 8 लोग झुलसे, हमलावर ने फ्री फिलिस्तीन के नारे लगाए



**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिका के कोलोराडो राज्य के बोल्डर शहर में रविवार को एक संदिग्ध ने फ्री फिलिस्तीन का नारा लगाता हुए लोगों पर हमला कर दिया। उसने लोगों पर मोलोटोव कॉकटेल फेंका, जिससे मौके पर आग लग गई। इस आग की चपेट में आने से 8 लोग झुलस गए। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें एक शख्स मोलोटोव कॉकटेल (पेट्रोल बम) फेंकते हुए दिखाई दे रहा है। यह हमला रन फॉर देयर लाइव्स नाम के एक ग्रुप की सभा के दौरान हुआ। यह ग्रुप गाजा में हमास की कैद में मौजूद इजराइली नागरिकों की रिहाई की मांग कर रहा था। पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को मौके से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 45 वर्षीय मोहम्मद साबरी सोलिमान के रूप में हुई है। बताया गया कि सोलिमान ने पहले अमेरिका में शरण के लिए आवेदन किया था। साल 2005 में सोलिमान को अमेरिका में घुसने के लिए वीजा देने से मना कर दिया गया था। हालांकि, वह अमेरिका कब और कैसे आया, यह अभी तक साफ नहीं है।

## पाकिस्तान की नदियों में 21 फीसदी पानी की कमी

**इस्लामाबाद।** पिछले महीने पाकिस्तानी मीडिया ने बताया था मंगला और तरबेला में पानी का स्तर डेड लेवल तक पहुंच गया है। पाकिस्तान में किसानों को पानी की कमी के चलते फसल बुवाई के संकट का सामना करना पड़ रहा है। पाकिस्तान की सिंधु नदी सिस्टम अथॉरिटी का अनुमान है कि, देश में सिंधु, झेलम और चिनाब नदी के प्रवाह में 21% की कमी आई है। खैबर पख्तूनख्वा राज्य में स्थिति प्रमुख बांध मंगला और तरबेला में 50 फीसदी से भी कम पानी बचा है। 2 जून 2025 को पंजाब में कुल पानी की उपलब्धता सिर्फ 1,28,800 क्यूसेक थी, जो पिछले साल के मुकाबले 14,800 क्यूसेक कम है। वहीं, पाकिस्तान सरकार के के मुताबिक, 2 जून 2025 तक पंजाब प्रांत में सिंधु नदी प्रणाली में पानी की उपलब्धता पिछले साल के मुकाबले 10.3 फीसदी कम हो गई है। अधिकारियों का कहना है कि सिंधु जल संधि स्थगित होने के बाद अब भारत पाकिस्तान के साथ जल प्रवाह के आंकड़े शेयर नहीं करेगा। इससे बरसात के मौसम में बाढ़ मैनेजमेंट भी मुश्किल हो जाएगा। पाकिस्तान के ऊपर एक एंटी साइक्लोन बन गया है। इस वजह से कई इलाके भीषण गर्मी से जूझ रहे हैं। बलूचिस्तान के कई इलाकों में 16 घंटे बिजली कटौती हो रही है, इस वजह से गर्मी काटना और भी मुश्किल हो गया है। अभी दक्षिण-पश्चिम मॉनसून को पाकिस्तान पहुंचने में 4 हफ्ते लगेंगे, ऐसे में आने वाले हफ्ते और ज्यादा मुश्किल भरे हो सकते हैं।




**नागपुर। राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा महाविद्यालय (एनएफएससी) में बी.टेक (फायर इंजीनियरिंग) के 28वें बैच के छात्र अपनी पासिंग आउट परेड के बाद जश्न मनाते हुए।**

## तेजप्रताप पर बोले तेजस्वी फैसला ले चुके पार्टी अध्यक्ष

**पटना, जेएनएन।** अनुष्का यादव के साथ तस्वीरें वायरल होने के बाद तेजप्रताप यादव को पार्टी से निकाल दिया गया है। तेजप्रताप यादव ने रविवार को बैक टू बैक टू पोस्ट किए। एक पोस्ट में तेजप्रताप ने जयचंद का जिक्र किया। लिखा कि मेरे भाई भरोसा रखना। मैं हर परिस्थिति में तुम्हारे साथ हूं। भाई मम्मी-पापा का ख्याल रखना, जयचंद हर जगह हैं, अंदर भी और बाहर भी। जयचंद वाले सवाल पर तेजस्वी यादव ने सोमवार को प्रतिक्रिया दी है। तेजस्वी ने कहा, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इस पर फैसला ले लिया है। पार्टी और बिहार की भलाई किसमें में है ये बात पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अच्छी तरह जानते हैं। मैं किसी की निजी जिंदगी पर टिप्पणी नहीं करता। वहीं अनुष्का संग रिश्ते और फोटो वायरल होने के बाद पार्टी-परिवार से निकाले गए तेजप्रताप यादव को आरजेडी सांसद सुधाकर सिंह का साथ मिला है। सुधाकर सिंह ने मोतिहारी में कहा, ये तेजप्रताप का निजी मसला है।



## 'ठग लाइफ' बैन मामला: कमल हासन ने खटखटाया हाईकोर्ट का दरवाजा

**चेन्नई, जेएनएन।** दक्षिण भारतीय अभिनेता कमल हासन के तमिल-कन्नड़ भाषा पर दिए गए बयान का असर उनकी आगामी फिल्म 'ठग लाइफ' पर पड़ रहा है। यह 5 जून 2025 को रिलीज होने वाली है। इसे कर्नाटक में बैन करने की मांग की जा रही है। इस बीच कमल हासन ने कर्नाटक हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने फिल्म की रिलीज और स्क्रीनिंग सुनियिश्चत करने के निर्देश मांगे हैं और सुरक्षा की भी मांग की है। असल में, उन्होंने विवाद के बाद माफी मांगने से इनकार कर दिया था और कहा कि उन्होंने ये सब प्यार में बोला।



कमल हासन को कर्नाटक में आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। 24 मई को चेन्नई में 'ठग लाइफ' के ऑडियो लॉन्च पर बोलते हुए उन्होंने कहा था, 'कन्नड़ तमिल से पैदा हुई है।' राज्य में 5 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली फिल्म 'ठग लाइफ' की रिलीज रोकने की मांग हो रही है। इस बीच कमल हासन ने किसी भी बाधा को रोकने के लिए कानूनी हस्तक्षेप की मांग की है। अपनी प्रोडक्शन कंपनी 'राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल' के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के माध्यम से दायर याचिका में कमल हासन ने अदालत से कर्नाटक राज्य सरकार, पुलिस विभाग और फिल्म व्यापार यूनिट्स को फिल्म की रिलीज में बाधा न डालने का निर्देश देने का आग्रह किया है।

# उप्र में मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने 231 किमी में चेन लिंक फेंसिग

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर वन एवं वन्यजीव विभाग ने मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने व्यापक और प्रभावी कदम उठाए हैं। इसके चलते वर्ष 2023-24 से 2024-25 में 231 किमी चेन लिंक फेंसिग और 41 किमी सोलर फेंसिग के कार्य किए गए हैं, जिसस वन्यजीवों की सुरक्षा के साथ वन क्षेत्रों के आसपास रहने वाले ग्रामीणों और उनके पालतू जानवरों को भी सुरक्षा प्रदान की जा रही है। विभाग से ट्रेड बाघ मित्र, मानव वन्यजीव संघर्ष कम करने में भूमिका निभा रहे हैं। साथ ही ट्रैकिंग डिवाइस, ड्रोन कैमरे, जीपीएस जैसी आधुनिक तकनीकी का प्रयोग कर वन क्षेत्रों की निगरानी और पेट्रोलिंग का कार्य भी मानव एवं वन्य जीव संघर्ष को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो रहा है। वन एवं वन्य जीव विभाग ने सीएम योगी के विजन के अनुरूप कई नवाचार किए हैं, जिसमें सबसे प्रभावी कदम प्रदेश के वन क्षेत्रों के चारों ओर बड़े पैमाने पर चेनलिंक फेंसिग का निर्माण है। ये फेंसिंग वन्यजीवों को ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवेश करने से रोकने में कारगर सिद्ध हो रही हैं, जिससे फसलों और मानव जीवन को होने वाले नुकसान में कमी आई है। ग्रामीण पालतू पशुओं के वन क्षेत्रों में प्रवेश और उनको शिकार से बचाने के लिए होने वाले मानव वन्य जीव संघर्ष में भी कमी दर्ज की गई है। ये बाघ मित्र ग्रामीणों को जागरूक करने और वन्यजीवों के साथ सुरक्षित सह-अस्तित्व को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। ये ग्रामवासियों के साथ नियमित बैठकें और संवाद कर रहे हैं, जिनमें वन्यजीवों से बचाव के उपाय, उनकी गतिविधियों की जानकारी और आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई जैसे विषय शामिल हैं। बाघ मित्रों का चयन विशेष रूप से टाइगर रिजर्व के निकटवर्ती ग्रामों के लिये किया है। इटावा के लायन सफारी के लिए भी बाघ मित्रों का चयन किया गया है। यह पहल न केवल जागरूकता बढ़ाने का काम रही है, साथ ही स्थानीय समुदायों और वन एवं वन्य जीव विभाग के बीच विश्वास बढ़ाने का कार्य भी कर रही है।



### ड्रोन, जीपीएस ट्रैकिंग और कैमरा ट्रैप का उपयोग

वन क्षेत्र के बाहर विचरण करने वाले वन्यजीवों की नियमित ट्रैकिंग के लिए आधुनिक तकनीकों ड्रोन, जीपीएस ट्रैकिंग और कैमरा ट्रैप का उपयोग किया जा रहा है। इस ट्रैकिंग के माध्यम से न केवल वन्यजीवों की गतिविधियों पर नजर रखी जाती है, बल्कि आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई में भी की जाती है। वन एवं वन्य जीव विभाग के इन कदमों से न केवल जैव-विविधता संरक्षित हो रही है, बल्कि ग्रामीण समुदायों को सुरक्षा और आजीविका भी मिल रही है।

## बॉलीवुड में नकारात्मक माहौल की खुल रही पोल

**मुंबई।** बॉलीवुड में नेपोटिज्म पर लंबी बहस के बाद इनसाइडर, आउटसाइडर वाला मुद्दा अभी खत्म नहीं हो पाया और अब नेगेटिव माहौल को लेकर सवाल उठ रहे हैं। हाल ही में निर्देशक जोया अख्तर ने इंस्टाग्राम पेज पर पोस्ट साझा की, जिसमें एक टेडीबियर नजर आ रहा है। उसकी शर्ट पर लिखा है, इंडस्ट्री पीपल्स ऑर सैडी (इंडस्ट्री के लोग शेडी होते हैं)। इस पोस्ट के साथ जोया ने कैप्शन में लिखा, 'यह एक इशारा है।' जोया की पोस्ट के बाद सोशल मीडिया यूजर्स कहने लगे कि जोया बॉलिवुड के लोगों पर तंज कस रही हैं। इससे पहले मिथुन चक्रवर्ती के बेटे नमाशी ने कहा, बॉलिवुड के लोग बहुत फेक होते हैं। मेरे पिता इस नकलीपन से अलग अपवाद हैं। नमाशी ने यह भी कहा, आज इंडस्ट्री टैलेंट नहीं, बल्कि सरनेम और कनेक्शन देखती है। फिल्म बैड बॉय में काम कर चुके नमाशी इकलौते ऐसे अदाकार नहीं हैं जिन्होंने बॉलिवुड पर सवाल उठाए। बीते कुछ समय से बॉलिवुड को लेकर सिलेब्स लगातार बहस कर रहे हैं। कुछ दिनों पहले इरफान खान के बेटे बाबिल ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के बाद डिलीट कर दिया था। वीडियो में उन्होंने अनन्या पांडे और अर्जुन कपूर से लेकर राघव जुयाल तक का नाम लिया और कुछ सवाल उठाने का भी प्रयास किया, लेकिन बाद में बाबिल ने न सिर्फ वीडियो डिलीट कर दिया, बल्कि उनकी फैमिली और टीम ने सफाई देते हुए बयान भी जारी किया कि किसी और की तरह, बाबिल को भी कुछ मुश्किल दिनों से गुजरना पड़ता है और यह उनमें से एक था। वह ठीक हैं और जल्द ही बेहतर महसूस करेंगे। उनसे पहले फिल्मकार अनुराग कश्यप ने भी इंडस्ट्री पर निशाना साधते हुए कहा था कि मैंने मुंबई छोड़ दी है। मैं फिल्मी लोगों से दूर रहना चाहता हूं। इंडस्ट्री बहुत खराब हो गई हैं।



## हमीदिया में खुलेगी आयुष विंग, मिलेगी पंचकर्म की सुविधा

**भोपाल।** हमीदिया अस्पताल में जल्द ही मरीजों को एलोपैथी के साथ साथ आयुर्वेद पद्धति से भी इलाज मिलने लगेगा। एम्स की तर्ज पर राज्य सरकार हमीदिया अस्पताल में आयुष विंग खोलने जा रही है। इस विंग का संचालन आयुष विभाग द्वारा किया जाएगा। विभाग द्वारा हमीदिया अस्पताल से परिसर के अंदर करीब 3 हजार वर्गफीट की जगह मांगी गई है। इतना ही नहीं इस आयुष विंग के लिए 40 लाख रुपए का बजट भी जारी कर दिया गया है। अधिकारियों का मानना है कि अगले तीन से चार माह में हमीदिया अस्पताल परिसर में आयुष विंग बनकर तैयार हो जाएगी। इस विंग के बन जाने के बाद शहर में तीसरा सरकारी अस्पताल होगा, जहां आयुष विंग में मरीजों को इलाज उपलब्ध कराया जाएगा।



### पंचकर्म से मिलेगा मरीजों को लाभ

हमीदिया अस्पताल में खुलने जा रही आयुष विंग में आयुर्वेद दवाईयों से मरीजों का इलाज किया जाएगा। इसके अलावा इस विंग में पंचकर्म की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। आपको बता दें कि भोपाल शहर में पंडित खुशीलाल आयुर्वेद अस्पताल और एम्स की आयुष विंग में पंचकर्म की सुविधा उपलब्ध है। हमीदिया में यूनिट शुरू होने के बाद यह शहर का तीसरा सरकारी अस्पताल होगा, जहां पंचकर्म की सुविधा मिलेगी।

**तकनीक** | एप्पल ने करोड़ों आईफोन यूजर्स के लिए जारी की चेतावनी, बताया सुरक्षा का बड़ा खतरा

# आईफोन में सुरक्षा खामियां, आईओएस 18.6 रोलआउट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** एप्पल ने हाल ही में आईफोन के लिए आईओएस 18.5 अपडेट रिलीज किया है। इस नए अपडेट के साथ ही कंपनी ने करोड़ों आईफोन यूजर्स के लिए चेतावनी भी जारी की है, जिसमें यूजर्स को अपने डिवाइस को तुरंत आईओएस 18.5 में अपडेट करने की सलाह दी गई है। यह चेतावनी ऑपरेटिंग सिस्टम के पिछले वर्जन में मिली गंभीर सुरक्षा खामियों के बाद आई है।

कंपनी का कहना है कि उसने कई गंभीर खामियों को फिक्स करने के लिए आईओएस 18.5 अपडेट रोल आउट किया है, जो हैकर्स को डिवाइस पर कंट्रोल करने की परमिशन दे सकती थी। एप्पल ने इन कमियों के बारे में बात करते हुए बताया है कि आईओएस 18.5 के साथ सबसे गंभीर बग्स को फिक्स किया गया है। दरअसल, कंपनी ने आईफोन 16ई पर बेसबैंड एलिमेंट में एक खामी के बारे में बताया है। इस खामी का फायदा उठाकर हैकर्स नेटवर्क को अनस्टेबल कर सकते हैं।



### कॉल हिस्ट्री सिस्टम को किया फिक्स

वहीं एक और बड़ी खामी कॉल हिस्ट्री सिस्टम से जुड़ी थी, जहां अनइंस्टॉल किए गए ऐप्स से डिलीट किए गए कॉल लॉग अभी भी स्पॉटलाइट सर्च रिजल्ट में दिखाई दे रहे थे, जिससे प्राइवेसी का खतरा पैदा हो जाता है। एप्पल ने खुलासा किया कि उसने कोर ब्लूटूथ की एक खामी को भी भी ठीक कर लिया गया है, जो ऐप्स को सेंसिटिव यूजर डेटा तक एक्सेस दे सकती थी। साथ ही कंपनी ने कोर आडियो और ओर मीडिया बग को भी फिक्स किया है, जिससे तैयार की गई फाइल्स ऐप क्रैश का कारण बन सकते थे।

### फेस टाइम और आईक्लोड का ये बग भी फिक्स

टेक दिग्गज ने फेस टाइम को इफेक्ट करने वाली एक गंभीर समस्या को भी इस नए अपडेट के साथ फिक्स किया है। दरअसल, कॉल के दौरान माइक्रोफोन को म्यूट करने से हमेशा ऑडियो ट्रांसमिशन बंद नहीं होता था, इसके अलावा कंपनी ने आईक्लाउड डॉक्यूमेंट शेयरिंग सिस्टम की कुछ कमियों को भी सुधार लिया है, जो हैकर्स को यूजर्स की परमिशन के बिना फोल्डर शेयर करने की सुविधा दे रहा था। ऐसे में कंपनी ने आईफोन यूजर को अपने फोन को अपडेट करने की सलाह दी है।

# 10 करोड़ रुपए से बनेगा बाबूलाल गौर कॉलेज में ऑडिटोरियम

### पूर्व सीएम बाबूलाल गौर पर पीएचडी करेंगे विद्यार्थी

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** बाबूलाल गौर पीजी कालेज भेल में सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री स्व. बाबूलाल गौर की जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्य मंत्री कृष्णा गौर, ने स्व. बाबूलाल गौर की प्रतिमा पर श्रध्दा सुमन अर्पित किए। राजनीति के क्षेत्र में सादगी और शुचिता के प्रतीक विनम्र, सहज और सरल व्यक्तित्व के धनी, आदर्श के केन्द्र आदरणीय बाबूजी को नमन करती हूं। आज का दिन उनके आदर्शों पर चलने के लिये संकल्प का दिन है। मैं उनकी ऐसी बेटी हूं, जिसका मार्गदर्शन उन्होंने पल-पल पर किया। वे सच्चे जनसेवक और कर्मयोगी थे।



मंत्री गौर ने इस बात पर हर्ष व्यक्त किया कि इस कालेज में वर्तमान सत्र 2025-26 से बीए टूरिज्म एंड हॉस्पिटिलिटी ऑपरेशन्स प्रारंभ हो रहा है। इसमें प्रवेशित विद्यार्थी को तृतीय वर्ष में विद्यार्थी को आठ रूपये हर माह स्टायपेंड दिया जाएगा। मल्टीपर्पज हॉल की कम से कम 10 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित किये जाने की अनुशंसा की गई। बाबूलाल गौर शोध समन्वय प्रकोष्ठ एवं 21 लाख रूपये की राशि से नवनिर्मित कार पार्किंग शेड का लोकार्पण कर कालेज परिसर में वृक्षारोपण में किया गया। जनभागीदारी समिति अध्यक्ष बारेलाल अहिरवार ने कार्यक्रम का संचालन किया। प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने बताया कि बाबू के नाम से बाबूलाल गौर शोध समन्वय प्रकोष्ठ संचालित किया जा रहा है।

# अवैध रूप से पशुओं का परिवहन करने वाले 02 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

## आरोपियों के कब्जे से पिकप वाहन कीमती 05 लाख रुपये एवं वाहन में भरे हुये 06 नग पशु (भैंस, पडा) कीमती 01 लाख 10 हजार कुल कीमती 06 लाख 10 हजार रूपए का किया गया जप्त



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध रूप से पशुओं/गौवंश का परिवहन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था । पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन में थाना धरमपुर में 02 आरोपी के विरूद्ध अवैध रूप से पशु परिवहन करते पाये जाने पर वैधानिक कार्यवाही करते हुये अपराध पंजीबद्ध किया गया है ।

थाना प्रभारी धरमपुर को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक पिकप वाहन में कुछ मवेशी पशुओं को क्रूरता पूर्वक भर कर अवैध रूप से परिवाहन कर कालिंजर तरफ से नरैनी की ओर ले जाये जा रहे है। मुखबिर सूचना की तस्दीक हेतु वरिष्ट अध अवगत कराया जाकर शंकर जी मंदिर के पास आम रोड मौकछ पर आने जाने बाले वाहनों को रोक रोक कर चैक किया गया जो इसी दौरान एक पिकप वाहन जिसका रजिस्ट्रेसन नम्बर स्क्क 15 त्र 5475 को चैक किया गया जो वाहन में चालक के अलावा एक अन्य व्यक्ति बगल की सीट में बैठा मिला वाहन को चैक किया जो वाहन में 04 नग भैस एवं 02 नग पडा जिनके पैर रस्सी से बंधे कुरता पूर्वक ठुस ठुस कर भरे हुये पाये गये वाहन चालक एवं बगल में बैठे व्यक्ति का नाम पता पूछा गया जो चालक ने अपना नाम इद्दू खान पिता रफीक खान उम्र 29 साल निवासी बजरिया वार्ड नं. 03 दमोह खास थाना सिटी कोतवाली दमोह जिला दमोह म.प्र. व बगल में बैठे व्यक्ति से नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम नजर अहमद खान पिता समद अहमद खान उम्र 30 साल निवासी बजरिया वार्ड नं. 03 दमोह खास थाना सिटी कोतवाली दमोह जिला दमोह म.प्र. होना बताया। वाहन चालक व अन्य व्यक्ति का कृत्य अपराध धारा 11 (1) (घ) पशु कुरता अधिनियम एवं 66ए/192 मो.व्ही.एक्ट के तहत दण्डनीय अपराध पाये जाने से पिकप वाहन नम्बर स्क्क15त्र 5475 कीमती 5,00,000 रुपये एवं वाहन में भरे हुये 06 नग पशु (भैंस, पडा) कीमती 1,10,000 रुपये को जप्त किया गया।

**नाम पता आरोपी** – 1. इद्दू खान पिता रफीक खान उम्र 29 साल निवासी बजरिया वार्ड नं. 03 दमोह खास थाना सिटी कोतवाली दमोह जिला दमोह म.प्र । 2. नजर अहमद खान पिता समद अहमद खान उम्र 30 साल निवासी बजरिया वार्ड नं. 03 दमोह खास थाना सिटी कोतवाली दमोह जिला दमोह म.प्र.

**जप्त मशरूका** – पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से पिकप वाहन नम्बर स्क्क 15 त्र 5475 कीमती 5,00,000 रुपये एवं वाहन में भरे हुये 06 नग पशु (भैंस, पडा) कीमती 1,05,000 रुपये को जप्त किया गया । उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी धरमपुर उनि0 अनिल सिंह चौकी प्रभारी नरदहा एंव स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा है।

# जनसुनवाई में पहुंचे वाहन स्वामी, कलेक्टर से की लंबित भुगतान की मांग




## राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत एक वर्ष सेवा देने के बाद भी नहीं मिला पूरा किराया

**पवई।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत एक वर्ष तक वाहन सेवा देने के बाद भी भुगतान न मिलने से परेशान वाहन स्वामी चाँदभान सिंह यादव पिता सुदर्शन यादव निवासी ग्राम हड़ा ने मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचकर पन्ना कलेक्टर से गुहार लगाई। चंद्रभान यादव ने आवेदन सौंपते हुए बताया कि उनका वाहन क्रमांक स्क्क35ॢष्ट 1102 अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर लगातार सेवा में लगा रहा। वाहन के लिए प्रति माह ?16,000 का किराया निर्धारित था, साथ ही डीजल की लागत भी तय दरों पर दी जानी थी। कुल ?4,26,410 की देय राशि में से अब तक केवल ?2,59,000 का भुगतान हुआ है, जबकि ?1,67,410 अब तक लंबित है। जनसुनवाई में उन्होंने बताया कि कई बार विभागीय अधिकारियों को आवेदन देने के बावजूद भुगतान नहीं किया गया। सेवा देने के बाद अब उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## सेवा ली गई, भुगतान नहीं मिला : चंद्रभान यादव

चंद्रभान यादव ने कहा, एक वर्ष तक वाहन को लगातार स्वास्थ्य विभाग के कार्य में लगाया गया, लेकिन अब भुगतान की प्रक्रिया को टालमटोल किया जा रहा है। मैंने समय पर डीजल डलवाया, ड्राइवर की व्यवस्था की और विभाग का हर निर्देश पालन किया, फिर भी मुझे भुगतान नहीं मिल रहा।

## कलेक्टर ने दिया शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन

कलेक्टर से जनसुनवाई में शिकायत मिलने के बाद उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मामले की तुरंत जांच कर भुगतान प्रक्रिया को पूर्ण किया जाए।

## ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाएं हो सकती हैं प्रभावित

जानकारों का मानना है कि यदि इस प्रकार सेवाएं देने वालों को समय पर भुगतान नहीं मिलेगा तो आगे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं बाधित हो सकती हैं। यह मामला न केवल प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करता है, बल्कि सरकार की योजनाओं की जमीनी हकीकत को भी सामने लाता है।

# अनियंत्रित होकर कार पेड़ से टकराई, आधा दर्जन घायल, बाइक सवार लोग भी दुर्घटनाग्रस्त



**पन्ना।** पन्ना छतरपुर रोड पर मनोर ढाबा के पास बागेश्वर धाम से लौट रहे श्रद्धालुओं की कार मोटरसाइकिल सवारों को बचाने के चक्कर में पेड़ से टकरा गई जिससे कार बुरी तरह दुर्घटनाग्रस्त हो गई। तथा मोटरसाइकिल में सवार दो लोग भी घायल हुए हैं कार चालक धीरज तिवारी ने बताया है वह प्रयागराज से आए हुए थे तथा बागेश्वर धाम में दर्शन करके वापस लौट रहे थे इस दौरान भैरव टेक घाटी मनोर ढाबा के पास बस को क्रॉसिंग देने तथा मोटरसाइकिल चालक को बचाने के चक्कर में हमारी कार पेड़ से टकरा गई जिसमें कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई है तथा कारमें सवार लोगों को भी चोट आई हैं घटना की जानकारी लगते ही कोतवाली पुलिस घटनास्थल पहुंची तथा कार एवं मोटरसाइकिल में सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजा है जिनका इलाज चल रहा है।

# बृजेंद्र प्रताप सिंह की प्रयासों से पन्ना को मिली कई सौगातें, विकास कार्य में आएगी तेजी

## पन्ना विधानसभा की ओर से विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री मोहन यादव का जताया आभार

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादन ने छत्रसाल जयंती पर गत 29 मई को पन्ना प्रवास के दौरान शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर पन्ना विधानसभा के लिए महत्वपूर्ण जनहितैषी घोषणाएं कीं। पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह के प्रयासो की बदौलत विभिन्न विकास कार्यों की सौगात मिलने पर क्षेत्रवासियों की ओर बृजेंद्र प्रताप सिंह मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष का आभार जताया है। स्थानीय विधायक द्वारा भी मुख्यमंत्री का आभार माना गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पन्ना आगमन पर मेडिकल कॉलेज के शीघ्र भूमिपूजन तथा श्री जुगल किशोर लोक निर्माण का भूमिपूजन कर सर्वसुविधायुक्त लोक बनने से नगर में समृद्धि आने की बात कही। पन्ना की 200 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक रथ यात्रा को भी धर्मस्व विभाग में शामिल कराने तथा छत्रसाल जयंती को भव्यता प्रदान करने एवं बुंदेलखण्ड केसरी महाराजा छत्रसाल की जीवनी को स्कूल एवं कॉलेज के पाठ्यक्रम में शामिल करने की घोषणा भी उन्होंने की।

## हम सभी का सबसे बड़ा फर्ज जल को बचाना : बहनजी

पन्ना । जल जन अभियान के अंतर्गत ब्रह्माकुमारी विद्यालय के द्वारा धर्म सागर तालाब की सफाई की गई बहन जी ने सभी को संदेश देते हुए कहा कि जल ही सब कुछ है, जल ही तो हमारा भविष्य,जल प्रकृति द्वारा मनुष्य को दी गई महत्वपूर्ण संपत्तियों में से एक है बिना जल के जीवन की कल्पना संभव नहीं है जल की कमी धीरे-धीरे बढ़कर एक गंभीर समस्या का रूप लेती जा रही है, जनसंख्या विस्फोट,बढ़ता प्रदूषण,अंधाधुंध औद्योगिकरण निरंतर गिरता भू- जल का स्तर, वृक्षों का कटाव तथा पानी की बर्बादी आज सबसे बड़ी समस्या है भारत में हजारों कुये, जल- कूप तालाब आदि सूख चुके हैं कहीं लोग पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं प्रदूषित पानी के उपयोग से लोगों का स्वास्थ्य बिगड़ता जा रहा है वर्तमान समय में भारत तथा विश्व भर में गहराई जल संकट के प्रति जन जागरूकता लाने की अत्यधिक आवश्यकता है हम सभी का कर्तव्य है कि तालाबों का ध्यान रखें एवं गंदगी ना फैलाएं इस जल अभियान मे पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह, नगर पालिका सीएमओ, पत्रिका संपादक विक्रांत दुबे, बृजेश कुमार त्रिपाठी,एवं ब्रह्मा कुमारीज से जुड़े हुए सभी भाई बहन उपस्थित रहे।

# ग्राम विक्रमपुर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित तीन दर्जन से अधिक लोगों का किया गया परीक्षण



**पन्ना।** गुनौर जनपद पंचायत अंतर्गत पीएससीद्वारी के ग्राम विक्रमपुर में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कैंप लगाया गया तथा विभिन्न प्रकार की गंभीर बीमारियों से बचने के संबंध में लोगों को जागरूक किया गया उक्त कैम्प राज्य केंद्र समिति भोपाल के दिशा निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एस के त्रिपाठी तथा डॉक्टर जितेंद्र यादव के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया था इस दौरान हेपेटाइटिस बी एचआईवी स्क्रीनिंग तथा अन्य बीमारियों के संबंध में लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा शिविर में पहुंचे लोगों को आवश्यक दवाएं एवं परामर्श दिए गए उक्त कैंप में डॉ अरुण जैन राज एड्स नियंत्रण समिति भोपाल से राजीव पांडे दिशा कार्यक्रम के क्लस्टर राजीव असाटी अनिल महदेले दर्शन। महिला समिति से अमर यादव देवेंद्र पटेरिया प्रभात मिश्रा अखिलेश श्रीवास अशोक कुशवाहा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# प्रतिबंध के बावजूद बिना अनुमति धड़ल्ले से हो रहे अवैध बोर उत्खनन

**पन्ना।** गर्मियों के दिनों में पेयजल संकट के दृष्टिगत पन्ना कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी के द्वारा बोर उत्खनन प्रतिबंधित किया गया है। आवश्यक होने पर सक्षम प्रशासनिक अधिकारी की अनुमति के बाद ही बोर उत्खनन करवाया जा सकता है लेकिन पन्ना जिले के देवेंद्र नगर तहसील अंतर्गत ग्राम गढीपडरिया में प्रतिबंध के बावजूद बिना किसी अधिकारी के अनुमति के धडल्ले से अवैध बोर उत्खनन किया जा रहा है जिसकी सूचना तहसीलदार और एसडीएम को देने के बाद भी मौके पर कोई भी जिम्मेदार अधिकारी नहीं पहुंचा और ना ही कोई कार्यवाही हुई। इस प्रकार प्रशासनिक लचरता के कारण देवेंद्र नगर तहसील क्षेत्र में अवैध गतिविधियां धडल्ले से चल रही हैं क्षेत्रवासियों के द्वारा इस प्रकार की अवैध गतिविधियों का जिम्मेदार। किसे माना जाए यह कलेक्टर ही बता सकते हैं।

# अजयगढ़ घाटी की दीवार पर चढ़ा ट्रक, पेड़ों के कारण बची बड़ी दुर्घटना



**पन्ना।** रेत से भरा ट्रक पन्ना की ओर आ रहा था लेकिन वक्त ट्रक घाटी की मोड में अनियंत्रित हो गया तथा घाटी जंगल बगल बनी रेलिंग दीवार पर चढ़ गया तथा घाटी में लगे सागौन के पेड़ों से टकरा गया जिससे उक्त ट्रक नीचे गिरने से बच गया जबकि नीचे लगभग 100 फीट गहराई थी पेड़ों के कारण बड़ी दुर्घटना टल गई तथा चालक एवं परिचालक सुरक्षित बच गए।

# यूथ नेशनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता गोवा में होगी आयोजित, पन्ना के खिलाड़ी लेंगे भाग

**पन्ना।** यूथ नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप 7 जून से 9 जून तक स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफद इंडिया पैडम स्पोर्ट्स कंपलेक्स मापुसा गोवा आयोजित की जाएगी जिसमें पन्ना जिले के पांच बालक एक बालिका का मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे विजेंद्र प्रताप सिंह पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक जिला एथलेटिक्स संघ पन्ना के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार केसरवानी एसडीओपी एसपी सिंह बघेल अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी जिला एथलेटिक्स संगठन के सभी पदाधिकारी ने और खेल और युवा कल्याण विभाग के सभी कर्मचारियों फुटबॉल संघ के सचिव श्री अमर बहादुर सिंह जिले के व्यवसायि अकरम खान ने खिलाड़ियों को बधाई दी और जीतने के लिए हौसला बढ़ाया खिलाड़ियों को जीत कर आने के लिए प्रेरित किया उक्त प्रतियोगिता में शामिल होने वाले खिलाड़ियों में .आदित्य प्रताप सिंह जादौन 100 मीटर 200 मी .अभय कुमार तिवारी 400 मी डेकाथलॉन भूपेंद्र कुशवाहा 400 मीटर 800 मी .हर्ष रैकवार 200 मी .उपेंद्र जायसवाल गोला फेक 6. शर्मा गोला फेक आदि।

# भारतीय भाषा समर कैंप के समापन समारोह में छात्रों ने प्रस्तुत की बांग्ला संस्कृति की संपूर्ण झलक




**जागरण विन्ध्यनगर।** भारतीय भाषाओ के प्रति रुझान बढ़ाने एवं अपने देश की विविध संस्कृति का ज्ञान कराने के उद्देश्य से डीपीएस विंध्यनगर में सात दिवसीय भाषा समर कैंप का आयोजन 26 मई 3 जून तक किया गया। बांग्ला भाषा का चयन कर विद्यालय द्वारा कक्षा 3 से 8 तक के लगभग 70 छात्रों को बांग्ला भाषा के व्याकरण सहित बांग्ला संस्कृति साहित्य, कला,खानपान रवींद्र व लोकसंगीत आदि सिखाया गया। आज समापन समारोह मे कार्यक्रम का संचालन बांग्ला भाषा में ही करते हुए छात्रों ने बांग्ला संस्कृति की सुंदर प्रस्तुति व गीत संगीत लोक नृत्य आदि से सभी का दिल जीता।। समारोह की मुख्य अतिथि श्रीमती सारिका चतुर्वेदी विशिष्ट अतिथि शिल्पा कोहली एवं श्रीमती दीपा बनेर्जी ने अपने अपने सम्बोधन में छात्रों द्वारा मात्र सात दिनों में एक नई भाषा बंगाली सीख कर मंच पर प्रस्तुत करने की प्रशंसा करते हुए विद्यालय के प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम की रूपरेखा भाषा विशेषज्ञ सुमोना पाल एवं उर्मिता मुखोपाध्याय तथा शिक्षिकाओ सरबानी बनर्जी व कंचन गुप्ता ने प्राचार्य डॉ जनार्दन पांडेय के मार्गदर्शन में तैयार की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने सभी छात्रो की नई भाषा सीखने के प्रयास की तारीफ़ करते हुए सभी अभिभावको भाषा विशेषज्ञों स्कूल स्टाफ को धन्यवाद दिया।

# संगठन कार्यालय हेतु भवन आवंटित करने की मांग



**रीवा।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के पदाधिकारियों ने संभागायुक्त से संगठन कार्यालय हेतु भवन आवंटित करने की मांग की है। संभागायुक्त को भेजे गये मांगपत्र में कहा गया है कि हमारा संगठन विगत कई वर्षों से रीवा में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है तथा ग्राहक हित से जुड़ी अनेक गतिविधियाँ संचालित कर चुका है। रीवा संभागीय मुख्यालय है जिससे समय-समय पर कई प्रवासी कार्यकर्ताओं का आना, रुकना एवं बैठक, कार्यक्रम होते रहते हैं। किंतु वर्तमान में संगठन के रीवा इकाई के पास कोई स्थायी कार्यालय नहीं है, जिससे संगठन की कार्यप्रणाली प्रभावित हो रही है। अतः संगठन की ग्राहक सेवा की भावना तथा सामाजिक उत्तरदायित्व को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा उपलब्ध किसी उपयुक्त भवन/कक्ष को संगठन कार्यालय हेतु आवंटित किया जाय।

# आयांशी विश्वकर्मा ने सैनिक स्कूल एंट्रेंस एग्जाम में मप्र से किया टॉप, कलेक्टर ने किया सम्मानित



## ऐआईएसएसईई की परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 471 हासिल लाकर किया सिंगरौली का नाम रोशन

**जागरण बैढ़न।** आयांशी विश्वकर्मा पिता जितेंद्र कुमार विश्वकर्मा ने ऑल इंडिया सैनिक स्कूल एंट्रेंस एग्जाम में मध्यप्रदेश से टॉप कर सिंगरौली जिला का नाम पूरे देश में रोशन किया है । आयांशी विश्वकर्मा दिल्ली पब्लिक स्कूल विंध्यनगर की छात्रा ने ऐआईएसएसईई की परीक्षा में 300 में से 282 अंक लाकर ऑल इंडिया रैंक 471 हासिल किया है। आयांशी कि इस उपलब्धि पर पर आज कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला ने छात्रा को शॉल एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। कलेक्टर ने आयांशी की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि तुम्हारी इस उपलब्धि पर हम सब गौरवान्वित हैं। कलेक्टर ने कहा कि ऐसे ही मन लगाकर पढ़ाई करो और अपने लिए निर्धारित किए गए लक्ष्य को प्राप्त कर पूरे देश में अपने प्रदेश जिले माता.पिता का नाम रोशन करो।

# स्टेट बैंक के एटीएम में चार दिन से नहीं है राशि, ग्राहक परेशान




**पन्ना।** पन्ना नगर में लगभग एक दर्जन स्टेट बैंक के एटीएम संचालित हो रहे हैं लेकिन विगत चार दिवस से युक्त एटीएम मशीनों में राशि नहीं है जिससे ग्राहक भारी परेशान है स्टेट बैंक के जिम्मेदार अधिकारियों को युक्त समस्या पर तत्कालध्यान देना चाहिए।

# श्री सत्य साईं सेवा संगठन ने लगाया स्वास्थ्य जागरुकता शिविर



**रीवा।** श्री सत्य साईं सेवा संगठन एवं समिति कोठी द्वारा स्वास्थ्य जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें महिला पुरुष बुजुर्ग और बच्चों ने स्वास्थ्य जागरुकता के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर रीवा जिले के वरिष्ठ चिकित्सक उपस्थित रहे। जिनमें प्रमुख रूप से डॉ. विवेक सिंह, डॉ. अजीत सिंह, डॉ. स्वतंत्र सिंह एवं डॉ. आर.के. साकेत शामिल रहे। इनके अलावा एडवोकेट विकास मिश्रा, मुकेश पाठक, श्री सत्य साईं सेवा संगठन के जिलाध्यक्ष प्रदीप निगम, राजेंद्र प्रसाद मिश्र, शिव शंकर पटेल, बाबूलाल पटेल, साकेत श्रीवास्तव, सीमा निगम, संध्या चौदहा, रजनी दहिया, आस्था मिश्रा एवं काजल दाहिया सहित काफी संख्या में स्वास्थ्य की जांच कराने हेतु एवं जागरुकता हेतु ग्राम वासियों ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का विषय प्रवेश और अतिथियों के प्रति स्वागत भाषण जिलाध्यक्ष प्रदीप निगम ने दिया। साथ ही उन्होंने इंदौर में श्री सत्य साईं विद्या विहार में आयोजित होने वाले वृहद निशुल्क हृदय रोग निदान शिविर, जो कि 15 जून को श्री सत्य साईं विद्या विहार, विजय नगर इंदौर में सुबह 8:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक आयोजित है, उसके प्रति भी उपस्थित जनों को जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन साकेत श्रीवास्तव व आभार प्रदर्शन समिति संयोजक शिव शंकर पटेल ने किया।

# 3 ऑंगनवाड़ियों से 100 से अधिक किशोरियों और महिलाओं ने लिया हिस्सा

## सासन पावर लिमिटेड द्वारा मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस

जागरण, बैढ़न

सासन पावर लिमिटेड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सचिन मोहापात्रा एवं स्टेशन डायरेक्टर सुब्रता घोष के दिशा-निर्देशन में सीएसआर विभाग ने सामाजिक उत्तरदायित्व एवं नैगमिक कार्यक्रम के अन्तर्गत महिला स्वास्थ्य और मासिक धर्म स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए सामुदायिक भवन सिद्धीखुर्द में आज अन्तर्राष्ट्रीय महावारी स्वच्छता दिवस का भव्य आयोजन किया गया । जिसमें 3 ऑंगनवाड़ियों से 100 से अधिक किशोरियों और महिलाओं ने हिस्सा लिया। जहाँ मासिक धर्म स्वच्छता और इससे जुड़े मिथकों पर जागरूकता सत्र से लाभान्वित हुई। मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास बिन्दू देवी, एवं पूर्णिमा देवी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि बिन्दू देवी ने सासन पावर लिमिटेड के इस प्रयास की सराहना की और कार्यक्रम में सम्मिलित किशोरियों एवं महिलाओं को मासिक धर्म की स्वच्छता के विषय में विस्तृत जानकारी दी। महिला एवं बाल विकास सुपरवाइजर पूर्णिमा ने महिलाओ को पोषण संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी और साथ ही साथ सासन पावर द्वारा माहवारी स्वच्छता के क्षेत्र में परियोजना द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों की भूरि-भूरि प्रशंसा की । साथ ही साथ भविष्य में सासन पावर के ऐसे कार्यक्रमों में विभाग के सहयोग का भरोसा दिलाया। आयोजन में रिलायंस सासन पावर सीएसआर टीम के प्रमुख फुज़ैल अहमद ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ऑंगनवाड़ी कार्यकर्ता मंजू यादव, अनीता वैश्य, सोनी शाह, विमला पनिका, स्वसहायता समूह से उर्मिला एवं सीएसआरटीम के आशीष कुमार गुप्ता, नृपेन्द्र पाण्डेय, मिथिलेश शाह, श्याम सुन्दर बसोर ग्राम पंचायत के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। रिलायंस सासन पावर की सीएसआर प्रमुख फुज़ैल अहमद ने आश्वस्त किया कि रिलायंस सासन पावर समुदाय के जरूरतमंद लोगों के कल्याण विशेष कर महिला स्वास्थ्य और उत्थान के लिए लगातार प्रयासरत है और आगे भी इसी तरह की सामाजिक पहल जारी रखी जायेगी।




## खाद्यान्न प्राप्त करने वाले पात्र हितग्राही 15 जून तक हर हाल में कराये अपना ई.केवाईसी

**जागरण, बैढ़न।** जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत हितग्राहियों को उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से एनएफएसए का खाद्यान्न निःशुल्क वितरण किया जा रहा है प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में प्राथमिकता परिवारों को 5 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति सदस्य व अंत्योदय परिवारों को 35 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति परिवार के मान से निःशुल्क वितरण किया जा रहा है साथ ही समस्त हितग्राहियों को नमक का वितरण 1 रुपए प्रति किलो की दर से एवं अंत्योदय परिवारों को शक्कर का वितरण भी 20 रुपए प्रति किलो की दर से किया जा रहा है सिंगरौली जिले में 250849 परिवार एवं 1077678 सदस्यों को वर्तमान में निःशुल्क खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है वर्तमान में 1077678 सदस्यों में से 891552 सदस्यों ने ई.केवाईसी कराई जा चुकी है शासन आदेश अनुसार पुनः संशोधित अवधि 15 जून तक जिले के सभी पात्र हितग्राहियों की ई.केवाईसी का कार्य कराए जाने हेतु जिला आपूर्ति अधिकारी जिला सिंगरौली द्वारा उचित मूल्य दुकानों के विक्रेताओं को ई केवाईसी के कार्य में प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया जा रहा है कि जिन दुकानों से संबंधित पात्र हितग्राहियों ने अभी तक ई.केवाईसी नहीं कराई उन हितग्राहियों को पूर्व सूचना मुनादी कराई जाकर ई.केवाईसी कराने हेतु निर्देशित किया जा रहा है भारत सरकार द्वारा अति शीघ्र स्मार्ट पीडीएस लागू करने से जिन हितग्राहियों की ई केवाईसी नहीं होगी उन्हें खाद्यान्न प्राप्त करने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ सकता है उन्होंने ऐसे हितग्राही जिनके परिवार के सभी सदस्यों की ई.केवाईसी अभी तक नहीं हुई वे उचित मूल्य दुकानों के विक्रेताओं से संपर्क कर 15 जून के पूर्व ई.केवाईसी अनिवार्य रूप से कराने की अपील की है अन्यथा हितग्राहियों को आगामी माह से खाद्यान्न प्राप्त करने में असुविधा हो सकती है।

## नगर निगम आयुक्त ने किया सेमरा बाबा के समीप बहने वाले सूर्या नाले का निरीक्षण

### मानसून को दृष्टिगत रखते हुयें नाले की बेहतर साफ सफाई कराने के दिए निर्देश



**जागरण, बैढ़न।** मानसून सीजन के दौरान शहरी क्षेत्र के ऐसे नाले तालाब जहा पर जल भराव की संभावना बनी रहती है ऐसे स्थलो को चिन्हित कर नगर निगम आयुक्त के द्वारा स्वयं निरीक्षण कर आवश्यक प्रबंध कराये जा रहे है। इसी क्रम में आज नगर निगम आयुक्त डी.के शर्मा के द्वारा सेमराबाबा के समीप बहने वाले सूर्या नाले का निरीक्षण कर नाले की बेहतर साफ सफाई कराने के निर्देश दिए गए। नगर निगम आयुक्त के द्वारा प्रायः सुबह के समय नगरीय क्षेत्र के विभिन्न वार्डो का भ्रमण कर निर्माण कार्य साफ सफाई व्यवस्था आदि का अवलोकन किया जाता है। निगमायुक्त के द्वारा आज अपने प्रातः भ्रमण के दौरान सूर्या नाले का निरीक्षण किया गया एवं साथ में उपस्थित सफाई अमले को निर्देश दिया गया कि नाले की बेहतर साफ सफाई कराये ताकि बर्षात के समय नाले में जल भराव की समस्या उत्पन्न न होने पायें। साथ एनटीपीसी के द्वारा निर्माणाधीन पुल का भी अवलोकन किया गया। एवं निर्देश दिए कि संबंधित संविदाकर के द्वारा पुल के आसपास जो राखड़ जमा कर रखा गया है उसको तत्काल हटाने के कार्यवाही की जाये। निगमायुक्त ने नाले में उगी जलकुभी की अपने देखरेख में सफाई कराई। साथ सफाई अमले को निर्देश दिए गए कि मानसून का समय एक दम नजदीक है शहरीय क्षेत्र के सभी नाले नालियों की अभियान चलाकर साफ सफाई कराने के साथ ही उनमें किटनाशक दवाओ का छिड़काव कराये ताकि वर्षा के समय कही भी जल भराव की समस्या न होने पाये। निरीक्षण के दौरान नगर निगम के डिप्टी कमिश्नर आरपी बैस सहायक यंत्री एस.एन द्विवेदी स्वच्छता निरीक्षक पवन बारोडे सहित सफाई अमला उपस्थित रहा।

## डीपीएस विन्ध्यनगर के सात छात्रों ने उत्तीर्ण की जेईई एडवांस परीक्षा 25




**जागरण, विन्ध्यनगर।** जेईई एडवांस परीक्षा के हाल में घोषित परिणामों ने डीपीएस विंध्यनगर को पुनः गौरव अनुभव करने का अवसर प्रदान किया है। विद्यालय में अध्ययनरत कुल सात छात्रों ने जेईई एडवांस सरीखी राष्ट्रीय महत्व की सबसे बड़ी परीक्षा में अपना चयन सुनिश्चित करते हुए विद्यालय की गौरवमयी परंपरा को आगे बढ़ाया। इन विद्यार्थियों में अंकित,विवेक जी, आरव सिंह बघेल, जय प्रकाश बैस, गिरिराज अरुणेश दुबे, प्रयांक जेठा एवं आरुष भाटिया ने भी इस परीक्षा में सफलता अर्जित कर विद्यालय का मान बढ़ाया। इन सभी छात्रों की अभूतपूर्व सफलता पर विद्यालय की प्रबन्ध समिति एवं प्राचार्य डॉ. जनार्दन पाण्डेय ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल.कामना की तथा इस सफलता हेतु सभी को बधाई प्रेषित करते हुए इसे विद्यालय की गौरवशाली शैक्षणिक यात्रा की महत्वपूर्ण उपलब्धि कह कर संबोधित किया।

## अपर कलेक्टर की जन सुनवाई में 134 लोगों ने दिया अपना आवेदन

**जागरण बैढ़न।** जिले के विभिन्न अंचलो से आयें हुयें 134 लोगो ने कलेक्ट्रेट में आयोजित जन सुनवाई में अपर कलेक्टर पी.के सेन गुप्ता को अपना आवेदन देते हुयें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। कलेक्टर ने सभी आवेदन पत्रो पर गंभीरता से विचार करते हुये जन सुनवाई में उपस्थित विभागीय अधिकारियों से कई आवेदन पत्रो का जन सुनवाई में ही निराकरण कराया गया। साथ ही ऐसे आवेदन जिनका निराकरण जन सुनवाई के दौरान नही हुआ उनके आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सबंधित आवेदनो पर तत्परता दिखाते हुयें समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित कराये। जन सुनवाई के दौरान संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय एसडीएम सृजन बर्मा डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिले के विभिन्न ग्रामों में पहुंची विकसित कृषि संकल्प यात्रा

### जनपद बैढ़न के ग्राम पंचायत जीर एवं धरी तथा चितरंगी के परसोहर एवं खिरवा में शिविर का किया गया आयोजन

**जागरण, बैढ़न।** विकसित कृषि संकल्प अभियान 25 अंतर्गत आज जनपद पंचायत बैढ़न के ग्राम पंचायत धरी तथा जीर एवं जनपद पंचायत चितरंगी के ग्राम पंचायत परसोहर एवं खिरवा में शिविर का आयोजन किया गया तथा किसानों को मृदा परीक्षण रासायनिक खाद के उपयोग के बारे में रासायनिक खाद के उपयोग के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के मार्गदर्शन में जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कार्य किया जा रहा है। शिविर के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र सिंगरौली तथा अन्य कृषि विभागों के अधिकारियो कर्मचारियों द्वारा किसानो को उन्नत तकनीक प्राकृतिक खेती तथा राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित कृषको के हितग्राही योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की जा रही है। इस अभियान के दौरान वरिष्ट कृषि वैज्ञानिको द्वारा किसानो को मृदा परीक्षण के लाभ कीटनाशक एवं खरपतवार का कम उपयोग किस तरह करना चाहिए इस संबंध में जानकारी दी जा रही है। किसानों को इकोनॉमिक थ्रेसहोल्ड लेवल के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि कीटो की संख्या को देखते हुए कीटनाशक का समुचित मात्रा में उपयोग करते हुए कीटों का प्रबंधन करना चाहिए। किसानों को कम लागत में अच्छी खेती करने के लिए विभिन्न उपाय एवं सुझाव दिए गए। साथ ही किसानो को राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना केसीसी सहित उन्नत कृषि उपकरणो में दिए जाने वाले अनुदान आदि के संबंध में विस्तार से अवगत कराने के साथ ही कृषि उपकरणो के उपयोग के संबंध में अवगत कराया गया।

## 21 वाहनों पर रेडियम रिफलेक्टर लगाये गये

**जागरण, विन्ध्यनगर।** मनीष खत्री पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं पीएस परस्ते सीएसपी विन्ध्यनगर के मार्गदर्शन पर विन्ध्यनगर पुलिस ने सराह्नीय पहल किया गया। विन्ध्यनगर पुलिस ने यातायात सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए दुर्घटनाओं से बचाव हेतु वाहनों पर लगाये रेडियम रिफ्लेक्टर लगाये गये आज थाना प्रभारी विन्ध्यनगर निरीक्षकर अर्चना द्विवेदी द्वारा थाना अपने थाना स्टाफकी मदद से पुलिस वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में यातायात सुरक्षा एवं वाहन दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु अभियान चलाकर थाना क्षेत्र में चलने वाले 21 वाहनों पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगाये गये हैंए जिससे रोड के किनारे खड़े वाहनों से टकराकर दुर्घटना होने से बचा जा सका है । आगे भी यातायात सुरक्षा एवं सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु ऐसे ही कार्य किया जायेगें।





## इंग्लैंड लायंस के खिलाफ 6 जून से दूसरा टेस्ट खेलेगी इंडिया-ए

# दूसरे अनौपचारिक टेस्ट में नहीं खेलेंगे गिल व सुदर्शन, राहुल इंडिया-ए से जुड़े



**कैंटरबरी, जेएनएन।** भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल इंग्लैंड लॉयंस और इंडिया-ए के बीच नॉर्थैम्पटन में 6 जून से शुरू होने वाले दूसरे अनौपचारिक टेस्ट में नहीं खेलेंगे। इंग्लैंड में 20 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए टीम की घोषणा करते समय बीसीसीआई ने कहा था कि गिल अपने गुजरात टाइटंस के ओपनिंग पार्टनर बीसाई सुदर्शन के साथ इस मैच से पहले इंडिया-ए टीम से जुड़ेंगे। ईएसपीएन क्रिकइंफो के अनुसार गिल और साई सुदर्शन मुख्य टीम के साथ ही इंग्लैंड की यात्रा करेंगे, जो 6 जून को वहां पहुंचेगी। हालांकि केएल राहुल के इस मैच में खेलने की उम्मीद है क्योंकि वह मंगलवार को इंडिया-ए से जुड़ गए हैं। इंग्लैंड लॉयंस के पास पहले मैच में सिर्फ छह टेस्ट कैप्स थे, इस मैच में क्रिस वोक्स की मौजूदगी से वे मजबूत हो सकते हैं।

### आकाशदीप को मिल सकता है मौका

आकाशदीप भी इंडिया-ए के लिए चयन के लिए उपलब्ध होंगे। यह तेज गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद पीठ की चोट से जूझ रहा था, लेकिन अप्रैल की शुरुआत में फिट घोषित किया गया और इसके बाद वह आईपीएल 2025 में खेले। आकाशदीप पहले मैच के दौरान भी कैंटरबरी में मौजूद थे, लेकिन उन्होंने मुख्य रूप से अभ्यास किया और चारों दिनों में ब्रेक के दौरान थोड़ी-थोड़ी गेंदबाजी की। लॉयंस के खिलाफ दूसरा मैच 9 जून को समाप्त होगा। इसके



बाद भारत एक इंट्रा-स्क्वॉड मैच इंडिया-ए के खिलाफ बेकेनहैम में खेलेगी, जो संभवतः बंद दरवाजों के पीछे आयोजित होगा। इसके बाद टेस्ट टीम लीड्स की यात्रा करेगी।

## इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अभ्यास मैच में भारतीय बल्लेबाजों ने किया प्रभावित

इंग्लैंड लॉयंस और इंडिया-ए के बीच पहला अनौपचारिक मैच ड्रॉ रहा, लेकिन भारतीय बल्लेबाजों ने अच्छा प्रभाव छोड़ा। यह पिच सपाट और धीमी थी, जिससे गेंदबाजों के लिए मुश्किल रही। भारतीय टेस्ट टीम के सदस्यों में से करुण नायर पहली पारी में नंबर 3 पर बल्लेबाजी करने आए थे और उन्होंने दोहरा शतक जड़ा। ध्रुव जुरेल ने भी दो अर्धशतक लगाए। यशस्वी जायसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन और नीतीश कुमार रेड्डी ने दूसरी पारी में तेज अर्धशतक लगाए। रेड्डी और शार्दुल ठाकुर ने लॉयंस के खिलाफ क्रमशः 14.5 और 28 ओवर डाले और वे दूसरे मैच में इन आंकड़ों में इजाफा करना चाहेंगे। सोमवार को लंच ब्रेक के करीब इंग्लैंड लायंस की टीम जब 587 पर ऑलआउट हुई तब तक पहली पारी में उन्हें 30 रनों की बढ़त हासिल हो चुकी थी। इंडिया-ए ने पहली पारी में 557 रन बनाए थे। टी के एक घंटे बाद जब दोनों टीमों ने मैच को ड्रॉ पर समाप्त करने का फैसला किया, तब तक दूसरी पारी में इंडिया-ए के चार बल्लेबाजों ने अर्धशतक जड़ दिया था। दूसरी पारी में यशस्वी जायसवाल (64) और अभिमन्यू ईश्वरन (68) दोनों ने ही आक्रामक शुरुआत की और जल्द ही उन्होंने अपना अर्धशतक पूरा किया। हालांकि जायसवाल निराश जरूर होंगे, क्योंकि वह दोनों ही पारियों में खराब शॉट खेलकर आउट हुए। ईश्वरन काफी समय से भारत के लिए डेब्यू करने की राह देख रहे हैं, पहली पारी में बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद वह आधे घंटे के भीतर पवेलियन लौट गए थे। सिर्फ आठ के निजी स्कोर पर वह पगबाधा हो गए थे, लेकिन सोमवार को उन्होंने आक्रामक शुरुआत की और ऐसा प्रतीत हुआ जैसे ईश्वरन के बल्ले से बड़ी पारी आएगी। हालांकि जब वह 68 के स्कोर पर थे, तब उन्होंने लायंस के लेग स्पिनर रेहान अहमद की



लेग स्टंप के बाहर पिच की हुई गेंद को रिवर्स स्वीप करने गए लेकिन वह गच्चा खा गए और गेंद लेग स्टंप को जा लगी। ध्रुव जुरेल पहला विकेट गिरने के बाद बल्लेबाजी के लिए आए थे और ईश्वरन के पवेलियन लौटने के बाद उन्होंने मैच ड्रॉ होने से पहले नीतीश कुमार रेड्डी के साथ बल्लेबाजी का आनंद लिया। दोनों ही बल्लेबाज 20 जून से शुरू हो रहे पहले टेस्ट मैच के लिए भारतीय प्लेइंग इलेवन में जगह बनाने के दावेदार हैं। जुरेल पहली पारी में शतक से सिर्फ छह रन से चूक गए थे और इस बार फिर उन्होंने स्ट्रोक लगाए। दूसरी तरफ रेड्डी 6 जून से नॉर्थैम्पटन में शुरू होने वाले दूसरे मैच में गेंदबाजी का और अभ्यास करने की सोचेंगे। साइड स्ट्रेन से जूझने के बाद रेड्डी को बीसीसीआई के मेडिकल स्टाफ ने गेंदबाजी करने के लिए मार्च में अनुमति दे दी थी, हालांकि उन्होंने पिछले कुछ सप्ताह से ही गेंदबाजी करना शुरू किया है।

## खेल एक नजर

### विंबलडन में नहीं खेल पाएंगे चोटिल निक किर्गियोस

**लंदन, जेएनएन।** विंबलडन में 2022 के उपविजेता निक किर्गियोस चोटिल होने के कारण इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट और इस सत्र में ग्रास कोर्ट पर होने वाली अन्य प्रतियोगिताओं में नहीं खेल पाएंगे। यह 30 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी कलाई और घुटने के ऑपरेशन सहित कई



अन्य चोटों से जूझ रहा है। उन्होंने 2025 में केवल पांच एकल मैच खेले हैं, जिसमें उनका रिकॉर्ड 1-4 रहा है। उन्होंने मियामी ओपन के रूप में अपना अंतिम टूर्नामेंट खेला था, जहां उन्होंने लगभग ढाई साल में पहली बार कोई मैच जीता था। किर्गियोस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, मेरी रिकवरी में छोटी सी बाधा आई है और दुर्भाग्य से मैं इस साल ग्रास कोर्ट पर होने वाली प्रतियोगिताओं में नहीं खेल पाऊंगा। विंबलडन 30 जून से शुरू होगा।

### थाईलैंड के खिलाफ पिछली जीत से प्रेरणा लेकर उतरेगा भारत

**पथुम थानी (थाईलैंड), जेएनएन।** भारत बुधवार को अंतरराष्ट्रीय मैत्री फुटबॉल मैच में अपने एशियाई प्रतिद्वंद्वी थाईलैंड का सामना करेगा, तो उसकी नजरें पिछली दो जीत और करिश्माई सुनील छेत्री की अच्छी फॉर्म से प्रेरणा लेने पर टिकी होंगी। भारत और थाईलैंड अक्सर एक दूसरे का सामना करते रहे हैं। एशियाई खेलों से लेकर एशियाई कप तक, किंग्स कप से लेकर नेहरू कप तक, पुरुष फुटबॉल में भारत बनाम थाईलैंड मुकाबलों का इतिहास काफी पुराना है। जकार्ता में 1962 के एशियाई खेलों में पहली बार इन दोनों टीम के बीच मुकाबला हुआ था। भारत ने उसमें 4-1 से जीत हासिल की थी। तब से लेकर अब तक दोनों टीमें 26 बार एक-दूसरे से भिड़ चुकी हैं। भारत ने सात, जबकि थाईलैंड ने 12 मैच जीते हैं। बाकी सात मैच ड्रॉ रहे हैं। इन दोनों टीम के बीच 2019 में जो पिछले दो मैच खेले गए थे, उन दोनों में भारत ने जीत हासिल की थी। भारत बुधवार को होने वाले मैच में इन जीत से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगा। भारत ने थाईलैंड के खिलाफ अबू धाबी में 2019 एएफसी एशियाई कप में 4-1 की शानदार जीत हासिल की थी। इसके बाद उसने थाईलैंड को उसकी धरती पर किंग्स कप में 1-0 से हराकर कांस्य पदक जीता था। भारत अभी फीफा रैंकिंग में 127वें, जबकि थाईलैंड 99वें स्थान पर है।

### मैत्री मैच में भारत की महिला टीम उज्बेकिस्तान से फिर हारी



**बेंगलुरु, जेएनएन।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम को मंगलवार को उज्बेकिस्तान से दूसरे फीफा महिला अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। यह भारतीय टीम की दो मैत्री में लगातार दूसरी हार थी। पहले मैत्री में भी भारत को 0-1 से हार मिली थी। उज्बेकिस्तान के लिए निलुफर कुद्रतोवा ने विजयी गोल दागा।

## फ्रेंच ओपन : गत चैंपियन स्वियातेक की भिड़ंत सेमीफाइनल में आर्यना सबालेंका से

### स्वियातेक की लगातार 26वीं जीत, सबालेंका ने किंवेन को हराया

**जेएनएन, पेरिस**

चार बार की चैंपियन इगा स्वियातेक ने रोलां गैरो पर लगातार 26वीं जीत दर्ज करके फ्रेंच ओपन महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया, जहां उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका से होगा। स्वियातेक ने स्वितोलिना को 6-1, 7-5 से हराया। रोलां गैरो पर लगातार सबसे ज्यादा 29 जीत का रिकॉर्ड क्रिस एवर्ट के नाम है। सबालेंका ने ओलंपिक चैंपियन झेंग किंवेन को सीधे सेटों में 7-6, 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। तीन बार की चैंपियन सबालेंका ने अभी तक यहां एक सेट भी नहीं गंवाया है।

**जोकोविच की 100वीं जीत :** सर्बियाई स्टार नोवाक जोकोविच ने चौथे दौर में कैम नूरी को 6-2, 6-3, 6-2 से हराकर फ्रेंच ओपन में करियर की 100वीं जीत दर्ज की। जोकोविच अपने 24 ग्रैंडस्लैम खिताब में से तीन रोलां गैरां में



जीत चुके हैं और उन्होंने क्वार्टरफाइनल तक पहुंचने के दौरान एक भी सेट नहीं गंवाया। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए उनका सामना तीसरे वरीय एलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा।



### अगले साल पाक दौरे पर जाएगी ऑस्ट्रेलियाई टीम

**कराची, जेएनएन।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम अगले साल के शुरू में सफेद गेंद की सीरीज के लिए पाकिस्तान का दौरा करेगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ने इसकी पुष्टि की। ऑनलाइन मीडिया बातचीत के दौरान ग्रीनबर्ग ने कहा कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और अधिक दौरों के लिए पाकिस्तान जाने का इच्छुक है तथा दोनों देशों के बोर्ड के बीच चर्चा चल रही है। उन्होंने कहा, जब भी 'विंडो' उपलब्ध हो, हम पाकिस्तान के साथ लाल गेंद और सफेद गेंद की सीरीज का कार्यक्रम बनाने की कोशिश कर रहे हैं। ग्रीनबर्ग ने कहा कि 2022 में और फिर चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान का दौरा करने के अनुभव के आधार पर वे चाहते हैं कि ज्यादा दौरे आयोजित किए जाएं। आस्ट्रेलिया ने 2022 में करीब 23 साल बाद पाकिस्तान का दौरा किया था, जिसमें एक टेस्ट और सफेद गेंद की श्रृंखला शामिल थी। उन्होंने कहा कि हम लंबे समय के बाद 2022 में पाकिस्तान गए थे और यह हमारी टीम की मेहमानवाजी और सुरक्षा के हिसाब से अच्छा अनुभव था।

## पीवी सिंधू दूसरे दौर में, प्रणय व लक्ष्य इंडोनेशिया ओपन से बाहर

**जकार्ता, जेएनएन।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने मंगलवार को संघर्षपूर्ण जीत दर्ज करके इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई, लेकिन लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। सिंधू ने महिला एकल में अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी जापान की नोजोमी ओकुहारा को एक घंटे 19 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 22-20, 21-23, 21-15 से हराया। सेन ने एक घंटे और पांच मिनट तक चले पुरुष एकल मुकाबले में दुनिया के नंबर दो खिलाड़ी चीन के शि यू क्यू से 11-21, 22-20, 15-21 से हारने से पहले कड़ी चुनौती पेश की। भारत के इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने पीठ की चोट से उबरकर वापसी की। चोट के कारण वह पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन में मैच के बीच से हट गए थे, लेकिन यहां उन्होंने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया। पहला गेम आसानी से गंवाने और दूसरे गेम में 11-17 से पीछे होने के बाद सेन ने जोरदार वापसी की। उन्होंने एक मैच प्वाइंट बचाया और 22-20 से गेम जीतकर मुकाबला निर्णायक



गेम तक खींच दिया। लेकिन इसके बाद वह अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए। पुरुष एकल में एचएस प्रणय भी इस 1,450,000 डॉलर इनामी टूर्नामेंट से बाहर हो गए। उन्हें इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से 17-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधू का मुकाबला थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचिवोंग से होगा।

## 'नीरज चोपड़ा' क्लासिक अब पांच जुलाई को बेंगलुरु में

**दुनिया के सात सर्वश्रेष्ठ, चोपड़ा सहित पांच भारतीय खिलाड़ी लेंगे हिस्सा**

**बेंगलुरु, जेएनएन।** भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के कारण पिछले महीने स्थगित की गई नीरज चोपड़ा क्लासिक अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता अब पांच जुलाई को आयोजित की जाएगी। भारत में पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। पहले यह प्रतियोगिता 24 मई को आयोजित की जानी थी। इस प्रतियोगिता का आयोजन ओलंपिक में दो पदक जीतने वाले चोपड़ा द्वारा जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के सहयोग से किया जा रहा है और इसे भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) से मंजूरी मिली हुई है। बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में आयोजित की जाने वाली इस प्रतियोगिता में 12 खिलाड़ी भाग लेंगे। इनमें दुनिया के सात सर्वश्रेष्ठ भाला फेंक खिलाड़ी और चोपड़ा सहित पांच भारतीय खिलाड़ी शामिल हैं। चोपड़ा के अलावा इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अन्य भारतीय खिलाड़ी एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक



विजेता सचिन यादव, किशोर जेना, रोहित यादव और साहिल सिलवाल हैं। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विदेशी खिलाड़ियों में दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 93.07 मीटर), जर्मनी के 2016 ओलंपिक स्वर्ण विजेता थॉमस रोहलर (93.90 मीटर), कीनिया के 2015 के विश्व चैंपियन जूलियस येगो (92.72 मीटर), अमेरिका के कर्टिस थॉम्पसन ( 87.76 मीटर), जापान के एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता जेनकी डीन ( 84.28 मीटर), श्रीलंका के रुमेश पथिरेज ( 85.45 मीटर) और ब्राजील के लुईज मौरिसियो दा सिल्वा (86.34 मीटर) शामिल हैं।

## विलियमसन ने फिर ठुकराया केंद्रीय अनुबंध जिम्बॉब्वे के खिलाफ टेस्ट खेलना संदिग्ध

**वेलिंगटन, जेएनएन।** पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने न्यूजीलैंड क्रिकेट के साथ केंद्रीय अनुबंध को फिर से अस्वीकार कर दिया है और उनका अगले महीने जिंबॉब्वे के खिलाफ दो टेस्ट मैच की सीरीज में खेलना संदिग्ध है। विलियमसन ने पिछले साल भी केंद्रीय अनुबंध को स्वीकार नहीं किया था, ताकि वह टी-20 और दुनिया भर की अन्य लीगों में खेलने के लिए स्वतंत्र हो सकें। इसके बजाय उन्होंने पिछले साल एक अनौपचारिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए और 2024 में



न्यूजीलैंड ने जो 13 टेस्ट मैच खेले उनमें से नौ मैच में हिस्सा लिया और 1,000 से अधिक रन बनाए। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने मंगलवार को जिन 20 अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची जारी की उसमें विलियमसन का नाम शामिल नहीं है। संभावना है कि विलियमसन फिर से अनौपचारिक अनुबंध पर हस्ताक्षर करेंगे।

- विलियमसन के अलावा डेवॉन कॉनवे, फिन एलन, टिम सीफर्ट और लॉकी फर्ग्युसन भी इस सूची में शामिल नहीं है। यह सभी खिलाड़ी विदेशों में टी-20 लीग में खेल रहे हैं।
- ऑलराउंडर मुहम्मद अब्बास और जैक फाउल्केस, विकेटकीपर मिच हे और स्पिनर आदि अशोक को पहली बार अनुबंध दिया गया है। विलियमसन अभी इंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप और टी-20 ब्लास्ट में मिडिलसेक्स के लिए और द हंड्रेड में लंदन स्पिरिट के लिए खेल रहे हैं।

### ट्रैफिक जाम में फंसे क्रिकेटर, बाइक से मैदान पहुंचे

**इंग्लैंड और वेस्टइंडीज वनडे क्रिकेट मैच में विलंब**

**लंदन, जेएनएन।** लंदन में ट्रैफिक जाम के कारण इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच वनडे क्रिकेट मैच की शुरुआत में विलंब हो गया, चूंकि दोनों टीमों की बसें जाम में फंस गई थी। इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने बस से उतरकर बाइक से स्टेडियम पहुंचने का फैसला किया। इंग्लैंड के खिलाड़ी मैच से पहले वार्मअप के लिये समय पर पहुंच गए, लेकिन वेस्टइंडीज के खिलाड़ी बस में ही रहे और टॉस के निर्धारित समय से दस मिनट बाद पहुंचे। वेस्टइंडीज के कप्तान शाइ होप ने हंसते हुए कहा कि हमें पैदल चलकर आना चाहिए था। ब्रिटेन की पीए समाचार एजेंसी के अनुसार वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों का होटल ओवल से पांच किलोमीटर दूर था।

## सिटी स्पोर्ट्स

## तैराकी : भोपाल की वाणी ने बनाया नया मीट रिकॉर्ड, अन्वेंश को दो स्वर्ण

**भोपाल, खेप्र।** शहर की वाणी जैन ने मंगलवार को 53वीं राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में नए मीट रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। खंडवा में आयोजित प्रतियोगिता के तीसरे दिन भोपाल के तैराकों ने पांच स्वर्ण सहित सात रजत और आठ कांस्य पदक जीते। इस तरह भोपाल के अब तक 13 स्वर्ण, 18 रजत और 14 कांस्य पदक हो गए हैं। मंगलवार को 30 इवेंट हुए। भोपाल तैराकी संघ के सचिव रामकुमार खिलरानी ने बताया कि वाणी ने 50 मीटर बैक स्ट्रोक में ग्रुप-2 में, अंवेश सिंह ने 800 मीटर फ्रीस्टाइल और 200 मीटर बटरफ्लाई, अनन्या एस गणेश ने ग्रुप-1 में 100 मी. फ्री



स्टाइल और आर्यन एस गणेश ने 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक पुरुष वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। अनन्या ने 50 मीटर बेक स्ट्रोक, दुर्विषा पवार ने 800 मी. फ्री स्टाइल, हिमांशी लीलानी ने 200 मी. बटरफ्लाई और विशाल मकोरिया ने 50 बैक स्ट्रोक में रजत पदक जीता। व्यक्तिगत स्पर्धा में आर्यन, अनन्या, अनवी खंडूरी, मोली आहुजा और अर्थ जैन ने अपने-अपने ग्रुप में कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। तीसरे दिन 4 रिले इवेंट हुए, जिसमे भोपाल को तीन रजत और एक कांस्य पदक प्राप्त हुए।

### क्रिकेट : क्रिककिंगडम और उड़ान के बीच ड्रॉ

**भोपाल, खेप्र।** क्रिककिंगडम और उड़ान क्रिकेट अकादमी के बीच पहले जीएस पठानिया मेमोरियल अंडर-15 बॉयज क्रिकेट टूर्नामेंट में मुकाबला बारिश के कारण ड्रॉ रहा। दोनों टीमों को एक-एक अंक से संतोष करना पड़ा। भेल स्थित जवाहर लाल नेहरू स्कूल में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी क्रिककिंगडम क्रिकेट अकादमी 24.4 ओवर में 104 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। आदित्य ने 44 और अहान ने 24 रन बनाए। उड़ान के लिए प्रखर ने 3 रन देकर 5 विकेट झटके। अरहम, शिखर, प्रिंस और हर्ष को 1-1 सफलता मिली। जवाब में रेलवे गर्वित की टीम ने 15.4 ओवर में 1 विकेट पर 73 रन बना लिए थे, तभी बारिश शुरू हो गई और मैच रोकना पड़ा। इसके बाद मैच ड्रा घोषित किया गया।

## मप्र पुलिस व गुना की टीमें जीती




**भोपाल, खेप्र।** मप्र पुलिस और गुना की टीम ने चौथी सुपर 12 बास्केटबॉल प्रतियोगिता में अपने-अपने मुकाबल में जीत दर्ज कर अगले राउंड में प्रवेश किया। पिपलानी स्थित आगा क्लब, बास्केटबॉल कोर्ट में खेली जा रही प्रतियोगिता में मप्र पुलिस ने भोपाल कॉर्पोरेशन को 59-33 से शिकस्त दी। विजेता टीम से अविराज ने 29 व पुरुषोत्तम ने 10 अंक का योगदान दिया। भोपाल कॉर्पोरेशन के लिए रामशंकर ने 10 अंक बनाए। हाफ टाइम तक मप्र पुलिस 23-22 से आगे थी। वहीं गुना ने माउंट कार्मल को 40-18 अंकों से हराया। गुना की ओर से शशांक ने 12 और चंदू ने 10 अंक का योगदान दिया।

## जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक मैहर में 5 को

**सतना।** अग्रणी बैंक जिला प्रबंधक गौतम शर्मा ने बताया कि मैहर जिले में कलेक्टर रानी बाटड की अध्यक्षता में बैंकों की जिला स्तरीय परामर्श दात्री एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की त्रैमासिक बैठक 3 जून को सायं 4 बजे मैहर के कलेक्ट्रेट सभागार में और 5 जून को 4.30 बजे सतना के कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। जिले के सभी बैंक समन्वयक एवं संबंधित विभागों से बैठक में उपस्थित रहने को कहा गया है।

## स्थानांतरण पर प्रतिबंध से छूट की अवधि को 10 तक बढ़ाया

**सतना।** राज्य एवं जिला स्तर पर अधिकारियों/कर्मचारियों की स्थानांतरण नीति द्वारा 1 मई से 30 मई 2025 तक की अवधि के लिये स्थानांतरण पर प्रतिबंध शिथिल किया गया था। राज्य शासन ने स्थानांतरण पर प्रतिबंध से शिथिलता अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया है। स्थानांतरण पर प्रतिबंध से शिथिलता अवधि को बढ़ाकर 10 जून 2025 किया गया है।

# अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुल्डोजर

### एसडीएम की अगुवाई में नगर निगम के अमले ने की कार्यवाही

**जागरण, सतना।** मंगलवार को प्रशासन द्वारा अतिक्रमण के विरूद्ध की गई सख्त कार्यवाही के बाद सनाका खिच गया। कार्यवाही की अगुवाई एसडीएम रघुराजनगर सिटी राहुल सिलाडियॉ कर रहे थे। उनकी मौजूदगी में नगर निगम के अमले ने जेसीबी लगाकर अवैध निर्माण को ध्वस्त किया है।

**सैनिक कल्याण कार्यालय और आईटीआई कॉलेज के पास हुई कार्यवाही :** एसडीएम राहुल सिलड़िया के नेतृत्व में नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता जिला सैनिक कल्याण बोर्ड कार्यालय और आईटीआई कॉलेज भवन के सामने पहुंचा। टीम ने बुलडोजर की मदद से अवैध रूप से लगाई गई दुकानें और गुमटियां हटाईं। प्रशासन की टीम को देखते ही कई फुटपाथ व्यापारियों ने खुद ही अपना सामान हटा लिया। व्यापारियों द्वारा लगाए गए पेड़.पौधों को भी हटाया गया। बिरला रोड पर कई लोग अवैध रूप से दुकानें लगाकर व्यापार करते थे। इससे आवागमन में परेशानी होती थी और हादसों का खतरा भी बना रहता था। विशेष रूप से आईटीआई कॉलेज के सामने सुबह से ही फल विक्रेता अपनी दुकानें लगा लेते थे। इससे कॉलेज के छात्र.छात्राओं और स्टाफको आने.जाने में दिक्कत होती थी।

# ट्रेनों में महिलाओं के गहने चुराने वाले दो अंतर्राज्यीय चोर गिरफ्तार



### चोरी कर कार से भाग निकलते थे, जीआरपी व आरपीएफ ने दबोचा

**जागरण, सतना।** ट्रेनो में सफर करने वाली महिलाओ के गहने चुराने वाले दो अंतर्राज्यीय सातिर चोरो को जीआरपी व आरपीएफ ने संयुक्त कार्यवाही कर दबोच लिया है। उनके कब्जे से रेल्वे पुलिस ने 8 लाख 59 हजार रूपये कीमत के सोने चांदी के जेवरात जप्त किये है।

**उमरिया का रहने वाला है मुख्य आरोपी :** बताया जाता है कि चोरी की घटनाओ को अंजाम देने वाला मुख्य आरोपी उमरिया का निवासी है। मुख्य आरोपी दीपक तिवारी पिता जयदीप तिवारी उम्र 24 साल के विरूद्ध रेल यात्रियों के सामान चोरी के कई मामले दर्ज हैं। वह पिछले एक साल से फरार था। उसकी तलाश यूपी महाराष्ट्र, हैदराबाद,विजयवाड़ा और विशाखा पत्तनम की पुलिस भी कर रही थी।

**गहने चुरा कर होंडा सिटी कार से भागते थे आरोपी :** ट्रेन के साथ चलती थी गाड़ी पुलिस के मुताबिक आरोपी जिस ट्रेन में चोरी करते, उसी के साथ एक होंडा सिटी कार चलती थी। वारदात के बाद आरोपी स्टेशन पर उतरकर उसी कार में सवार होकर फरार हो जाते थे। पुलिस को सूचना मिली कि दीपक तिवारी अपने साथी राजू कुशवाहा 26 निवासी मिर्जापुर प्रयागराज के साथ मिडकॉली घाटी मारकुंडी रोड मझगवां क्षेत्र में कार सहित मौजूद है। तत्काल जीआरपी और आरपीएफकी टीम ने घेराबंदी कर दोनों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों से पूछताछ में पुलिस को करीब 8.59 लाख रुपए के जेवर मिले। दोनों को सतना न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# सांसद गणेश सिंह ने बांटे 61 टैंकर



**जागरण, सतना।** पेयजल समस्या को देखते हुए सतना सांसद गणेश सिंह ने मंगलवार को सतना के आईटीआई मैदान से ग्राम पंचायतों को पानी टैंकर का वितरण किया है। सांसद ने कुल 61 पानी टैंकर पंचायत के सरपंचों को दिया है कि वो अपने ग्राम पंचायत में रहने वाले ग्रामीणों को गर्मी के दिनों में पानी की समस्या से न हलाकान हों और पंचायत द्वारा उनको टैंकरों से पानी का वितरण कर सके। टैंकर वितरण कार्यक्रम में सांसद ने कहा कि अभी तो इस गर्मी वो इंतजाम नहीं हो सके हैं पर आने वाले दिनों में खास कर अगली गर्मी में सतना लोकसभा क्षेत्र के हर घर में नल से जल आएगा ये मेरा वादा है। सांसद ने कहा कि किसी भी गांव में पानी की समस्या आने वाले दिनों में नहीं होगी। नल से जल घरों में आएगा तो टैंकरों से पानी की सप्लाई करने की आवश्यक्ता नहीं होपी पर टैंकर भी आवश्यक वस्तु है जो गांव में होना चाहिए। रामपुर बाघेलान.11 नागौद.15 रैगांव 13 सतना 1 चित्रकूट 13 मैहर 3 अमरपाटन 5 टैंकर दिये गये है।

# जिला चिकित्सालय में क्लबफुट से पीड़ित बच्चों का किया गया इलाज

**सतना।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सतना डॉ. एलके तिवारी ने बताया कि जिला चिकित्सालय में क्लब फुट से पीड़ित 16 बच्चों का पंजीयन किया गया। जिसमें अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. शरद दुबे द्वारा क्लब फुट के 3 बच्चों का पोनसेटी विधि से ईलाज किया गया तथा 6 बच्चों को सूज प्रदान किये गये तथा 7 बच्चों का प्लास्टर किया गया। बताया गया कि क्लब फुट एक जन्मजात विकृति बच्चें के जन्म के समय बच्चें में मौजूद एक संचारात्मक परिवर्तन है जो हृदय, मस्तिष्क, पैर जैसे शरीर के किसी भी हिस्से को प्रभावित कर सकते है। यह एक जन्मजात दोष है। जिसमे बच्चें के एक या दोनो पैर अंदर की ओर मुड़े हुये होते हैं।

## कलेक्टर ने सुनी 149 आवेदकों की समस्यायें

**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आये 149 आवेदकों से उनकी समस्यायें सुनी और अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिये। इस मौके पर अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे, एसडीएम एलआर जांगडे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने, अनुकंपा नियुक्ति, खाद्यान पात्रता पर्ची, दाखिल-खारिज कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना, अवैध कब्जा हटाने, विद्युत समस्या, जमीन का कब्जा दिलाने, सीमांकन कराने, चिकित्सा सहायता, रोजगार दिलाने, भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।


चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433
9981287311



विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
समय- प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्श:- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेष:- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ़्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
सौन्दर्य क्लीनिक शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)


# काम की गुणवत्ता में चूक बर्दाश्त नहीं : गणेश सिंह

### सांसद ने रेल्वे स्टेशन का निरीक्षण कर दिये निर्देश



**सतना।** केंद्र सरकार द्वारा सतना में विश्व स्तरीय रेलवे स्टेशन का निर्माण कराया जा रहा है जिसका आगाज भी सतना में हो चुका है। मंगलवार को सतना सांसद गणेश सिंह अपनी टीम के साथ स्टेशन का निरीक्षण करने पहुंचे और निर्माण कार्यो का जायजा भी लिया। निर्माण को अभी पूरी गति तो नहीं मिली है लेकिन काम शुरु कर दिया गया है। अधिकारियों के साथ सांसद ने पूरे स्टेशन का भ्रमण किया और वहां चालू जन सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। रेलवे के बड़े अधिकारियों के साथ सांसद ने एक छोटी मीटिंग भी की है जिसमें निर्देश दिए हैं कि निर्माण कार्यो की गुणवत्ता का पूरा ख्याल रहे। गुणवत्ताहीन कार्य बर्दाश्त नहीं होगा क्योंकि इसकी मॉनीटरिंग आप लोगों को ही करनी है। सांसद ने कहा कि ऐसा भी नहीं होना चाहिए कि काम चल रहा है तो चलता ही रहे जिसकी जो डेडलाइन तय की गई है उसी तारीख में काम पूरा होना चाहिए।

### सांसद ने देखा पूरा नक्शा

सतना सांसद मंगलवार की शाम रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने पहुंचे थे जहां अधिकारियों ने उनको काम के बारे में जानकारी दी जब सांसद को कुछ बाते समझ नहीं आई तो उन्होने मौके पर ही कहा कि निर्माण कार्य का डीपीआर और पूरा नक्सा लाइए जिसके बाद आनन.फानन अधिकारियों ने डीपीआर और नक्सा सामने रखा तो उसी में सांसद काम की गति और गुणवत्ता को नजरअंदार नहीं करने की हिदायत दी और कहा कि ये रेलवे का काम है जिसका पैसा केंद्र सरकार को देना है किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। ठेकेदार को कहा काम तेज होना चाहिए रेलवे के अधिकारी व अभियंताओं द्वारा जब सांसद गणेश सिंह को डीपीआर दिखाया गया और बताया कि कहां कौन सा पिलर होगा निर्माण के बाद कहां से प्रवेश द्वारा होगा और किस.किस तरह की सुविधाओं को यात्रियों को मुहैया होंगी उसके बाद सांद ने ठेकेदार को तलब किया और उससे भी कई जानकारी ली। सांसद के साथ निरीक्षण में महेंद्र पांडे ,सूर्यपाल सिंह, उत्तम बालमीकि, ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू , यशवंत पांडे, वीरेंद्र मिश्रा, उमेश प्रताप सिंह, आशा शुक्ला,सुखवंती कोरी,रेनू डोहर एकेके त्रिपाठी, लक्ष्मी तिवारी, विक्रम सिंहए पवन पांडे, अजय सिंहएमगनलाल वालमीकि,राजा भैया पांडे,गुड्डू परौहा,राजभान सिंह, राजेंद्र कुशवाहा, संजय अग्रवाल व साधना पटेल मौजूद रही हैं।


मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
IUI, IVF, ICSI
फ्रोजन एंब्रिया ट्रांसफर साइकिल (FET)
एग फ्रीजिंग
एंब्रियो फ्रीजिंग
स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा








SRKGI SATNA
SHRI RAMA KRISHNA GROUP OF INSTITUTIONS
ADMISSION OPEN (2025-26)
Build the Brains of Tomorrow: It's time to AI & ML
B.TECH CSE-AI&ML, CSE, ME, EE, CE, MINING
LAW BA-LLB (5 YEAR INTG), LLB, LLM
PHARMACY M.PHARM, B.PHARM, D PHARM
BCA, BBA Mktg/HR Fin
B.COM. Comp Eco
M.TECH CSE, MD & ROBOTICS. STRUCTURE ENGG, MINING
B.Sc. CS/PCM/CBZ/Biotech/ BIO+Comp
BA
POLYTECHNIC CSE, CE, EE, ME, MMS
EDUCATION B.ED, B.SC.BED, BA.BED D.EL.ED, DPSE
MANAGEMENT MBA, INTEGRATED BBA/MBA (5 YEAR)
M.Sc., M.COM., MA, PGDCA, MSW
LATERAL ENTRY B.TECH, B.PHARM POLYTECHNIC
Honours in All UG programs Available
PLACEMENT STATICS: 6.5 LPA (Highest CTC)
150+ Placement in One Academic Year
Diverse Cultural Enviroment
Well Developed Sports Facility
World Class Faculty with Research Expertise
Well Developed Research and Practice Lab
For Admission Enquiry
+91 - 95222 70330 (Technical Course) | +91 - 88188 84757 (Bharahut Nagar)
SRKGI KARHI CAMPUS Near A-4 Cinema, Karhi, Satna (MP)
SRKGI CITY CAMPUS Bharhut Nagar, Satna (MP)
www.srkgi.co.in


# नगर पालिका मैहर में एनडीआरएफटीम ने एनजीओ और स्टाफ को दिया आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

**जागरण, सतना।** आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन योजना के तहत 11 वी वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल वाराणसी के दिशा-निर्देशन में 2 जून 2025 को 11 वाहिनी एनडीआरएफवाराणसी की प्रशिक्षित एवं अनुभवी टीम द्वारा नगर पालिका भवन मैहर में क्षमता निर्माण कार्यक्रम के तहत एनजीओ एवं नगरपालिका स्टॉफको आपदा न्यूनीकरण एवं प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया। टीम ने भूकम्प से बचाव, सडक सुरक्षा, बांढ़ में बचाव के तरीके, बाढ़ की स्थिति में क्या करें और क्या न करें, सीपीआर देने की विधि, गले में फंसी बाहरी वस्तु के निकालने के तरीके, शारीरिक चोटों में रक्तस्त्राव को रोकने के तरिके एवं सांप के काटने का अस्पताल पूर्व उपचार, तात्कालिक स्ट्रेचर बनाना, लिफ्टिंग और मूविंग के तरीके, जल संरक्षण तकनीकें, अग्निशामक यंत्र का उपयोग, गरजना/बिजली चमकना, दामिनी ऐप, मौसम ऐप, भूकंप ऐप के इंस्टॉलेशन और उपयोग आदि विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दे कर जागरूकता प्रदान किया। इस कार्यक्रम में सम्मिलित सभी लोगों ने एनडीआरएफके प्रशिक्षण कार्यक्रम को बहुत प्रशंसनीय और शिक्षाप्रद बताया। इस कार्यक्रम में सभी लोगों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और इससे लाभान्वित हुए और आपदा में राहत-बचाव की तकनीकों की बारीकियों को जाना।


कामता मल्टी स्पेशलिटी क्लीनिक एन्ड डायग्नोस्टिक, रीवा में
पंजी.नं. CL/6814/FEB/2018
ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग परामर्श OPD
08 जून, रविवार
(प्रत्येक माह के पहले व तीसरे रविवार को सुबह 10 बजे 2 बजे तक)
डॉ. सचिन सिंह
ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग सुपर स्पेशलिस्ट
MS.,MCh (न्यूरो) PGI नई दिल्ली, राष्ट्रपति पदक से सम्मानित
निर्देशक लाइफ लाइन हॉस्पिटल प्रयागराज
लकवा, मिर्गी, फॉलिस, बेहोशी व चक्कर आना, सिर दर्द (माइग्रेन), अंगो में कंपन, झुनझुनी-सुन्नता, मांसपेशियों में कमजोरी, मस्तिष्क ज्वर, ब्रेन हेमरेज, नसों व स्नायु रोग अन्य दिमागी रोगों की जांच, सायटिका, सवाईकल स्पोंडीलाइटिस, रीढ़ की हड्डी की चोट/दर्द, गर्दन, कमर, पीठ का दर्द एवं कमजोरी आदि रोगों का इलाज व परामर्श
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
कृपया रजिस्ट्रेशन पूर्व में करायें, 80 मरीज तक इसके बाद अगली बार का समय दिया जायेगा।
मो.: 9399312433, 9981287311



DTE - काउंसिलिंग कोड 608
श्री रामकृष्ण कॉलेज ऑफ फार्मेसी
पीसीआई/9649 द्वारा अनुमोदित, आरजीपीवी भोपाल द्वारा संबद्ध
डी. फार्मा
रजिस्ट्रेशन के लिए तुरंत संपर्क करें-
सिटी ऑफिस:- गायत्री स्कूल के सामने, अरूण नगर मार्ग, नेहरू नगर, रीवा (म.प्र.)
महाविद्यालय कैम्पस: ग्राम देवरा, गुरुकुल स्कूल के पास, चोरहटा, रीवा (म.प्र.)
मो.: 9584324641, 6262084843, 9691012773








जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com